आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 10:10 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 23 जून 2025
वर्ष 5, अंक 122, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप को नोबेल पर घिरी पाकिस्तान सरकार 14

मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान 12

## दिल्ली मौसम कार्यालय का एक्स अकाउंट हैक

- अनुचित पोस्ट किए जाने की शुरू की गई जांच

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र (आरडब्ल्यूएफसी) द्वारा कुछ अनुचित पोस्ट दोबारा पोस्ट किए जाने के एक दिन बाद विभाग ने रविवार को कहा कि उसका 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया है और मामले की जांच की जा रही है।

एक न्यूज एजेंसी ने शनिवार शाम को आईएमडी का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया था। इसके बाद, आईएमडी ने 'रीपोस्ट' किए गए पोस्ट को हटा दिया और जांच शुरू कर दी। आईएमडी ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि आरडब्ल्यूएफसी नई दिल्ली का 'एक्स' खाता शनिवार को हैक हो गया था और कुछ अनुचित पोस्ट की गई थीं। बयान में कहा गया है कि उन पोस्ट को हटाने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की गई। मामले की आगे जांच की जा रही है।

# झमाझम बारिश के साथ राज्य में मानसून ने दी दस्तक

## देहरादून और नैनीताल समेत चार जिलों में 26 जून तक बारिश का ऑरेन्ज और यलो अलर्ट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में रविवार तड़के से झमाझम बारिश के साथ मानसून ने दस्तक दे दी। मौसम विभाग ने 26 जून तक चार जिलों देहरादून, चम्पावत, नैनीताल और टिहरी में ऑरेन्ज तो अन्य जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, देहरादून और नैनीताल जिलों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चम्पावत जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। राज्य के सभी जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने/वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर/झोंकेदार हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटा) चलने का अनुमान है। रविवार को देहरादून और नैनीताल जिले में ऑरेन्ज अलर्ट रहा। इन दोनों जिलों में 24 जून तक अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा गया है। साथ ही, 25 जून को उत्तरकाशी, 26 को देहरादून, उत्तरकाशी, नैनीताल व चंपावत में भारी से भारी बारिश का अलर्ट है। बाकी जिलों में यलो अलर्ट रहेगा।



नैनीताल की नैनी झील में घने कोहरे के बीच नौका विहार करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### बारिश में स्कूटी फिसली, महिला परीक्षार्थी की मौत

**बागेश्वर।** चचेरे भाई के साथ वन दरोगा की परीक्षा देकर लौट रही युवती की स्कूटी स्लिप होने से मौत हो गई। भाई और उसकी सहेली भी घायल हो गए। गरूड़ क्षेत्र का जिनखोला निवासी संजय बोरा रविवार को वन दरोगा की परीक्षा देकर स्कूटी से लौट रहा था। उसके साथ उसकी बहन लता बोरा (20) और बिनखोली निवासी लता की सहेली काजल भी थी। बहोली के पास बरसात के चलते स्कूटी अनियंत्रित होकर रपटने से तीनों घायल हो गए। तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां लता बोरा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### नैनीताल में चार घंटे बारिश, छाया रहा घना कोहरा

सरोवर नगरी में रविवार को करीब चार घंटे तक लगातार बारिश से जनजीवन ठहर सा गया। यहां ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन इस समय चरम पर है। दोपहर करीब एक बजे बारिश थमने के बाद घना कोहरा छा गया। सैलानियों ने पर्यटक स्थलों की सैर की और नैनी झील में कोहरे के बीच ही नौका विहार किया।

# अमेरिका ने बोला ईरान पर हमला तीन परमाणु केंद्रों को किया तबाह

## व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका, ईरान ने भी दी जवाबी कार्रवाई की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों को मजबूती प्रदान करते हुए अमेरिका ने रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए।

ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी के बीच लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान को कमजोर करने के लिहाज से यह एक जोखिम भरा कदम माना जा रहा है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिकी हमलों पर कहा कि अब कूटनीति का दौर बीत गया और उनके देश को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने तुर्किये में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अमेरिका में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन इस आक्रामक कृत्य के खतरनाक और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। अरागची ने यह भी कहा कि अमेरिका ने परमाणु केंद्रों पर हमला कर सारी हदें पार कर दी हैं, कल रात जो हुआ वह सबसे खतरनाक था। उन्होंने कहा कि रविवार के बाद वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाएंगे।

ईरान की परमाणु एजेंसी ने रविवार को पुष्टि की कि उसके फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले हुए हैं। कहा कि ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन राष्ट्र को आश्वासन देता है कि अपने दुश्मनों की बुरी साजिशों के बावजूद वह अपने वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के प्रयासों से उठ खड़ा होगा। ईरान और संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा कि हमलों के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं है। एपी ने अमेरिकी हमले के बाद ली गई उपग्रह तस्वीरों का विश्लेषण किया है। इन तस्वीरों में फोर्दो परमाणु केंद्र के प्रवेश द्वारों को नुकसान पहुंचा नजर आ रहा है और हवा में हल्के भूरे रंग का धुआं छाया हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों ने कहा है कि अमेरिकन स्टील्थ बॉम्बर और 30,000 पाउंड वजनी बंकर-बस्टर बम ने जमीन के अंदर स्थापित ईरानी परमाणु केंद्रों को नष्ट कर दिया।



व्हाइट हाउस में ईरान पर हमले की जानकारी देते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### जवाबी कार्रवाई पर और हमले करेंगे : ट्रंप

ट्रंप ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की अनुमति के बिना यह कार्रवाई की तथा उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने अमेरिकी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो और अधिक हमले किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में या तो शांति होगी या फिर त्रासदी होगी।

### ईरान बोला-हम अपने हितों की रक्षा करेंगे

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ खतरनाक युद्ध शुरू किया है। यह भी कहा कि ईरान अमेरिकी सैन्य आक्रमण और अपराधों के खिलाफ पूरी ताकत से विरोध करने तथा ईरान की सुरक्षा एवं राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का अधिकार रखता है।

### मोदी की पेजेशकियान से शांति बहाली की अपील



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की तथा ईरान एवं इजराइल के बीच संघर्ष को लेकर भारत की ओर से गहरी चिंता जताई और तनाव को संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से तत्काल कम करने की अपील की। मोदी और पेजेशकियान के बीच यह बातचीत ईरान के तीन परमाणु स्थलों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अमेरिका द्वारा बमबारी किए जाने के कुछ ही घंटे बाद हुई। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता जताई।

# श्रमिक केवल श्रम साधक ही नहीं राष्ट्र निर्माण के पथ निर्माता : धामी

- मुख्यमंत्री ने की ऋषिकुल हरिद्वार में राज्य शोध संस्थान स्थापित करने की घोषणा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, श्रमिक केवल श्रम के साधक ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के पथ निर्माता भी हैं। वर्ष 2047 में विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की विशेष भूमिका रहने वाली है।

रविवार को ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज ऑडिटोरियम, हरिद्वार में भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड द्वारा आयोजित युवा कार्यकर्ता सम्मेलन और संघ के स्वर्णिम सत्तर वर्षों के समापन समारोह को मुख्यमंत्री ने संबोधित किया।

कहा कि ऋषिकुल के इतने बड़े संस्थान में एक बड़ा सेन्टर बनना चाहिए। पर्यटन, अध्यात्म, शिक्षा, आयुर्वेद, ज्योतिष, ध्यान के क्षेत्र में केन्द्र बने। इसके लिए घोषणा की कि मदन मोहन मालवीय राज्य शोध संस्थान की स्थापना इस ऋषिकुल में होगी, जिसमें योग, ध्यान एवं अध्यात्म आदि अनेक विधाओं का अध्ययन होगा। इससे स्प्रिचुअल टूरिज्म को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7 दशक पूर्व देश में श्रमिकों द्वारा संचालित आंदोलनों पर विदेशी विचारधारा से प्रभावित होने के कारण स्वदेशी विचारधारा शून्य रहती थी। उस समय आंदोलनों में वंदे मातरम और भारत माता की जय का उद्घोष करने पर विकट स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। संगठन विशाल वृक्ष बनकर श्रमिकों के हितों के लिए कार्य कर रहा है। संगठन ने देश के श्रमिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं को एक नई विचारधारा दी है।



ऋषिकुल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने बालिकाओं से भेंट की।

### मजदूरों के हित में चलाईं अनेकों योजनाएं

सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखकर चलाई जा रहीं अनेक योजनाओं का देश के अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ प्राप्त हो रहा है। श्रम पोर्टल पर करोड़ों श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। ईएसआई, ईएफओ, बीमा आदि की सुविधा दी जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ सरकार श्रमिकों का कल्याण कर रही है।

## 16 करोड़ का सोना व मादक पदार्थ पकड़ा

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 16 करोड़ का मादक पदार्थ व सोना जब्त कर हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि सीमा शुल्क विभाग की हवाई खुफिया इकाई को कुछ दिनों पूर्व हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों के तस्करी में शामिल होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दोनों को रोककर उनके थैलों के अंदर छिपाकर रखे गए 24 कैरेट सोने के चूर्ण को बरामद किया जिसकी कीमत 4.24 करोड़ रुपये है। शनिवार को बैंकॉक से आए दो भारतीय नागरिकों से 11.881 किग्रा मादक पदार्थ जब्त किया गया जिसकी कीमत 11.88 करोड़ रुपये है।

# देहरादून में रफ्तार का कहर, चार पर्यटकों की मौत

- सीमेंट से लदे ट्राले के चालक ने अचानक लगाए ब्रेक, ट्राले में जा घुसी कार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राजधानी के थाना क्लेमेंटाउन क्षेत्र में लापरवाही और रफ्तार के कहर ने हरियाणा निवासी चार पर्यटकों की जान ले ली, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, यह हादसा रविवार तड़के करीब 3:30 बजे आशारोड़ी चेक पोस्ट के पास उस समय हुआ, जब सहारनपुर से देहरादून की ओर आ रहे हरियाणा नंबर के सीमेंट से भरे ट्राले के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए।

इस ट्राले के पीछे ही तेज गति से हरियाणा नंबर की ही सफेद रंग की मारुति रिट्ज कार आ रही थी। ट्रॉला चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से चालक कार की गति पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार ट्राले में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में पांच युवक सवार थे। पुलिस ने बताया कि कार सवार युवकों को काफी मुश्किलों के बाद कार से निकालकर तत्काल अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने उनमें से चार युवकों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक अन्य युवक की हालत गंभीर बनी है।

मृतकों की पहचान पुरखास धीरन, जिला सोनीपत, हरियाणा निवासी अंकुश पुत्र अजीत और पारस पुत्र जयकरण, अंकित पुत्र राजेश निवासी मेरिडा तहसील जुलाना, जिला जींद, हरियाणा और नवीन पुत्र नरेश निवासी खेड़ी, तहसील रोहतक, हरियाणा के रूप में हुई जबकि विनय पुत्र विजय निवासी पुरखास धीरन जिला सोनीपत हरियाणा का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

हादसे का शिकार हुए युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच बतायी जा रही है और वे देहरादून घूमने के लिए आ रहे थे। पुलिस ने ट्राले को कब्जे में लेकर चालक आफताब पुत्र जुल्फिकार निवासी शेखपुरा कदीम थाना देहात कोतवाली सहारनपुर से पूछताछ कर रही है।



## प्रतिकूल मौसम में उड़ान के लिए नए दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए अपने परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को अद्यतन परिचालन परिपत्र जारी करते हुए नियामक ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए।

# यात्री को 25 हजार रुपये हर्जाना देगा स्पाइसजेट

- गलत टिकट जारी करने पर उपभोक्ता आयोग का निर्देश

मुंबई, एजेंसी

उपभोक्ता आयोग ने एक वरिष्ठ नागरिक को गलत टिकट जारी करने के मामले में एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट को यात्री को 25,000 रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया है।

यहां एक एक उपभोक्ता आयोग ने कहा है कि 2020 में यात्री की यात्रा का मार्ग बदलते समय एयरलाइन ने उसे गलत टिकट जारी किया। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मुंबई (उपनगर) ने 17 जून को पारित आदेश में, यात्री को 'मानसिक उत्पीड़न' के लिए स्पाइसजेट को सेवा में खामी और लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है। घाटकोपर इलाके में रहने वाले शिकायतकर्ता एक वरिष्ठ नागरिक हैं। उन्होंने पांच दिसंबर, 2020 के लिए मुंबई से दरभंगा और दो दिन बाद वापसी की यात्रा के लिए स्पाइसजेट की टिकट बुक की थी। मुंबई से दरभंगा की यात्रा पूरी हो गई थी, लेकिन खराब मौसम के कारण वापसी की उड़ान रद्द कर दी गई। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें आठ दिसंबर को मुंबई में पीएचडी ऑनलाइन परीक्षा देनी थी, इसलिए उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था का अनुरोध किया।

## आईएनएस तमाल 1 जुलाई को नौसेना में शामिल होगा

- गाइडेड मिसाइल प्रणाली से लैस है यह युद्धपोत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना के रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल को एक जुलाई को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में नौसेना में शामिल किया जाएगा। गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' अनेक मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों को ले जाने में सक्षम है।

अधिकारियों ने बताया कि जहाज में 26 प्रतिशत घटक स्वदेशी हैं, जिसमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए ब्रह्मोस लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी शामिल है। भारतीय नौसेना के अनुसार, युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' 125 मीटर लंबा है और इसका वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत में भारतीय और रूसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों का उपयोग किया गया है। नौसेना में शामिल होने के बाद तमाल भारतीय नौसेना की स्वॉर्ड आर्म में शामिल हो जाएगा। स्वॉर्ड आर्म भारतीय नौसेना में पश्चिमी बेड़े के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पद है।

**फर्जीवाड़ा** 15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों पर दर्ज होगी एफआईआर, केंद्र सरकार ने 11 जिलों में एसआईटी गठित कर जांच कराने को कहा

# छात्रवृत्ति में हेराफेरी : 26 जिलों के सैकड़ों मदरसों पर होगी कार्रवाई

- वर्ष 2021-22 व 2022-23 में फर्जीवाड़ा कर हड़पे करोड़ों रुपये

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार :** मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के हक पर संचालक ही डाका डाल रहे हैं। फर्जीवाड़ा कर छात्रों का वजीफा हड़प कर जा रहे हैं। जांच में सामने आया कि प्रदेश के 26 जिलों में संचालित सैकड़ों मदरसों के संचालकों ने छात्रवृत्ति के नाम पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है।

15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों के फर्जीवाड़ा सामने आने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया। 11 जिलों में एसआईटी बनाकर 60 से अधिक मदरसों की जांच कराने के बाद विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मदरसा संचालक छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को हड़पने के लिए नए तरीके अख्तियार कर रहे हैं। इस हेराफेरी का खुलासा बायोमिट्रिक व्यवस्था लागू होने के बाद हुआ। शुरू के दो वर्ष के छात्रवृत्ति वितरण की जांच की गई तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। कई मदरसों का पता चला जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। न तो क्लास रूम है, न ही छात्र हैं। जबकि कागजों में सैकड़ों छात्र दर्ज है। बायोमिट्रिक सिस्टम लागू होने के बाद कई मदरसों ने अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर छात्रवृत्ति की रकम हासिल कर ली। हालांकि पोल खुलते ही अधिकारियों ने मदरसा संचालकों के खिलाफ फर्जीवाड़ा की रिपोर्ट दे दी। इसके बाद ऐसे मदरसों का सत्यापन कर सूची मांगी गई। कुछ जिलों के अधिकारियों ने सत्यापन के बाद सूची जून के पहले सप्ताह तक नहीं दी थी। अल्पसंख्यक विभाग के सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने 2021-22 के सत्र में छात्रवृत्ति वितरण के लिए बायोमिट्रिक सिस्टम लागू किया। नई व्यवस्था के बाद छात्र की बायोमिट्रिक के बिना छात्रवृत्ति नहीं निकल सकेगी। इसके बाद छात्रों के बायोमिट्रिक पंजीकरण कराये गए। सैकड़ों मदरसा संचालकों ने तकनीकी खामियां बताकर पंजीकरण में देरी की और 2021-22 और 2022-23 सत्र की छात्रवृत्ति हड़प ली। पोल खुली तो ऐसे मदरसों पर कार्रवाई शुरू की है। इसी आदेश के तहत दुबग्गा में संचालित दो मदरसा संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### मदरसा संचालकों दर्ज होगी एफआईआर

केंद्र सरकार के आदेश पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने 13 जून को आदेश जारी किया। जिसमें कई मदरसों पर फर्जीवाड़ा कर छात्रवृत्ति की रकम हड़पने की बात कही। इन में 15 जिले शामिल हैं। जिन जिलों के मदरसा संचालकों पर एफआईआर दर्ज करानी है। उनमें बस्ती, गाजियाबाद, गाजीपुर, हापुड़, कानपुर नगर, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सीतापुर, उन्नाव और कुशीनगर शामिल हैं।

### एसआईटी की जांच के बाद होगी कार्रवाई

विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाकर फर्जीवाड़ा करने वाले मदरसों की जांच कराने का निर्देश दिया गया है। इनमें आगरा, अंबेडकरनगर, संभल, बदायूं, बुलंदशहर, अमरोहा, कुशीनगर, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद और गोंडा के करीब 60 मदरसे शामिल हैं। वहीं, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने जो रिपोर्ट केंद्र को भेजी है उसमें बस्ती, बिजनौर, बदायूं और सहारनपुर चार जिलों के अधिकारियों पर सत्यापन रिपोर्ट न देने की बात कही है।

# पीक पर पर्यटन, सैलानियों से सरोवर नगरी गुलजार

## चहल-पहल बढ़ी, अधिकांश होटल पैक, रविवार देर शाम तक बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटक, दो हजार से अधिक वाहनों ने किया नगर में प्रवेश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन पीक पर है। रविवार को भी नगर में बड़ी संख्या में सैलानियों की आमद बरकरार रही। होटलों के अधिकांश कमरे पैक हैं।

सीजन के पीक पर होने के चलते इस वीकेंड पर सैलानियों की बड़ी संख्या में पहुंचना शुरू हो गया था, जो रविवार देर शाम तक जारी रहा। नगर में दो हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने प्रवेश किया और 10 हजार से अधिक सैलानियों के पहुंचने का अनुमान है। जिसके चलते नगर के होटलों के अधिकांश कमरे पैक रहे और पार्किंग स्थल भी पट गए। चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, लवर्स प्वाइंट व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों ने मस्ती की। दोपहर में बारिश थमने के बाद नौका विहार करने वालों का तांता लगा गया। अलबत्ता दोपहर बाद नगर की रंगत निखरी हुई नजर आई। इधर, अधिक वाहनों के पहुंचने से यातायात रेंगता नजर आया, जबकि कुछ सड़कों में जाम भी लगा। स्नोव्यू, चिड़ियाघर मार्ग, भवाली रोड, हल्द्वानी रोड, मस्जिद चौराहा समेत कालाढूंगी रोड में वाहन रेंगते हुए नजर आए। जिस कारण सैलानियों समेत स्थानीय नागरिक परेशान हुए।


सरोवर नगरी का पर्यटन सीजन इस समय पीक पर चल रहा है, रविवार को नैनीताल में सैर करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### इस बार सामान्य से अच्छी बारिश होने का अनुमान

**हल्द्वानी :** दक्षिण-पश्चिम मानसून तय समय पर उत्तराखंड में पहुंच गया है। मानसून ने पूरे प्रदेश को कवर कर लिया है। एक सप्ताह तक पूरे राज्य में अच्छी बारिश का होने का अनुमान है। 20 जून को मानसून उत्तराखंड में प्रवेश कर गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने रविवार को मानसून आने की घोषणा कर दी। मानसून 20 जून को आग गया था। मानसून आने के अगले 48 घंटे तक उसकी गति और असर का आकलन किया जाता है। जिसके बाद उसके आने की घोषणा की जाती है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार, इस बार सामान्य से अच्छी बारिश करेगी। इधर हल्द्वानी में सुबह के समय मानसून की पहली बारिश जमकर हुई। मौसम विज्ञान केंद्र का अनुमान है कि अगले एक सप्ताह तक पहाड़ से लेकर मैदान तक अच्छी बारिश होने की संभावना है। नैनीताल जिले में बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### जमकर बरसे बादल, झील का जलस्तर भी सुधरा

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में रविवार को हुई तेज बारिश में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नाले उफना गए और झील में कचरे के ढेर समा गए। दोपहर एक बजे बाद मौसम में सुधार आया। नगर में बारिश का क्रम सुबह नौ बजे शुरू हो गया था, जो कि दोपहर एक बजे तक जारी रहा। इस बीच लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके और सैलानी भी होटलों में रहने पर ही मजबूर हो गए। नगर के नाले उफान पर आ गए और झील में कूड़े कचरे के ढेर समाने से नालों की सफाई की पोल खुल गई। इस बीच कई सड़कों पर जलभराव हो गया। दोपहर करीब एक बजे वर्षा का क्रम थमने के बाद घना कोहरा नगर में छाया रहा। साथ ही वर्षा की आशंका बनी रही, लेकिन तीन बजे धूप निकल आई और लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश से प्राकृतिक जलस्रोत रिचार्ज हो चले हैं, जोकि झील का जलस्तर बढ़ाने में सहायक होंगे। इधर बारिश के चलते नैनी झील के जल स्तर में सुधार आया है, जोकि 78 फीट पहुंच गया है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 95 व न्यूनतम 55 प्रतिशत रही। बारिश 30 मिमी हुई।

# मानसून: अलर्ट पर स्वास्थ्य विभाग


संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य में बारिश होना शुरू हो गई है। बारिश में पहाड़ों में आपदा होने का खतरा होता है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग ने सभी सीएचसी और पीएचसी में दवाओं का पर्याप्त भंडार रखने के लिए कहा है। नैनीताल जिले में कुल पांच पीएचसी और 11 सीएचसी हैं। इनमें वन स्टॉप सेंटर भी हैं। जिन महिलाओं का प्रसव होना है, उन्हें डॉक्टरों की बताई गई तिथि से करीब 10 दिन पहले ही वन स्टॉप सेंटर में शिफ्ट कर दिया जाएगा। अस्पतालों में एंटी वेनम वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी सीएचसी और पीएचसी में ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसनट्रेटर और दवाओं को पहुंचा दिया गया है।

### जल जनित रोगों के बढ़ने का खतरा

**हल्द्वानी :** मानसून के साथ ही जल जनित रोगों के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इनमें हैजा, टाइफाइड, पेचिश, डायरिया, और हेपेटाइटिस ए जैसी बीमारियां शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वह साफ पानी का सेवन करें। पानी को उबालकर ही पीएं। साथ ही दूषित पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें।

# मानसून की दस्तक के साथ प्रशासन सतर्क


नैनीझील के पास मौजूद पर्यटक। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले में मॉनसून सीजन की दस्तक के साथ ही जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। मानसून में भारी बारिश और उससे जुड़ी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आपदा के दौरान होने वाली घटना से निपटने के लिए प्रशासन ने एनडीआरएफ पर एसडीआरएफ को भी तैनात कर सभी विभागों को अलर्ट मोड में रखा है।

अपर जिला विवेक राय ने बताया जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन ने घटनाओं की जानकारी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जोकि 24 घंटे सक्रिय रहेगा। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। वहीं आपदा की दृष्टि से संवेदनशील नदी किनारे क्षेत्रों में विशेष बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है। इन चौकियों पर स्थानीय प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन से जुड़े कर्मी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से समय रहते निपटा जा सके। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग ने भी अपने स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। नैनीताल में 10 से अधिक संवेदनशील और भूस्खलन संभावित स्थानों पर जेसीबी मशीनों को पहले से तैनात कर दिया गया है।

# योग मन के शुद्धिकरण का मंत्र

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** माइंड पावर यूनिवर्सिटी भीमताल में हार्मोनाइजिंग इनर स्पेस कल्टीवेटिंग आउटर अर्थ योग फ्रंटियर साइंस फॉर रीजनरेटिव सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि नीलम यूनिवर्सिटी के प्रबंधक निदेशक डॉ.बलराज डांडा ने कहा कि योगा स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुंचने की यात्रा है। आत्मा के विकास और मन के शुद्धीकरण का मंत्र है। चांसलर डॉ. योगेश कुमार ने डॉ. डांडा और डॉ. संदीप चहल को सम्मानित किया। उदेश-विदेश के शोधकर्ता शिक्षक एवं सामाजिक शोध अभिव्यक्तियों ने सम्मेलन में भागीदारी की। इस मौके पर डॉ. संजीव, डॉ. दसमाना, वाइस चांसलर श्वेता भोसले, रजिस्ट्रार हृदेश कुमार आदि मौजूद थे।



सम्मेलन में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते चांसलर। ● अमृत विचार

### नदी का जलस्तर बढ़ा श्रद्धालुओं को हटाया

**रामनगर :** पर्वतीय क्षेत्रों में हुई बारिश के चलते कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने पर गिरिजा देवी मंदिर में लाइन में खड़े श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से हटाया गया। माता गिरिजा देवी के दर्शन को भक्त कोसी नदी में कतार में खड़े थे। तभी कोसी नदी में पानी बढ़ने लगा। श्रद्धालुओं के पैरों के पास तक पानी आने पर सभी को वहां हटाया गया। बता दें कि इन दिनों मानसून सत्र के चलते नदी का जलस्तर कभी भी बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में अब मंदिर में जाना भी घातक हो सकता है। मंदिर समिति का कहना हे कि बरसात के दिनों में श्रद्धालुओं को मंदिर जाने पर रोका जाएगा।

# तकनीकों पर आधारित अनुसंधान करें

- केंद्रीय शीतल जल मत्स्य अनुसंधान केंद्र का सचिव मत्स्य ने किया निरीक्षण

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** केंद्रीय शीतल जल मत्स्य अनुसंधान केंद्र का भारत सरकार के सचिव (मत्स्य) डॉ. अभिलक्ष लेखी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक आधुनिक तकनीकों पर आधारित अनुसंधान को प्राथमिकता दें, ताकि देश मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सके।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता में सुधार और आधुनिक तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 3 करोड़ लोग मत्स्य पालन से जुड़े हैं, जिनमें से अब तक 25 लाख लोग नेशनल फिशरीज डिजिटल पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं। सरकार का प्रयास है कि शेष सभी मछली पालकों को भी इस पोर्टल से जोड़ा जाए, ताकि योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अनुसंधान केंद्र में ऑर्नामेंटल फिशरीज यूनिट, रेनबो ट्राउट के एक्वाकल्चर सिस्टम सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। बताया कि कोल्ड वॉटर फिशरीज, विशेष रूप से रेनबो ट्राउट पालन को बढ़ावा देने के लिए अन्य राज्यों को भी इस शोध से जोड़ा जा रहा है। मत्स्य वैज्ञानिकों द्वारा कोल्ड वॉटर फिशरीज की तकनीकों पर जानकारी दी गई। केंद्रीय शीतल जल मत्स्य अनुसंधान केंद्र के निदेशक अमित पांडे ने बताया कि संस्थान पर्वतीय क्षेत्रों में शीतजल मत्स्यिकी के अनुसंधान और विकास में भूमिका निभा रहा है। संस्थान के विस्तार को भूमि की आवश्यकता से भी सचिव को अवगत कराया। इस अवसर पर सचिव सहकारिता/पशुपालन/मत्स्य एवं दुग्ध विकास बीवीआरसी पुरुषोत्तम, मुख्य विकास अधिकारी अनामिका, एजीएम मत्स्य डॉ. देविका, उपनिदेशक डॉ. अल्पना हलदर, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, जिला मत्स्य अधिकारी शिखा आर्या आदि मौजूद रहे।


शीतल जल मत्स्य अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण करते सचिव डॉ. अभिलक्ष लेखी।


ADMISSION OPEN (2025-26)

SURAJMAL AGARWAL GIRLS P.G. COLLEGE

Kishanpur, Kichha, U.S.Nagar-263148, Uttarakhand

(Approved by: NCTE, Govt. of India (Affiliated to Kumaun University, Nainital, UAU & HNB Uttarakhand Medical University DDN)

Website : www.sapkam.org
Email: sapkm.edu@gmail.com

COURSES OFFERED

UG COURSES
- BBA • B.Com (Hons.) • BCA • B.Sc. (IT) • B.Sc. (PCM, ZBC, PSM)
- B.Sc. (Biotechnology) • B.Sc. Home Science
- B.Sc. (Food Technology) • B.Lib. • B.Ed.

PG COURSES
- M.Com • M.Sc. (Microbiology) • M.Sc. (Biotechnology)
- M.Sc. (Food Technology) • M.Lib.
- M.Sc. (Physics, Botany, Zoology, Chemistry, Mathematics)
- M.Sc. Home Science (Foods & Nutrition, Textile & Apparel Designing)

SCHOLARSHIP AS PER GOVT. RULE

No.1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND

BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAMPUR

OTHER COURSES
- Computer Basics • Tally Complete • CCC

SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL SCIENCES
- GNM • Post Basic B.Sc. (Nursing) • B.Sc. Nursing • M.Sc. Nursing (Medical Surgery, Community Health Nursing, Mental Health Nursing, Child Health Nursing)
- Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT) • B.Sc in Optometry
- B.Sc. in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)

SURAJMAL MEDICAL COLLEGE OF AYURVED & HOSPITAL
- Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS) Mob.: 9758643374

100% Placement Assistance | Transport Facility Available | Safe Hostel with Air Cooler

LIMITED SEATS

Safest Girl Hostel (24x7 Security, Electricity Back up, Wifi Campus)

CONTACT SOON FOR ADMISSION
9412920331, 9837242760, 7902103001
7902103002, 8192801031, 7500005217, 8650079393


### लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**नैनीताल :** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश विक्रम ने शपथ दिलाकर किया। इसके पश्चात न्यायालय परिसर नैनीताल, ठंडी सड़क, तिब्बती मार्केट एवं माल रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। दूरस्थ क्षेत्र धानाचूली में भी यह अभियान चलाया गया। धानाचूली बाजार ऐरीधार क्षेत्र में सड़क किनारे व अन्य स्थानों पर मिली प्लास्टिक इत्यादि को एकत्र कर कूड़े के वाहन में रखा गया। इस दौरान सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# बारिश के बाद सक्रिय हुई टीम, चला अभियान

- जजी के पास विशेष सफाई अभियान चलाकर हटाया कूड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश के कारण नैनीताल रोड में तिकोनिया सहित अन्य जगह पर नालियों में कूड़ा आने से जलभराव हुआ। जिस पर नगर आयुक्त ऋचा सिंह स्वयं मौके पर पहुंची और उन्होंने टीमों को नालियों से कूड़ा हटाने के लिए लगाया।

रानीबाग में भी नालियों से कचरा निकाला गया। टीम ने जगह-जगह सफाई अभियान चलाकर कूड़ा-कचरा बाहर निकाला। इधर, निगम की ओर से नैनीताल रोड स्थित जजी के पास भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। तेज बारिश के बाद शनि बाजार स्थित नूरी मस्जिद के पास भी कूड़ा जमा होने के कारण नाली ओवरफ्लो होने लगी, जिस पर नगर निगम की टीम को मौके पर भेजा गया। शाम तक टीम सफाई में लगी रही। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नैनीताल रोड में ढाल वाली सड़क होने के कारण बारिश का पानी इकट्ठा होकर तिकोनिया चौराहे के पास आता है जिससे हर बार नाला आता है। बताया कि वॉकवे मॉल के पास हर साल जलभराव होता था, लेकिन इस बार यहां स्थिति ठीक रही।

### पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नैनीताल :** नगर पालिका ने रविवार को शहर में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें अधिवक्ताओं, महिला स्वयं सहायता समूहों और पालिका कार्मिक शामिल हुए। सुबह 7 बजे से चले अभियान का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया। बोट हाउस क्लब, हाउस पार्क, आंबेडकर पार्क, ठंडी सड़क, पर्दा धारा, बस स्टैंड, फांसी गधेरा, तल्लीताल रिक्शा स्टैंड, नैनीझील आदि जगहों पर सफाई की गई। इस दौरान पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, सैनेटरी इंस्पेक्टर कमल चौहान, अवर अभियंता विपिन पुरोहित, कर अधीक्षक दीपेंद्र बमोला, मनोज जगाती, पूरन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

**स्वच्छ भारत अभियान** — जनपद के होमगार्ड और कांस्टेबल से लेकर एसपी तक ने इस अभियान में की भागीदारी

# पुलिस ने चलाया अभियान, साफ किया कचरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अमूमन पुलिस को अपराधियों का सफाया करते देखा जाता है, लेकिन रविवार को पुलिस ने कचरा साफ किया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत पुलिस के कांस्टेबल से लेकर एसपी तक ने हाथों में झाड़ू पकड़ी और सफाई की।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश के निर्देश पर पुलिस ने थानों और इकाइयों में सफाई अभियान चलाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्र ने अपनी के साथ नैनीताल में, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में हल्द्वानी में सफाई अभियान चलाया गया। नैनीताल जिले के सभी थाना और पुलिस चौकियों में साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही स्वच्छता की शपथ ली गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।


टीम के साथ सफाई करते एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्र।



अभियान में शामिल प्रशिक्षु न्यायाधीश। ● अमृत विचार

### स्वच्छता का संदेश दिया

**भवाली :** उच्च न्यायालय नैनीताल के निर्देश पर उत्तराखंड न्यायायिक एवं विधिक अकादमी( उजाला) द्वारा रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान घोड़ाखाल रोड, भीमताल रोड, व रामगढ़ रोड पर चला। यहां लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। अभियान में अकादमी के निदेशक, ट्रेनी जजेज, अधिकारी, कर्मचारी व कोतवाल भवाली, नगर पालिका कर्मचारी व अन्य लोग शामिल रहे।

### स्वच्छता के प्रति रहें जागरूक

**रामनगर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बारिश के दौरान भी गिरिजा देवी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के अधिकार मित्र जीवन सत्यवली ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष कुबेर सिंह अधिकारी व कोषाध्यक्ष डॉ. निशांत पपनै ने लोगों से धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। श्रद्धालुओं से पॉलिथीन बैग का प्रयोग बंद करने का निवेदन किया गया। मंदिर परिसर में व्याप्त गंदगी को साफ किया गया। कार्यक्रम में नीमा मठपाल, भावना भट्ट, भुवन डंगवाल, दीप्ति रावत, गोविंद अधिकारी, गोविंद बधानी, रमेश मिश्रा, मोहन जोशी व आरिफ आदि मौजूद थे।

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

31.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 19.15

**आज के कार्यक्रम**

- बलिदान दिवस के अवसर भाजपा के मुखानी स्थित कार्यालय में कार्यक्रम होगा सुबह 11 बजे

**एक नजर**

### ससुराल से दामाद की स्कूटी चोरी, केस दर्ज

**हल्द्वानी** : बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में अपनी ससुराल गए दामाद की स्कूटी चोरी हो गई। इंद्रानगर पप्पू का बगीचा निवासी आसिफ हुसैन ने पुलिस को बताया कि इंद्रानगर कांटा में उसकी ससुराल है। 20 जून की रात उसने ससुराल के बाहर अपनी स्कूटी खड़ी की थी। आधे घंटे बाद ही स्कूटी चोरी हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब स्कूटी नहीं मिली, तो वह पुलिस के पास पहुंचा। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर स्कूटी और उसे चुराने वाले की तलाश की जा रही है।

# पंचायत चुनाव में एक भी मतदाता मतदान से नहीं छूटना चाहिए

## डीएम वंदना सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर की बैठक, तैयारियों का जायजा लेने के बाद अधिकारियों को मतदान केंद्रों आदि के लिए दिए जरूरी निर्देश



पंचायत चुनाव को लेकर बैठक करतीं डीएम वंदना सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना सिंह ने रविवार को बैठक की। उन्होंने चुनावी तैयारियों का जायजा लिया और मातहतों को जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और तय समय सीमा के भीतर होना चाहिए। मतदाता सूची का गहन परीक्षण किया जाए ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहे। सभी अभ्यर्थियों की पात्रता का उचित परीक्षण किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर चुनावी योजना समय रहते तैयार की जाए। यदि कानून व्यवस्था बनाने के लिए अतिरिक्त बल की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाए। आपदा से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंध भी किया जाए। उन्होंने मतदान केंद्रों की स्थिति, लॉजिस्टिक व्यवस्था, कार्मिक तैनाती, सुरक्षा इंतजाम, मतदाता सूची का पुनरीक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा की। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी सभी तैयारियों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होनी चाहिए। डीएम ने प्रशिक्षण नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तत्काल तैयार की जाए और प्रशिक्षण प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ हो। इस दौरान सीडीओ अनामिका, एडीएमविवेक राय, नगर आयुक्त रिचा सिंह, हल्द्वानी एसडीएम राहुल साह, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने जिला प्रभारी किए नियुक्त

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने चुनाव के लिए जिला प्रभारी नियुक्त किया है। माहरा ने प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल आदि की संस्तुति के बाद प्रभारी बनाए हैं। इसी क्रम में पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल को चंपावत, महेंद्र लूंठी को बागेश्वर, धीरेंद्र प्रताप को अल्मोड़ा, भागीरथ भट्ट को पिथौरागढ़ का जिला प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा संजीव आर्य को नैनीताल, रणजीत सिंह रावत को ऊधमसिंह नगर, मंत्री प्रसाद नैथानी को उत्तरकाशी, विक्रम सिंह नेगी को रुद्रप्रयाग, वीरेंद्र जाती को देहरादून, प्रदीप थपलियाल को चमोली और लखपत बुटोला को पौड़ी का प्रभारी बनाया गया है। सूर्यकांत धस्माना को टिहरी जिले की जिम्मेदारी दी गई है। माहरा ने बताया कि कांग्रेस पंचायत चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस जन मुद्दों को लेकर चुनावी मैदान में उतरेगी।

# एसएनसीयू में आचार संहिता की बाधा

संवाददाता, हल्द्वानी

- महिला अस्पताल के एसएनसीयू के लिए कर्मियों की होनी है नियुक्ति
- आचार संहिता लगने की वजह से होने वाला साक्षात्कार रद्द

**अमृत विचार**: राजकीय महिला अस्पताल के एसएनसीयू (नवजात गहन चिकित्सा इकाई) को 24 घंटे चलाने के लिए नर्सों की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दो माह पूर्व इसके लिए आदेश दिए थे। काफी दिनों मामला अटकने के बाद सोमवार को नर्सों के साक्षात्कार होने थे, लेकिन आचार संहिता की वजह से यह रद्द हो गए हैं।

डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में 21 बेड का एसएनसीयू है। महिला अस्पताल में नौ बेड का एसएनसीयू है। नवजात शिशुओं की जब स्थिति गंभीर होती है, तो उन्हें एसएनसीयू में रखा जाता है। खासतौर से जो बच्चे कम समय में ही पैदा हो जाते हैं, उनको भी एसएनीसयू में भर्ती किए जाने की जरूरत होती है। निजी अस्पतालों में इसका खर्चा काफी महंगा होता है। एसटीएच में एसएनसीयू के बेड ज्यादातर समय भरे रहते हैं। महिला अस्पताल में स्टाफ नहीं होने की वजह से एसएनसीयू को केवल आठ घंटे चलाया जाता है। जिस वजह से कम गंभीर बच्चों को ही यहां भर्ती किया जाता है। ज्यादा गंभीर बच्चों को एसटीएच रेफर किया जाता है।

करीब दो माह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत हल्द्वानी पहुंचे थे। उनके सामने भी यह मुद्दा रखा गया था। तब उन्होंने सीएमओ नैनीताल डॉ. हरीश चंद्र पंत को निर्देश दिए थे कि शीघ्र ही स्टाफ की व्यवस्था की जाए और महिला अस्पताल के एसएनसीयू को भी 24 घंटे चलाया जाए। मंत्री के आदेश के बाद भी डेढ़ माह तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई।

अब एनएचएम के तहत आउटसोर्स से नर्सों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार किए जाने थे। यह साक्षात्कार सोमवार और मंगलवार को सीएमओ कार्यालय नैनीताल में होने थे, लेकिन आचार संहिता लगने की वजह से इन्हें रद्द कर दिया गया है। इससे बेरोजगार नर्सों को तो निराशा हुई है और साथ ही एसएनसीयू को 24 घंटे चलाने का मामला फिर से अटक गया है।

### नर्सों को एडजस्ट नहीं करने से आई दिक्कत

**हल्द्वानी** : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दो माह पूर्व कहा था कि एसटीएच से जिन आउटसोर्स नर्सों को अन्य जिलों में भेजा जा रहा है, उनको ही इस एसएनसीयू में एडजस्ट कर लें। उस समय तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने हां कहा था, लेकिन बाद में ऐसा नहीं हो पाया।

> सोमवार और मंगलवार को सीएमओ कार्यालय में एनएचएम के तहत जिन रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार होने थे, उन्हें अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। -**डॉ. हरीश चंद्र पंत**, सीएमओ, नैनीताल

# बाइक सवारों को कुचलने के आरोपी पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बीती 12 जून को आईटीआई के पास बाइक में मारी थी टक्कर
- हादसे को अंजाम देने वाले वाहन संख्या के आधार पर मुकदमा

**अमृत विचार** : बाइक सवार दोस्तों को कुचलने के आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसा पुरानी आईटीआई के पास भोर में हुआ था। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस को दी तहरीर में बिठौरिया नंबर एक, नारायण नगर हरिपुर नायक निवासी विनीता आर्या पत्नी संजय आर्या ने लिखा कि बीती 11/12 जून की रात करीब साढ़े 3 बजे उनका बेटा कुनाल अपने दोस्त आदित्य बिष्ट के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। बाइक आदित्य चला रहा था। तभी कांता बैंक्वेट हॉल के सामने (आईटीआई) चार पहिया वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बाइक चला रहे आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल कुनाल की उपचार के दौरान 18 जून को मृत्यु हो गई। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर में लिखे वाहन संख्या के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमें चालक की तलाश में दबिशें दे रही हैं।

# तस्करी कर ले जाया जा रहा कछुआ बरामद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/सितारगंज

**अमृत विचार** : जंगलात ने तराई के जंगलों से तस्करी कर लग्जरी कार में ले जाया जा रहा कछुआ बरामद किया है हालांकि तस्कर मौके से फरार होने में सफल हो गया। वन टीम ने कार को सीज करने के साथ ही अज्ञात तस्कर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

तराई पूर्वी वन डिवीजन की टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को ऊधम सिंह नगर के सितारगंज में झाड़ी वाला मंदिर के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस बीच टीम को एक लग्जरी कार आती दिखाई दी। जब टीम ने चालक को कार रोकने के लिए कहा तो चालक ने कार रोकी और वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। वन कर्मी चालक को पीछे पकड़ने के लिए दौड़े जबकि कुछ ने कार की तलाशी ली। जब कार चेक की तो एक कछुआ बरामद हुआ। वन अधिकारियों के अनुसार पकड़ा गया कछुआ इंडियन सॉफ्टशेल प्रजाति का है। कछुए का वजन लगभग 15 किग्रा है। टीम ने कछुए को पकड़ लिया, उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। वहीं तस्करी में इस्तेमाल की जाने वाली कार को सीज कर लिया है। वन विभाग कार स्वामी का पता लगाने में जुट गया है। साथ ही यह भी पता कर रहा है कि तस्कर कछुए को किसी अन्य तस्कर से लेकर आया था या बेचने के लिए लेकर जा रहा था। फिलहाल वन विभाग ने अज्ञात के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच रेंजर महेंद्र सिंह रैकुनी को दी गई है, उन्होंने जांच शुरू कर दी है।



वन टीम सीज कार व कछुए के साथ। ● अमृत विचार



> मुखबिर की सूचना पर वन टीम ने सितारगंज से इंडियान सॉफ्टशेल प्रजाति का कछुआ पकड़ा है। कार को सीज कर दिया गया है जबकि कार स्वामी का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और तस्करी के तार भी ढूंढे जाएंगे। -**हिमांशु बागरी**, डीएफओ

### ऊधमसिंह नगर में है बेहद मांग

**हल्द्वानी** : वन अधिकारियों के अनुसार, अमूमन कछुओं को उनके मांस के लिए शिकार किया जाता है। कछुओं की ऊधम सिंह नगर के दिनेशपुर, ट्रांजिट कैंप, सीतागंज और शक्तिफार्म जैसे इलाकों में बेहद मांग रही है।

# गौजाजाली में नशे में धुत कार चालक ने दो को मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- रिटायर्ड सूबेदार समेत दो लोग हुए गंभीर घायल
- दीवार से टकरा कर रुकी कार लोगों ने घेरा तो आरोपी ने धमकाया

**अमृत विचार** : बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से ड्रंक एंड ड्राइव का मामला सामने आया है। नशे में धुत एक चालक ने खतरनाक ढंग से कार दौड़ाकर लोगों की जान को खतरे में डाल दिया। चालक ने सेवानिवृत्त सूबेदार समेत दो लोगों को टक्कर मार दी। दीवार से टकराकर कार रुकी और जब लोगों ने घेरा, तो कार चालक धमकाने लगा। इस मामले को लेकर गौजाजाली बरेली रोड निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार कमल कुमार व एनबी पांडे ने बनभूलपुरा थाने में तहरीर दी है।

कमल का कहना है कि रविवार की सुबह 11 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। तभी एक कार चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर मार कर भागने के चक्कर में उसने एनबी पांडे को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में सूबेदार घायल हो गए। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। लोगों ने कार चालक को पकड़ा तो वह अभद्रता करने लगा। कार चालक और उसके साथी लोगों से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगे। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आरोपी ने शराब के नशे में लोगों की जान खतरे में डाली है।

# राहत : एसटीएच में जुलाई में खोला जाएगा नया दवा केंद्र

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार**: डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में अब नया दवा केंद्र खोलेने की तैयारी चल रही है। मुख्य गेट के समीप नया दवा केंद्र खोला जाएगा। इस केंद्र में काउंटर की संख्या पुराने की अपेक्षाकृत अधिक होगी।

अस्पताल में कुछ माह पूर्व ओपीडी के मरीजों को निशुल्क दवा दिया जाना शुरू हुआ। जगह नहीं होने की वजह से इमरजेंसी वार्ड के समीप दवा केंद्र बनाया गया। यहां दो काउंटर हैं लेकिन एसटीएच में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या 1500 से 1800 के बीच में रहती है। इस वजह से दवा केंद्रों पर मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतार लग जाती है। दवा लेने में मरीज को एक घंटे से भी ज्यादा का समय लग जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए अब एसटीएच के मुख्य गेट के पास जहां पहले ठेके पर मेडिकल स्टोर संचालित होता था वहां पर नया दवा केंद्र खोले जाने की तैयारी शुरू हो गई है। कॉलेज प्रबंधन ने टेक्नीकल टीम के साथ बैठक की। बैठक नए केन्द्र को खोलने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने को लेकर चर्चा हुई। अनुमान है कि जुलाई में नया दवा केंद्र खुल जाएगा। नए औषधि केन्द्र में चार अलग अलग काउंटर खुलेंगे। महिला, पुरुष, विकलांग, अस्पताल स्टाफ व वृद्धजनों अलग-अलग काउंटर से आसानी से दवा ले सकेंगे।



> अस्पताल के मुख्य गेट के समीप ही नया दवा केंद्र खोला जाएगा। इसके लिए तकनीकी विभाग के साथ जरूरी बैठक हो गई है। यहां पुराने दवा केंद्र की अपेक्षा ज्यादा काउंटरों की व्यवस्था की जाएगी। -**डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

# मुखानी-बनभूलपुरा से 3 किशोरियां गायब, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : एक के बाद लगभग हर रोज किसी ने किसी थानाक्षेत्र से किशोरियों के गायब होने का सिलसिला जारी है। अब मुखानी और बनभूलपुरा थानाक्षेत्रों से तीन किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। एक तो अपने घरवालों के नाम चिट्ठी भी लिख कर गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

मुखानी थानाक्षेत्र का पहला मामला 20 जून का है। कठघरिया निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बीती 20 जून की शाम करीब 4 बजे उनकी 14 वर्षीय बेटी गायब हो गई। उन्होंने बेटी की तलाश की, लेकिन वो नहीं मिली। दूसरे मामले में कमलुवागांजा निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बीती 21 जून की सुबह उनकी 16 वर्षीय भांजी घर से निकली और लौट कर नहीं आई। तलाश शुरू की और जब नहीं मिली तो लौट कर घर पहुंचे। घर में उन्हें भांजी का लिखा एक पत्र मिला। इसमें उसने लिखा कि मेरे पापा मुझे प्यार नहीं करते हैं इसलिए मैं घर छोड़कर जा रही हूं। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही दोनों किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा। उधर, गफूर बस्ती निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी लाइन नंबर 8 निवासी एक व्यक्ति के घर में बच्चों की देखभाल करती है। बीती 21 जून को रात 8 बजे उनकी बेटी उक्त व्यक्ति के घर से निकली और उन्हें बताया कि वह घर जा रही है, लेकिन वो घर नहीं पहुंची। बनभूलपुरा एसओ नीरज भाकुनी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

# उम्मीदवारों के चयन को आज आएंगे पर्यवेक्षक, होगी रायशुमारी

संवाददाता, हल्द्वानी

- भाजपा ने पंचायत चुनाव को लेकर शुरू की तैयारियां, जल्द होगी उम्मीदवारों की घोषणा

**अमृत विचार** : भाजपा ने पंचायत चुनाव को लेकर कमर कस ली है। उम्मीदवारों के चयन करने के लिए पर्यवेक्षकों की टोली आज हल्द्वानी पहुंच रही है, जो कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलेगी। इसके बाद उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी।

राज्य में पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है। 25 जून से नामांकन शुरू हो जाएंगे, पहले चरण का मतदान 10 और दूसरे चक्र का मतदान 15 जुलाई को होगा। इस बार भाजपा ने ग्राम प्रधान से जिला पंचायत स्तर पर भी प्रत्याशियों को लड़ाने का फैसला किया है। इसको लेकर भाजपा ने विधानसभावार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। ये पर्यवेक्षक सोमवार को आवंटित विधानसभा में पहुंचेंगे और पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उम्मीदवारों का दम देखेंगे।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, ये पर्यवेक्षक आज अपनी-अपनी विधानसभा में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ रहेंगे। उन्होंने बताया उम्मीदवारों के चयन में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के लिए कोई भी पदाधिकारी उनके साथ नहीं होगा। सभी विशुद्ध रूप से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ रायशुमारी कर उनकी राय जानेंगे। फिर वे प्रदेश नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपेंगे। प्रदेश नेतृत्व हाईकमान के साथ चर्चा कर उम्मीदवारों का चयन करेगा।

उन्होंने कहा कि हल्द्वानी के लिए रायशुमारी गौलापार स्थित एक हॉल में होगी। इसमें पर्यवेक्षक नब्ज टटोलेंगे।

### भाजपा कार्यालय में बलिदान दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**हल्द्वानी** : भाजपा सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। मुखानी में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम होगा जिसमें कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत आदि भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जिले भर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# आसाराम के अनुयायियों ने बिना अनुमति निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पुलिस ने रोका तो अनुयायियों से हुई कहासुनी
- अनुयायियों ने कहा, इजाजत के लिए दिया था पुलिस को पत्र

**अमृत विचार** : बिना इजाजत रैली लेकर निकले आसाराम बाबू के समर्थकों को पुलिस की सख्ती का सामना करना पड़ा। इजाजत न होने पर पुलिस ने रैली को रोक दिया। इस दौरान आसाराम के अनुयायियों और पुलिस के बीच मामूली नोकझोंक भी हुई।

कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि संकीर्तन मंडल ने धार्मिक भावनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए रविवार को रैली निकाली। आसाराम के भक्त बरेली रोड पर पोस्टर, बैनर से पटे वाहन लेकर पहुंच गए। जबकि इसकी आधिकारिक अनुमति उनके पास नहीं थी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस फोर्स भेजी गई।

कोतवाल ने बताया कि गोलज्यू मंदिर तक ही रैली को निकाला गया। शांतिपूर्ण तरीके से रैली का समापन किया गया। अनुयायियों ने पुलिस कप्तान से भी इस विषय पर बात की। वहीं, अनुयायियों का कहना है कि उन्होंने पुलिस को अनुमति के लिए पत्र दिया था। इसमें उनकी गलती नहीं है।

**योजना** | 6 मार्च 2024 से विद्युत विभाग ने शुरू किया था घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने का काम

# जिले में लक्ष्य 1.84 लाख, लगे सिर्फ 25 हजार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार**: जिले में उपभोक्ताओं को सटीक बिजली बिल और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन कार्य की रफ्तार धीमी है। अभी तक 25,200 स्मार्ट मीटर ही लगाए जा सके हैं।

विद्युत विभाग का लक्ष्य वर्ष 2026 तक कुल 1.84 लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने का है। यह कार्य 6 मार्च 2024 को शुरू किया गया था और शुरुआती चरण में ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इन मीटरों के जरिए उपभोक्ता न केवल अपने बिजली खपत की निगरानी कर सकेंगे, बल्कि ऑनलाइन रिचार्ज और समय में बिजली उपयोग की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। यूपीसीएल के टेस्ट विभाग के अधिशासी अभियंता डीडी पंत के अनुसार, स्मार्ट मीटर प्रणाली से बिजली चोरी पर अंकुश लगेगा और बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। इसके अलावा उपभोक्ताओं को भी समय पर बिल प्राप्त होंगे, जिससे शिकायतों में कमी आएगी। बिजली विभाग की ओर से चलाया जा रहा यह अभियान ऊर्जा दक्षता और डिजिटल प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विभाग ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें, ताकि निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।



### शहर में लगे 6 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर

अब तक शहर क्षेत्र में 6 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इन मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को न सिर्फ समय पर सही बिल मिल रहे हैं, बल्कि बिजली उपयोग की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा भी मिल रही है। स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शहरी क्षेत्र में तेजी से किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को प्रीपेड सुविधा का विकल्प भी मिल रहा है, जिससे वे अपनी खपत के अनुसार पहले से भुगतान कर सकते हैं। बिजली चोरी पर भी लगाम लगाएगी और विभाग को रीयल-टाइम डेटा उपलब्ध कराएगी, जिससे आपूर्ति और मांग का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा।



बिना हेलमेट बाइक पर जाते चार युवक। ● अमृत विचार

### दो दिन में 132 चालान, 6 वाहन सीज

**हल्द्वानी** : संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा के निर्देश पर परिवहन विभाग ने दो दिवसीय विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया, जिसमें कुल 132 चालान और 6 वाहन सीज किए गए। शनिवार को 90 चालान और 3 वाहन, जबकि रविवार को 42 चालान और 3 वाहन सीज किए गए। रविवार को नैनीताल शहर में चले विशेष अभियान में 30 चालान किए गए, जिनमें से 18 चालान बाइक और टैक्सी चालकों पर किए गए। इसके अलावा नो पार्किंग और अन्य अभियोगों में 6-6 चालान किए गए। अभियान में एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र सिंगवान, टीटीओ नंदन आर्य, टीएसआई रामचन्द्र सूर्या और गिरीश कांडपाल शामिल रहे। एआरटीओ जितेंद्र सिंगवान ने बताया कि भवाली से लगभग 100 टैक्सी-मैक्सी और 4 बसों के जरिए लगभग 960 शटल सेवाएं चलाई गईं, जिससे करीब 28 हजार तीर्थयात्रियों ने कैंचीधाम के दर्शन किए।

## सार-संक्षेप


रामनगर में जाम के दौरान फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### फिर लगा रामनगर में जाम, रेंग-रेंग कर चले वाहन

**रामनगर :** रविवार को बारिश के दौरान भी राम की नगरी जाम के झाम से जूझती रही। हालात यह थे कि एनएच के अलावा इससे जुड़े सभी संपर्क मार्ग भी जाम के हवाले रहे। वाहन रेंग–रेंग कर चल रहे थे। जिम कॉर्बेट सिटी के नाम से विख्यात और कुमाऊं गढ़वाल का प्रवेश द्वार कहे जाने वाली रामनगर में आम आदमी जाम से झाम से प्रभावित नजर आया। वरिष्ठ नागरिक हो या महिलाएं जाम की वजह से सभी परेशान दिखाई दिए। असल में पर्यटकों के अतिरिक्त इन दिनों महानगरों से छुट्टियों में अपने घर आने वाले प्रवासियों की भीड़ भी जाम की वजह बन रही है। इस सबसे इतर जाम से निपटने के लिए प्रशासन के अभी तक के सारे दावे हवाई साबित हुए हैं।

### जहरीले सांपों का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**रामनगर :** मौसम के बदलते ही अब जहरीले सांपों का निकलना शुरू हो गया है। कॉर्बेट प्रशासन, वनविभाग व सेवदा स्नेक ने टीम बनाकर सांपों को बचाने का अभियान शुरू किया है। वन प्रभाग रामनगर के वन दरोगा विरेंद्र प्रसाद पांडे के नेतृत्व में सेव द स्नेक एंड वाइल्ड लाइफ वेलफेयर सोसाइटी ने 37 सांपों को ग्राम व घरों से रेस्क्यू कर वन विभाग के सहयोग से घने जंगलों में छोड़ा। सर्प विशेषज्ञ अध्यक्ष चंद्रसेन कश्यप ने अपील की है कि यदि किसी के घर व खेतों में सांप निकले, तो तुरंत वन विभाग या सोसायटी को सूचना दें।

### 16 केंद्रों पर 4,674 ने दी वन दरोगा की परीक्षा

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित वन दरोगा भर्ती की परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक रॉय ने बताया कि रविवार को वन दरोगा के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा हुई। जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 6,783 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इनमें 4,674 ने परीक्षा दी और 2,109 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई कहीं से भी किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आई है।

### रामनगर में मजदूरी करने आया श्रमिक लापता

**रामनगर :** उत्तर प्रदेश के संभल क्षेत्र से मजदूरी करने आया एक श्रमिक अचानक लापता हो गया। परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर उसे सकुशल बरामद करने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के संभल इलाके का रहने वाला 40 वर्षीय रोहन अपने चचेरे भाई देशराज सिंह के साथ 15 जून को रामनगर आया था। रोहन और उसके चचेरे भाई देशराज सिंह ने 16 और 17 जून को रामनगर में ही मजदूरी की थी। 18 जून की सुबह रोहन चचेरे भाई के घर से अकेले मजदूरी करने के लिए रामनगर के भवानीगंज चौराहे पर पहुंचा था, लेकिन तब से ही रोहन न तो अपने चचेरे भाई के घर पहुंचा है और न ही अपने घर संभल पहुंचा।

# कुमाऊं विवि ने जारी किया शैक्षणिक कैलेंडर

## एमबीपीजी समेत अन्य कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव की तिथियां भी कैलेंडर में शामिल, गतिविधियां हुईं तेज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए संबद्ध कॉलेजों का शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इस कैलेंडर की खास बात यह है कि इसमें छात्रसंघ चुनाव की तिथियां भी शामिल की गई हैं। इस घोषणा के साथ ही एमबीपीजी कॉलेज समेत अन्य कॉलेजों में छात्रनेताओं की गतिविधियां तेज हो गई हैं और चुनाव की तैयारी में जुटे छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।

पिछले सत्र में शैक्षणिक गतिविधियों में हुई देरी के कारण छात्रसंघ चुनाव नहीं हो सके थे। इससे छात्रों में भारी नाराजगी देखने को मिली थी और पूरे सत्र के दौरान प्रदर्शन, नारेबाजी और ज्ञापन सौंपने जैसे विरोध जारी रहे। इस कारण कॉलेज की शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित हुई थी। इस बार शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सितंबर में छात्रसंघ चुनाव होने की उम्मीद है।



शैक्षणिक गतिविधियों में देरी को आधार बनाकर छात्रसंघ चुनावों पर रोक लगा दी गई थी, लेकिन अब नई समयसारिणी के तहत छात्रसंघ चुनाव समय पर कराए जाने की उम्मीद जगी है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों के लिए कैलेंडर जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कैलेंडर के अनुसार सभी शैक्षिक गतिविधियां तय समय पर आयोजित की जाएंगी। प्रवेश प्रक्रिया से लेकर परीक्षा और उनके परिणाम भी समय पर जारी किए जाएंगे। जिससे शिक्षण व्यवस्था में व्यवधान नहीं होगा।

# हिंदी व उड़िया में एमबीए पाठ्यक्रम शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत एक बड़ा कदम उठाते हुए अब हिंदी और उड़िया भाषाओं में भी मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) पाठ्यक्रम शुरू किया है। यह पहल उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है, जो अपनी मातृभाषा में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं।

इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य भाषाई बाधाओं को समाप्त कर ज्यादा से ज्यादा छात्रों को उनके अनुकूल भाषा में शिक्षा मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि यह कोर्स अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के

● **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सहयोग से तैयार किया गया है कोर्स**

सहयोग से तैयार किया गया है, जिसमें एआई आधारित अनुवाद टूल अनुवादिनी की मदद से अंग्रेजी पाठ्यक्रम को हिंदी और उड़िया में बदला गया है। खास बात यह है कि इन क्षेत्रीय भाषाओं में शुरू हुए पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता और मूल्यांकन प्रणाली अंग्रेजी कोर्स के समान ही होगी।

डॉ. डिमरी ने आगे बताया कि इग्नू अब तमिल, तेलुगु, कन्नड़, पंजाबी, बंगाली, मराठी, गुजराती, मलयालम, उर्दू और असमिया जैसी भाषाओं में भी एमबीए पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है। यह पहल न केवल शिक्षा में समावेशिता को बढ़ावा देगी, बल्कि क्षेत्रीय भाषाओं के प्रति सम्मान और रुचि को भी मजबूती प्रदान करेगी।

### एमबीपीजी कॉलेज में 3 हजार से अधिक पंजीकरण

**हल्द्वानी :** कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी इन दिनों समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर रहे हैं। कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज एमबीपीजी कॉलेज में विभिन्न विषयों में रविवार तक 3 हजार से अधिक पंजीकरण किए जा चुके हैं। कॉलेज में सबसे अधिक पंजीकरण बीए वर्ग में 1616 हुए हैं। जबकि बीकॉम में 565, बीएससी मैथ्स में 359 और बीएससी बॉयोलॉजी में 369 पंजीकरण सहित कुल 3052 पंजीकरण हुए हैं। एमबीपीजी कॉलेज के प्रवेश प्रभारी डॉ. नवल लोहनी ने बताया कि 30 जून तक पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहेगी। जिस दौरान कॉलेज में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

### नृत्य योग की प्रस्तुति देकर मन को मोहा

**हल्द्वानी:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दूसरे दिन सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में नृत्य विधा पर आधारित उत्कृष्ट योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक वार्ष्णेय एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया। लखनऊ से आई नृत्य एवं योग निर्देशिका तनुजा औली सनवाल के निर्देशन में नीलम जोशी, अवंतिका शर्मा, योगिता त्रिपाठी ने गणेश, शिव तांडव, विष्णु स्तुति पर मनमोहक नृत्य योग की प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि नित्य योगाभ्यास के बल से मनुष्य स्वस्थ, तेजस्वी और दीर्घायु प्राप्त करता है। विशिष्ट अतिथि जगतप्रकाश त्रिपाठी ने यौगिक क्रियाओं से मन को नियंत्रण में रखने में सहायता मिलती है। प्राचार्य मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि शरीर रोगों का घर है, उसे योग के बल से स्वस्थ रखा जा सकता है। पूजा साह, ऐपण कलाकार और अतिथियों ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


नैनीताल क्लब में आयोजित गोष्ठी में मौजूद प्रबुद्धजन। ● अमृत विचार

# परिवार में पैदा करें पंच परिवर्तन का भाव: आनंद

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संपर्क विभाग) की ओर से नैनीताल क्लब में प्रबुद्ध नागरिक पंच परिवर्तन विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता क्षेत्र संपर्क प्रमुख आनंद ने कहा कि समाज के हर परिवार में पंच परिवर्तन का भाव पैदा करें। कहा कि स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों का पालन यह पंच परिवर्तन हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जोकि पूरे विश्व को शांति, सुख और समृद्धि की राह दिखा सकता है। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि भारत अपनी सनातन संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं के कारण से अनादिकाल से विश्व का मार्गदर्शन करता आया है। कहा कि आज जब देश एक नई ऊंचाई की ओर अग्रसर है, समाज में अनुशासन, देशभक्ति और समरसता की पुर्नस्थापना एक प्रमुख आवश्यकता बन गई है। इससे पूर्व प्रो. अजय अरोड़ा ने संघ के विषय में जानकारी दी और मोहित ने एकल गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर उप महाधिवक्ता एनएस पुंडीर, डॉ. हरीश रौतेला, ललित जोशी, अधिवक्ता विपुल शर्मा, राजेंद्र बिष्ट, रमेश जीना, राहुल शर्मा, डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा, डॉ. महेंद्र सिंह राणा, प्रो. ललित तिवारी, डॉ. किशोर चंदोला, धर्मेंद्र शर्मा, चंदन जोशी, नितिन सिंह कार्की, मनोज जोशी, भारत भट्ट व हरीश सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# समर्पित होकर कार्य करें पदाधिकारी: सुमित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** महानगर महिला कांग्रेस कमेटी हल्द्वानी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वराज आश्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश ने सभी पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मधु सांगुड़ी ने सभी नवनियुक्त सदस्यों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। नवनियुक्त पदाधिकारियों में ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सविता गुरुरानी, दीपा गोस्वामी, तलत को नियुक्ति पत्र दिए। गीता बहुगुणा, राधा चौधरी, मुन्नी पंत, मीनाक्षी नयाल को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। महामंत्री पद पर पुष्पा मेहता, भगवती पांडे, देवकी आर्य, कनक जीना, मुन्नी जोशी, वंदना ढोढल, रजनी देवी को सम्मानित किया गया और नियुक्ति पत्र दिए। भागीरथी उप्रेती, शांति कोरंगा, शाइस्ता बेगम, शबनम, मंजू आर्य, राखी आर्य, पुष्पा जोशी, पूजा देवी को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन महिला कांग्रेस की प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी रेनू तोमर ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, सुहैल अहमद सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष सतनाम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागीरथी बिष्ट, नीमा भट्ट, मंजू पांडे आदि रहे।


स्वराज आश्रम में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों के साथ विधायक सुमित हृदयेश व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### फरार आरोपियों के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा

**रामनगर :** बीती 13 जून की रात्रि को ग्राम बेड़ाझाल निवासी सारिम की हुई निर्मम हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा किए गए हैं। पुलिस इस मामले में सात आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस हत्याकांड में मोहल्ला गूलरघटटी निवासी मोहतसिम और अरमान का नाम भी जांच के बाद सामने आया था। उन्होंने बताया कि इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी, लेकिन दोनों लगातार फरार चल रहे थे। ऐसी स्थिति में दोनों आरोपियों के घर की कुर्की करने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इस मामले में न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर फरार दोनों आरोपियों के घर पर कुर्की करने का आदेश दिया गया था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद दोनों आरोपियों के घर पर जाकर पुलिस टीम ने लोगों की मौजूदगी में मुनादी के साथ यह नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई की है।


विधायक बंशीधर भगत का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# व्यापारियों ने विधायक भगत से मांगे कूड़ेदान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत से रविवार को कोटाबाग में व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मुलाकात की और मांगें उठाईं।

विधायक भगत से कोटाबाग व्यापार मंडल ने कूड़ेदान उपलब्ध कराने की मांग रखी। विधायक भगत ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए हल्द्वानी नगर आयुक्त ऋचा सिंह को कूड़ेदान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अध्यक्ष नवीन चंद्र पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा व्यापारियों के हित में काम करती है, कूड़ेदान की उपलब्धता से स्थानीय बाजार में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। विधायक भगत ने आश्वासन दिया कि वे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस दौरान कोटाबाग मंडल के विनोद बधानी, कमल बुडलाकोटी, जितेंद्र बुडलाकोटी, त्रिवेणी चंद्र, कैलाश चंद्र रिखाड़ी, ललित मोहन बिष्ट, चंद्र शेखर बुडलाकोटी, गौरव सागटा, राजेंद्र प्रसाद छिमवाल, घनानंद सागटा, कमल, सुरेंद्र एवं सुदर्शन कपकोटी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय दलों को जिम्मेदार ठहराया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की पहल पर क्षेत्रीय पार्टियों, जन संगठन, बुद्धिजीवियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित हुआ।

अग्रवाल सभा भवन में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी की अध्यक्षता एवं चारु तिवारी के संचालन में हुए सम्मेलन में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड की स्थिति बदहाल हो चुकी है और राज्य निर्माण के उद्देश्य चकनाचूर हो चुके हैं। आरोप लगाया कि इन सभी के लिए भाजपा व कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां जिम्मेदार हैं।

सम्मेलन के दौरान ही, मिशन उत्तराखंड 2027 समन्वय समिति का गठन किया गया। इस दौरान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में संविधान के 73 में संशोधन को पूर्णतः लागू करने, ग्राम सरकार की अवधारणा की मांग को लेकर लड़ने का फैसला लिया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश जुयाल, उत्तराखंड लोक वाहिनी के अध्यक्ष राजीव लोचन शाह, भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी के महासचिव जेसी उप्रेती आदि मौजूद रहे।



सम्मेलन में उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से पहुंचे क्षेत्रीय पार्टियों के प्रतिनिधि।

## विभाग के बेदखली नोटिस का जवाब जरूर दें: तनुप्रिया

**रामनगर, अमृत विचार :** बीते सप्ताह उत्तराखंड हाई कोर्ट द्वारा तराई पश्चिमी वन प्रभाग में वन गुजरों को खेती की जमीन से बेदखली की कार्रवाई को लेकर दिए गए फैसले से अवगत कराने व उत्तराखंड में वनाधिकार कानून के तहत जनता को अधिकार देने को लेकर वनाधिकार संघर्ष मोर्चा ने बैठक आयोजित की। समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार के संचालन में पर्वतीय सभा में आयोजित बैठक में वन गुजरों के मामले की कोर्ट में पैरवी कर रहीं अधिवक्ता तनुप्रिया जोशी ने बताया कि 16 जून को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वनाधिकार कानून के अनुपालन को लेकर ऐतिहासिक निर्णय देते हुए कहा है कि वनाधिकार कानून के तहत दावे प्रस्तुत करने वाले लोगों को दावे पर निर्णय आने से पूर्व हटाया नहीं जा सकता। बताया कि वन विभाग द्वारा किसी भी व्यक्ति को बेदखली का नोटिस मिलने पर उसे नोटिस का जवाब जरूर देना चाहिए। जवाब देने से वन विभाग की मनमानी को रोका जा सकता है। बैठक को हीरा जंगपांगी, मोहम्मद सफी, मोहम्मद कासिम, किसान संघर्ष समिति के महेश जोशी, जैनब, वन गुजर युवा ट्राइबल संगठन के अध्यक्ष मीरा हमजा, मदन सिंह, पीसी जोशी, वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष तरुण जोशी ने संबोधित किया। बैठक में वन गुजर समाज के लोगों के साथ ग्राम पूछड़ी, कालू सिद्ध आदि के ग्रामीणों व महिला एकता मंच की महिलाएं भी शामिल रहीं।

# एथलेटिक्स में दिखा खिलाड़ियों का दम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जिला खेल कार्यालय की ओर से स्पेशल कंपोनेंट योजना के अंतर्गत शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में अनुसूचित जाति बालक-बालिकाओं की एक दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता और विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने किया। 13 जून से 22 जून 2025 तक चले अनुसूचित जाति बालक विशेष प्रशिक्षण शिविर का भी समापन किया गया। दस दिवसीय शिविर में 36 खिलाड़ियों को अनुभवी कोचों द्वारा शारीरिक दक्षता, तकनीकी जानकारी और खेल भावना का प्रशिक्षण लिया। समापन समारोह में शिविर प्रतिभागियों को टी-शर्ट, स्पोर्ट्स शूज और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र पांडे, त्रिलोक जीना, महेश फर्त्याल, श्याम मन्नू भट्ट, गोविंद लटवाल, अंकुश रौतेला, महेश बिष्ट, शुभांगिनी शाह, किरण मौर्य, तनुजा आर्य आदि मौजूद थे।

### पुरुष वर्ग के परिणाम

**100 मीटर दौड़ :** सुजल आर्य (प्रथम), जितेश आर्य (द्वितीय), विकास कुमार (तृतीय), **400 मीटर दौड़ :** विनय कुमार (प्रथम), पुष्कर चंद (द्वितीय), प्रिंस आर्य (तृतीय), **800 मीटर दौड़ :** पुष्कर चंद (प्रथम), प्रिंस आर्य (द्वितीय), विनय आर्य (तृतीय), **गोला फेंक :** सुजल कुमार (प्रथम), करन आर्य (द्वितीय), पीयूष कुमार (तृतीय), **सटल रन :** विकास कुमार (प्रथम), शान्तनु आर्य (द्वितीय), पवन कुमार (तृतीय), **ब्रॉड जंप :** शान्तनु आर्य (प्रथम), हेमंत कुमार (द्वितीय), राहुल कुमार (तृतीय)

### बालिका वर्ग के परिणाम

**100 मीटर दौड़ :** नविता आर्य (प्रथम), खुशी आर्य (द्वितीय), अंजू आर्य (तृतीय)

**400 मीटर दौड़ :** नविता आर्य (प्रथम), छाया आर्य (द्वितीय), अंजली आर्य (तृतीय)

**गोला फेंक :** खुशी आर्य (प्रथम), अंजू आर्य (द्वितीय), छाया आर्य (तृतीय)

SAHAS Homeo
Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरूद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे विधायक चीमा

**काशीपुर:** आयरलैंड के कॉर्क शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में काशीपुर के विधायक त्रिलोक सिंह चीमा प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए वह रवाना हो चुके हैं।



भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नेतृत्व में छह सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल आयरलैंड के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना हो चुका है। इसमें विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायक अरविंद सिंह, विधायक गुरवीर सिंह, नरेंद्र सिंह रैना, तरुण चुग शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के समक्ष भारत का पक्ष और सांस्कृतिक पहचान प्रस्तुत करेंगे। इस यात्रा को लेकर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया है। विधायक चीमा ने कहा कि उत्तराखंड के विधायक को इस मंडल में शामिल किया जाना उनके लिए गर्व की बात है और इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निभाने का संकल्प उन्होंने लिया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री के "वसुधैव कुटुम्बकम्" के दृष्टिकोण को लेकर वह आयरलैंड में भारत की विविधता, एकता और समृद्ध संस्कृति की छवि को वैश्विक मंच पर मजबूती से प्रस्तुत करेंगे।

# रुद्रपुर में दंगों की जांच की मांग, किया धरना-प्रदर्शन

### उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को भेजा ज्ञापन



किच्छा में कांग्रेस विधायक के खिलाफ प्रदर्शन करते अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** रुद्रपुर में हुए दंगों से संबंधित कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा दिए गए बयान के बाद शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने नगर के कोतवाली गेट के निकट स्थित अंबेडकर पार्क में विधायक बेहड़ का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विधायक बेहड़ से रुद्रपुर दंगे के दोषियों का नाम सार्वजनिक करने अथवा अपने वक्तव्य के लिए समाज से माफी मांगने की मांग की।

प्रदर्शन के बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय में उप जिलाधिकारी गौरव पांडे एवं तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित सौंपा। कार्यकर्ताओं ने सरकार से 2 अक्टूबर को रुद्रपुर में हुए जाति दंगों की जांच कराने तथा कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ के बयान का संज्ञान लेकर दंगे के दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधायक बेहड़ को दंगे के सभी दोषियों के नाम सार्वजनिक करने चाहिए तथा अगर वह नाम सार्वजनिक नहीं करते हैं तो उन्हें अपने बयान पर माफी मांगते हुए खेद व्यक्त करना चाहिए। पुतला दहन करने के दौरान हाजी इदरीश कुरैशी, नाजिम मलिक, रईस अहमद बरकाती, जावेद मलिक, शकील खान, मुशर्रफ मलिक, फहीम खान, फुरकान मलिक, डॉ. हारून मलिक, चांद मलिक, जीशान मलिक, वहीद पहलवान, हाफिज फहीम, मोहम्मद अजहर आदि मौजूद रहे।

### 16 जून की रात्रि कांग्रेसी नेता रवि पपनै पर तीन नकाबपोशों ने किया था हमला

# कांग्रेसी नेता पर हमले के दो आरोपी दबोचे

शिकंजा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेसी नेता रवि पपनै पर हमला करने के दो आरोपियों को आईटीआई थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि घटना में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। सीओ दीपक सिंह ने मामले का खुलासा किया। उनके अनुसार घटना को रंजिशन अंजाम दिया गया था।

आईटीआई थाना अंतर्गत सैनिक कॉलोनी निवासी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव एवं कुमाऊं संयोजक आईटी सेल रवि पपनै ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि 16 जून की रात करीब 11 बजे नकाब पहनकर आये तीन लोगों ने उन पर हमला करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मामले की जांच में गठित टीम ने सीसीटीवी कैमरों के अवलोकन व जानकारी के आधार पर पाया कि अयान शेख निवासी जसपुर खुर्द, सौरभ दिवाकर निवासी दुर्गा कॉलोनी, जसपुर खुर्द और हर्षित राणा निवासी गढ़वाल सभा, जसपुर खुर्द ने घटना को अंजाम दिया है।

रविवार को खुलासा करते हुए सीओ दीपक सिंह ने बताया कि घटना का मुख्य आरोपी अयान शेख है, जो काफी शातिर व आपराधिक किस्म का व्यक्ति है।

इसके विरुद्ध पूर्व से लूट, चोरी व मारपीट आदि के 12 अभियोग पंजीकृत है। बीते दिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चैती मैदान से अयान शेख व सौरभ दिवाकर को हिरासत में लिया। अयान शेख ने पूछताछ में बताया कि कुछ माह पूर्व एक लड़के के साथ उसका विवाद हो गया था, जिसमें रवि पपनै ने उस लड़के का पक्ष लिया था। इस बात को लेकर वह पपनै से रंजिश रखने लगा था। बताया कि 16 जून को वह अपने साथी सौरभ व हर्षित के साथ मोटर साइकिल से कृष्णा अस्पताल की तरफ जा रहा था।

तभी रवि पपनै वहां अकेला दिखा, तो उसने व सौरभ ने अपना मुंह ढक कर उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान तीसरा साथी हर्षित मोटरसाइकिल पर ही बैठा था। आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि घटना की वीडियो किसने बनाई इसकी उसे कोई जानकारी नहीं है।

वहीं इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बतायसा कि इस घटना में सम्मिलित तीसरे आरोपी हर्षित राणा की तलाश की जा रही है। जल्द ही तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक पुष्कर दत्त भट्ट, कांस्टेबल नीरज शुक्ला व गिरीश विद्यार्थी थे।

### खुलासे पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव पपनै ने उठाए सवाल

**काशीपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं कुमाऊं संयोजक आईटी सेल रवि पपनै ने पुलिस के खुलासे को लेकर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने खुलासे के पीछे कुछ लोगों को बचाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के आईटी सेल के प्रदेश सचिव रवि पपनै पर बीते दिनों कुछ अज्ञात नकाबपोश हमलावरों ने हमला कर दिया था। रवि पपनै पर हुए हमले को लेकर कांग्रेसियों ने तहरीर सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। वहीं पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने भी इस घटना की निंदा कर गुंडा तत्वों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई करने की मांग उठाई थी। रविवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक फरार है। लेकिन खुलासे को लेकर पीड़ित रवि पपनै ने फेसबुक पर लाइव आकर सवाल खड़े किये हैं। रवि के मुताबिक अगर हमला करने वाले ने वीडियो नहीं बनाई, और वो आम नागरिक था तो वीडियो बनाने वाला हमले के समय साथ-साथ कैसे भाग रहा है। उन्होंने कहा कि उस व्यक्ति का नाम बताया जाए जिसके साथ पकड़े गए आरोपी का पूर्व में झगड़ा हुआ था। बताएं कि उन्होंने किसकी कोई पैरवी की थी? काशीपुर पुलिस ये क्यों नहीं बताती कि इतने दिन से यह जांच क्यों नहीं पर पाई कि सबसे पहले घटना का वीडियो किसने डाला था। उन्होंने आरोप लगाया कि क्या काशीपुर पुलिस किसी राजनीतिक रसूखदार को इस मामले में बचाने के लिए झूठी कहानी गढ़ रही है।

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिया सफाई का संदेश

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला सचिव द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान सिविल कोर्ट के वरिष्ठ सिविल जज दुर्गा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें कोर्ट परिसर, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन में रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक ण् किया गया।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने " सब रोगों की एक दवाई, आस पास की करो सफाई", " हम सब ने यह ठाना है, देश को स्वच्छ बनाना है " के बैनर के साथ जागरूकता रैली निकाली। नगर पालिका सफाई कर्मचारी के सहयोग से कोर्ट परिसर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता राम बचन, चंचला सिंह, शहाना बेगम, स्नेह प्रभा, अब्दुल मजीद, कमान सिंह धामी, आरबी सिंह राणा, प्रभु दयाल, विमल कुमार, मंजू बिष्ट, गीता शर्मा, भगवती राणा, ठगो, पिंकी, मीरा देवी, आशा रानी ने माया देवी सहित सफाई कर्मी और कोर्ट स्टाफ मौजूद रहे।




खटीमा में विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते न्यायालय से जुड़े लोग।

### न्यायालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**काशीपुर :** न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत जगह-जगह स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ब्याल, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव, सिविल जज पायल सिंह, सिविल जज करिश्मा डंगवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतन गौतम, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश चौबे, सचिव नृपेंद्र चौधरी, उप सचिव सूरज कुमार, उमेश जोशी एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, भास्कर त्यागी एडवोकेट, सैयद आसिफ अली एडवोकेट, संजीव आकाश एडवोकेट, डिप्टी नाजिर मुन्ना, समस्त कर्मचारी गण, पुलिस गण आदि लोगों ने भाग लिया।

# ट्रेड यूनियन की हुई बैठक में हुआ मंथन

- नौ जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने पर हुई चर्चा
- चार श्रम संहिताओं के खिलाफ खोला है मोर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चार श्रम संहिताओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन की जिला कार्यकारिणी की एक आपात बैठक एक्टू कार्यालय पर हुई। जिसमें नौ जुलाई को होने वाली हड़ताल को सफल बनाने पर मंथन हुआ और आंदोलन की ठोस रणनीति भी बनाई।

रविवार को बैठक एक्टू के प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड के के बोरा की मौजूदगी में प्रारंभ हुई। संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार ने 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर श्रमिकों का अहित किया और श्रमिकों को गुलाम बनाने के उद्देश्य से चार श्रम संहिताएं लागू कर रही है। नए श्रम संहिता में काम के निर्धारित समय को बढ़ा दिया है। साथ ही यूनियन बनाने का संवैधानिक अधिकार को भी समाप्त कर दिया है। इसके अलावा चार श्रम संहिता में स्थाई नौकरी पाना असंभव है। यही कारण है कि एक्टू ने देशव्यापी हड़ताल किए जाने का आह्वान किया है। नौ जुलाई को देशव्यापी हड़ताल यदि सफल होती है, तो श्रमिकों को उनका अधिकार मिल सकता है। ऐसे में सभी यूनियन प्रचार-प्रसार कर हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी, भाकपा माले जिला सचिव ललित मटियाली, अनिता अन्ना,साहब सिंह,कमलेश कार्की, कमल दानू,विनोद रावत, गोविंद सिंह, जीवन कांडपाल,राजपाल, चंदन पाल, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।




रुद्रपुर में रविवार को बैठक करते एक्टू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय अल्मोड़ा
वैवाहिक वाद सं०-140 वर्ष 2024
याची शिव सिंह अधिकारी
बनाम
उत्तरदाता- अनीता
प्रापक 1- श्रीमती अनीता पत्नी श्री शिव सिंह अधिकारी पुत्री श्री प्रताप सिंह कड़ाकोटी निवासी ग्राम जिहाड़ पोस्ट सीम तहसील सल्ट जिला अल्मोड़ा हाल निवासी अपने मायके ग्राम व पोस्ट उगलिया तहसील भिक्यासैण जिला अल्मोड़ा।
अतः उपरोक्त याची ने एक वाद दाम्पत्य अधिकारो का प्रत्यास्थाना हेतु अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 का आप उत्तरदाता के विरुद्ध माननीय न्यायाल में प्रस्तुत किया है।
अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आप अथवा समुचित रुप से निर्देशित अधिवक्ता द्वारा दिनाँक 05-07-2025 को 10:00 बजे दिन इस न्यायालय में उपस्थित हो। उक्त याचिका के विपरीत आपको कोई आपत्ति हो उसे प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त याचिका आपकी अनुपस्थिति में एक तरफा सुनी तथा निर्णित की जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनाँक 16-06-25 को जारी किया गया।
न्यायालय कुटुम्ब न्यायाधीश
जनपद अल्मोड़ा

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# कांग्रेस ने की पंचायत चुनाव के जिला पर्यवेक्षकों की सूची जारी

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रदेश में पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही कांग्रेस ने भी जिले के पर्यवेक्षकों की सूची जारी कर दी है। जिसके पर्यवेक्षक प्रत्येक विधानसभा में जाकर ब्लॉक एवं नगर अध्यक्षों के साथ बैठक कर रायशुमारी करेंगे।



हिमांशु गाबा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने बताया कि पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर नौ विधान सभाओं के पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। जिसमें विजय भुड्डी को जसपुर, पुष्कर राज जैन को काशीपुर, संदीप सहगल का बाजपुर, गुरदीप सिंह को गदरपुर, ममता हल्दार को रुद्रपुर, नवतेज पाल सिंह को किच्छा, गणेश उपाध्याय को सितारगंज, राजेंद्र शर्मा को नानकमत्ता और मीना शर्मा को खटीमा विधानसभा का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। साथ ही आदेशित किया कि नियुक्त पर्यवेक्षक अपनी-अपनी विधानसभा में जाकर ब्लॉक एवं नगर अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ भी रायशुमारी कर पंचायत सदस्यों की एक सूची तैयार करेंगे। जिस के बाद ही पंचायत चुनाव के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ही विजयी होंगे।

## योग पर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**गदरपुर:** माय भारत ऊधमसिंह नगर के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीषा चावला के द्वारा योग कार्यक्रम और योग प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम नई बस्ती, ग्राम पंचायत गूलरभोज, विकासखंड में किया गया। कार्यक्रम में विशेषकर बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने प्रतिभाग करते हुए योग की क्रियाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान योग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम संजना,द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः अमन व नीलम रहे। विजय प्रतिभागियों को मैडल पहनकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे अनुसूचित जाति युवा मोर्चा, दिनेशपुर के मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, माया देवी, रागिनी, रजनी, राज, सीमा रहे।



किच्छा तहसील में एसडीएम मिश्रा को विदाई देते लोग। ● अमृत विचार

### किच्छा एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को दी भावभीनी विदाई

**किच्छा :** नगर के उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा की पदोन्नति यूएस नगर अपर जिलाधिकारी पद पर होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है। जिसके चलते तहसील परिसर में आयोजित विदाई समारोह उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में तमाम विभागीय अधिकारी कर्मचारियों सहित तमाम संगठन एवं राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने शिरकत की। सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने एडीएम कौस्तुभ मिश्रा को स्मृति चिह्न व गुलदस्ता भेंट किया। इस मौके पर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, जीवन जोशी, नासिर हुसैन, सईदुल रहमान मलिक, एनयू खान, डॉ. गणेश उपाध्याय, संदीप जुनेजा, कैलाश पंडित, सुरेंद्र खुराना, प्रेम सिंह के अलावा तहसील प्रशासन कर्मचारी, अधिवक्ता संघ, सूचना इकाई सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## व्यापारी हितों की रक्षा को लिया हर संभव प्रयास का संकल्प

**किच्छा:** उत्तराखंड देवभूमि व्यापार मंडल का नगर अध्यक्ष बनने के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने संगठन के जिला एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। अरोड़ा ने कहा कि वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत नगर में व्यापार मंडल की इकाई का गठन किया जाना नितांत आवश्यक हो गया था। उन्होंने कहा कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। वहीं नवनियुक्त नगर महामंत्री नितिन फुटेला ने कहा कि व्यापारियों को साथ लेकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही देवभूमि व्यापार मंडल से व्यापारियों को जोड़ने के लिए नगर में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा तथा अभियान पूरा होने के बाद व्यापार मंडल के चुनाव भी संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यकारिणी एक विकल्प के रूप में गठित की गई है तथा सदस्यता अभियान पूरा करने एवं चुनाव के बाद व्यापारियों द्वारा चुने गए पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी और दायित्व का निर्वहन करेंगे।

समस्या | जेसीबी से खोला नाले का निकास, बारिश के पानी से व्यापारियों का सामान भीगा

# निकासी बंद होने से दुकानों में घुसा बरसाती पानी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** टनकपुर रोड पर जामा मस्जिद के आगे एनएच द्वारा बनाए गए नाले का निकास बंद होने से मस्जिद की दुकानों में बारिश का पानी भर गया। जलभराव का आभास होते ही दुकानदारों ने इसकी जानकारी नगर पालिका को दी। जिस पर जेसीबी लगाकर नाले का अवरुद्ध मार्ग खोला गया और लोगों ने राहत की सांस ली।

गत सप्ताह नाले की सफाई के दौरान निकले कचरे को नाले के किनारे डाला गया था जिससे एनएच द्वारा रोड के किनारे बनाए गए नाले का निकास द्वार बंद हो गया था। रविवार सुबह हुई अचानक तेज बारिश से पानी नाले की निकासी के अभाव में मस्जिद की दुकानों में भरने लगा। तभी दुकानदारों ने आनन-फानन में पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू सहित नगर पालिका के कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। थोड़ी देर बाद ऐंठा नाले के किनारे नाली का अवरुद्ध मार्ग खोला गया तब जाकर टनकपुर रोड के दुकान स्वामियों ने राहत महसूस की। इसके बाद दुकानों से पानी उतर गया।



खटीमा में एनएच के नाले की निकासी बंद होने से दुकानों में घुसा बारिश का पानी।

### खटीमा में रविवार को झूमकर बरसे मेघ

**खटीमा :** पिछले कई दिनों की भीषण गर्मी से तप रहे लोगों को सुबह उठते ही बारिश ने राहत दी। जब रिमझिम बरसात शुरू हो गई और बाद में जमकर वारिश हुई। करीब तीन घंटे तक कभी तेज और कभी रिमझिम फुहार पड़ती रही। जिससे पिछले एक सप्ताह से पद रही गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं धान की रोपाई और गन्ने की फसल को फायदा हुआ है। थारू राजकीय इंटर कालेज स्थित मौसम केंद्र प्रभारी एनएस रौतेला ने बताया कि आज का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वहीं वर्षा 23 मिमी रिकॉर्ड की गई है।

## एक नजर

### सड़क पर घायल मिली बुजुर्ग महिला, पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया

**बाजपुर :** बन्नाखेड़ा-बेलपड़ाव मुख्यमार्ग पर करीब 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला घायल अवस्था में पड़ी मिली। उसके किसी वाहन की चपेट में आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। घायल को कालाढूंगी क्षेत्र में तैनात 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला मानसिक रूप से कमजोर बताई जा रही है, जोकि अपने बारे में कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक बुजुर्ग महिला बन्नाखेड़ा-बेलपड़ाव मुख्यमार्ग पर आरबीआई प्रशिक्षण केंद्र के निकट सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ी हुई है। इस पर कालाढूंगी की 108 एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया और घायल बुजुर्ग महिला को उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सीय टीम ने उसका उपचार शुरू कर दिया। महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है, जो कि अपना नाम व पता कुछ भी नहीं बता पा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता

**किच्छा :** कोतवाली अंतर्गत रुद्रपुर मार्ग स्थित कॉलोनी से एक नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों से उसे खोजने की काफी कोशिश की लेकिन जब खोजबीन के बाद भी नाबालिग का कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुत्री को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोज शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार नाबालिग पुत्री घर में रखी सोने की अंगूठी तथा अपना आधार कार्ड भी ले गई है।

### घर का ताला तोड़ पौने दो लाख की नकदी उड़ाई

**काशीपुर :** दंपत्ति की गैर मौजूदगी का फायदा उठाते चोरों ने एक घर पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर से करीब पौने दो लाख रूपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी करके फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। जानकारी के अनुसार कुंडा थानांतर्गत ग्राम मिस्सरवाला निवासी इरशाद पुत्र सूखा ने मंडी पुलिस चौकी में तहरीर सौंपकर बताया कि शनिवार को उसकी पत्नी मायके गई थी और वह अपने काम पर गया था। शाम को काम से लौटते वक्त वह पत्नी को साथ लेकर घर लौटा। कमरे में पहुंचा तो देखा कि सारा सामान बिखरा था और संदूक में रखी गई पौने दो लाख रुपये की नकदी गायब थी। इसके अलावा सोने की एक अंगूठी, सोने का पेंडल और चांदी की पाजेब भी चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

# वायरल वीडियो को एसएसपी ने हटवाया

- दोस्तों ने डाली थी इंस्टाग्राम पर वीडियो, खेड़ा फायरिंग का मामला, दो युवकों का चालान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** खेड़ा बस्ती में सरेराह गोलीबारी और हत्या के प्रयास के आरोपी की कोर्ट परिसर की वीडियो वायरल होने पर एसएसपी बेहद सख्त दिखे और उन्होंने अधीनस्थों को आदेशित कर तत्काल इंस्टाग्राम पर डाली गई पोस्ट को डिलीट कराया और दो युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस एक्ट के तहत चालान भी कर दिया।

बताते चले कि 18 जून की देर रात्रि को खेड़ा बस्ती में नंदन उर्फ चंदन यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग की थी। जिसमें इमरान नाम का युवक भी घायल हुआ था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी नंदन को गिरफ्तार कर लिया और 21 जून को न्यायालय में पेश भी किया। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के दौरान फायरिंग के आरोपी युवक के दोस्तों ने गोपनीय तरीके से वीडियो बनाई और दबंग गाने के साथ उसे इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। जिसका संज्ञान लेते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने तत्काल कोतवाल मनोज रतूड़ी को आदेशित किया और पुलिस ने तत्काल इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने वाले दो युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस एक्ट के तहत चालान काटकर हिदायत देकर छोड़ दिया और वीडियो भी डिलीट करवा दी।

### शनिवार की शाम चाकू से गोदकर की थी हत्या, पुलिस ने चाकू भी किया बरामद, न्यायालय के समक्ष किया

# मुर्सलीन हत्याकांड में हत्यारोपी पति शादाब गिरफ्तार

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बीते शनिवार की रात्रि को पत्नी की निर्ममता से हत्या करने के आरोपी पति शादाब को गदरपुर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

मुर्सलीन हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने रविवार को बताया कि 21 जून की शाम करीब साढ़े छह बजे धीमरखेड़ा गदरपुर निवासी शादाब ने खाना खाते वक्त अपनी पत्नी मुर्सलीन की चाकू से गोदकर निर्ममता से हत्या कर दी थी और घटनास्थल से फरार हो गया था।



मुर्सलीन हत्याकांड के आरोपी के साथ खुलासा करते एसएसपी। ● अमृत विचार

इस प्रकरण में पुलिस ने मृतका के भाई इस्तकार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी। रविवार की शाम को खबर मिली कि हत्यारोपी शादाब मोतियापुर तिराहे काशीपुर मार्ग स्थित एक विश्राम गृह में देखा गया है जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर दिया और निशानदेही पर चाकू भी बरामद कर लिया।

### दहेज प्रताड़ना का दंश झेल रही थी मुर्सलीन

**रुद्रपुर :** मीरापुर मीरगंज रामपुर यूपी निवासी इस्तकार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि करीब 12 साल पहले उसकी बहन की शादी शादाब से हुई थी और तभी से पति व ससुराल वाले उसकी बहन को दहेज की खातिर शारीरिक और मानसिक यातनाएं देते रहते थे लेकिन बहन वैवाहिक जीवन को सुखद बनाने का प्रयास करती रही। पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर पर हत्यारोपी शादाब,ससुर नवाब हुसैन,देवर नदीम,ननद समद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हत्याकांड में नामजद आरोपियों की कितनी भूमिका है, इसकी तफ्तीश कर रही है।

### चिल्लाती रही मासूम, हैवान बन चुका था शादाब

**रुद्रपुर :** पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम को जब मुर्सलीन ने खाना बनाकर अपने नशेड़ी पति के सामने परोसा तो किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, लेकिन मुर्सलीन को यह इल्म नहीं था कि छोटा सा विवाद ही उसकी हत्या की वजह बन जाएगा। आरोप है कि नशेड़ी पति शादाब ने धारदार चाकू उठाया और पत्नी पर प्रहार करने लगा। यह देख पास खड़ी मासूम बच्ची पिता से मां को छोड़ने की भीख मांगती रही और चिल्ला कर बचाने की कोशिश करती रही लेकिन पिता हैवान बन चुका था और देखते ही देखते मुर्सलीन ने अपनी बच्ची के सामने ही दम तोड़ दिया।

# खटीमा में मॉर्निंग वॉक को निकले पूर्व सैनिक की सड़क हादसे में मौत

### ईएमई से सेवानिवृत थे हरेंद्र, बनबसा के शारदा घाट पर किया गया अंतिम संस्कार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** टनकपुर रोड पर मॉर्निंग वॉक को निकले पूर्व सैनिक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। उन्हें तत्काल नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पूर्व सैनिक का अंतिम संस्कार बनबसा के शारदा घाट पर किया गया। पुलिस घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।



हरेंद्र सिंह (फाइल फोटो)।

लोहियाहेड रोड निवासी पूर्व सैनिक हरेंद्र सिंह जेठी (59) पुत्र स्व. खुशाल सिंह रविवार सुबह टनकपुर रोड पर वॉक करने निकले थे। वह अमाऊं में पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को तत्काल नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के साथ ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पूर्व सैनिक का अंतिम संस्कार बनबसा के शारदा घाट में किया गया। जहां बनबसा आर्मी कैंट के जवान ने पूर्व सैनिक की चिता पर पुष्प चक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी। मुखाग्नि उनके पुत्र हिमांशु जेठी ने दी। पूर्व सैनिक अपने पीछे पत्नी बबीता जेठी, दो पुत्रियों भावना बोरा, प्रियंका बिष्ट और पुत्र हिमांशु को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। चकरपुर चौकी प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जिसमें पता चला है कि टक्कर किसी बस से हुई है।

पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने बताया कि हरेंद्र सिंह ईएमई से सेवानिवृत्त थे और वर्तमान में अशोका लीलेंड रुद्रपुर में कार्यरत थे।




पूर्व सैनिक की चिता पर पुष्पचक्र अर्पित कर अंतिम विदाई देता बनबसा कैंट का जवान। ● अमृत विचार

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**सितारगंज :** सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर हादसे के जिम्मेदार अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार ग्राम साधूनगर निवासी राहुल कुमार की शनिवार सुबह बाइक से घर लौट रहे थे। वह जैसे ही लामाखेड़ा गुरुद्वारे के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। राहुल को गंभीर हालत में ग्रामीणों की मदद से सरकारी अस्पताल सितारगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने घटना की सूचना कोतवाली सितारगंज में देते हुए बताया कि राहुल परिवार का एकमात्र कमाने वाले सदस्य था। उनकी मौत से दो छोटे बच्चे अनाथ हो गए हैं। उन्होंने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हाईकोर्ट के आदेश पर पीडब्ल्यूडी ने अतिक्रमण हटाने को दिया नोटिस

**काशीपुर, अमृत विचार:** पुरानी अनाज मंडी-चैती मेला मार्ग पर एक व्यक्ति द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर पीडब्ल्यूडी ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने नोटिस जारी कर 10 दिनों में अवैध कब्जा हटाने को कहा है।

सुनील यादव ने नैनीताल उच्च न्यायालय में रिट दायर कर कहा था कि जसपुर खुर्द निवासी जसवीर सिंह ने कुंडेश्वरी रोड पर अस्थाई निर्माण कर अतिक्रमण किया हुआ है।

याचिका पर सुनवाई कर हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। पारित आदेश के अनुपालन में लोनिवि ने नोटिस जारी कर जसवीर सिंह द्वारा अनाज मंडी-चैती मेला मार्ग के किलोमीटर 1.00/2.00 पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण, बाउंड्रीवाल, चबूतरा आदि अवैध अतिक्रमण को दस दिनों में हटाने का निर्देश दिया है। नोटिस में अतिक्रमण न हटाने पर पुलिस बल की सहायता से लेने की चेतावनी दी गई है। लोनिवि ईई अरुण कुमार ने बताया कि अतिक्रमण पर सभी जगह कार्यवाही चल रही है। नोटिस दिए गए हैं और आपत्तियां भी ली जा रही है। यदि व्यक्ति अपने वैध कागजात दिखा दें तो कार्यवाही नहीं की जाएगी। अन्यथा कार्यवाही निश्चित है।

# घरेलू कलह से तंग अधेड़ ने नदी में लगा दी छलांग



देवहा नदी में राजाराम की तलाश में जुटी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम।

- तलाश में जुटी पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें, शनिवार देर रात की घटना

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** एक अधेड़ ने देर रात देवहा नदी में छलांग लगा दी। घटना के समय अधेड़ का पुत्र उसे रोकने के लिए पीछा कर रहा था जब तक पुत्र पिता को रोक पाता अधेड़ ने नदी में छलांग लगा दी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें अधेड़ की तलाश में जुटी हैं।



राजाराम।

जानकारी के अनुसार घर में हुए विवाद से खफा मझोला निवासी राजा राम (52) पुत्र उमाचरण देवहा नदी की ओर चल दिया। राजा राम को रोकने के लिए परिजन भी उसके पीछे दौड़े लेकिन वह उसे उसे रोक पाते इससे पहले राजा राम ने शनिवार देर रात्रि करीब पौने दस बजे हल्दी घेरा के पास देवहा नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची सत्रह मील चौकी पुलिस और ग्रामीणों ने खासा प्रयास किया लेकिन अधेड़ का पता नहीं चल सका। रविवार सुबह से ही पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ की टीम नदी में राजाराम की तलाश में जुटी है। अलबत्ता टीम को अभी सफलता नहीं मिली है। अचानक घटी घटना से परिवार सदमे में है। वहीं राजाराम की तलाश की जा रही है। मौके पर चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, एसडीआरएफ टीम एसआई सुरेंद्र सिंह, खीम सिंह बिष्ट, कृष्ण कुमार रावत, अवनीत सिंह, रोहित परिहार, मंगल दीप, नितिन शर्मा आदि रहे।

# विवाह से इंकार करने पर युवक पर जानलेवा हमला

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** ग्राम घुसरी बगिया में जबरन रिश्ता तय करने को लेकर एक परिवार पर हमला कर दिया गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पीड़ित चन्द्रशेखर ने थाने में सौंपी तहरीर में बताया कि बीते शनिवार की रात करीब 10 बजे विरेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार पुत्रगण मुन्ना लाल, विरेन्द्र का साला तथा दो अज्ञात लोग उसके घर पहुंचे और पहले से शादीशुदा महिला सुनीता का रिश्ता जबरन उसके साले के बेटे सुनील से कराने का दबाव डालने लगे। विरोध करने पर हमलावरों ने सुनील के साथ लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने आई चन्द्रशेखर की पत्नी माया देवी और भाई अनिल कुमार को भी पीटा गया, साथ ही माया देवी के साथ अभद्रता कर गाली-गलौच की गई। घायल सुनील को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर किया गया है, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में छात्र की जान गई

- बहन के साथ बाजार से वापस घर लौट रहा था छात्र

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिले में सड़क हादसों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे ही रविवार को हुए एक हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से जहां इंटरमीडिएट के छात्र की मौत हो गई।



अभिनव (फाइल फोटो)।

जानकारी के अनुसार गंगापुर रोड निवासी मलकीत चुघ का 18 वर्षीय बेटा अभिनव चुघ इंटरमीडिएट का छात्र है और रविवार की सुबह वह अपनी छोटी बहन पीहू के साथ बाजार गया था। वह अपनी स्कूटी से बहन के साथ घर लौट रहा था कि गंगापुर रोड एफसीआई गोदाम के सामने अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और दोनों भाई-बहन सड़क पर जा गिरे। गंभीर रूप से घायल छात्र को आनन-फानन में निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्र की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**रुद्रपुर :** गांव रामेश्वरपुर लालपुर निवासी 87 वर्षीय धनी लाल 24 मई को अपनी बाइक से सितारगंज रिश्तेदार को छोड़कर वापस आ रहा था कि गांव बरी के समीप ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका रुद्रपुर स्थित प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**बैठक** — त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बढ़ाई अपनी सक्रियता

# कोतवाल ने पुलिस कर्मियों को सौंपी बीट की जिम्मेदारी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। रविवार की सुबह कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी व वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल ने कोतवाली व इससे जुड़ी पुलिस चौकियों में तैनात उपनिरीक्षकों, बीट पुलिस कर्मियों आदि की बैठक लेकर चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पुलिस बीटों का पुनर्गठन किया गया और प्रत्येक बीट में दो से तीन पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जोकि अपने-अपने बीट क्षेत्र की प्रत्येक गतिविधि पर हर समय नजर रखेंगे और विवाद एवं शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति न बने इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कोई भी बात होने पर जरूरी कदम उठाने के साथ ही उच्चाधिकारियों को समय से सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर कोतवाल कोश्यारी ने कहा कि चुनाव के दौरान खासकर ग्रामीण क्षेत्र में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू हो जाती है और लड़ाई-झगड़े की प्रबल संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में हमें पूरी सतर्कता एवं निष्पक्षता के साथ काम करना है। बैठक में अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्यवाही करने, हिस्ट्री शीटर की निगरानी करने, सक्रिय अपराधी की तस्दीक करने, थाना क्षेत्र के असलाह जमा करने के साथ प्रत्येक दिवस बीट क्षेत्र में जाने, बीट बुक तैयार कर सूची बनाने, थाना-चौकी में मौजूद रहकर आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल, बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा, दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी रमेश चंद्र बेलवाल, सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, बरहैनी चौकी प्रभारी अशोक कांडपाल, महिला एसआई कुसुम रावत के बीट पुलिस कर्मी रहे।



बाजपुर कोतवाली में उपनिरीक्षकों एवं बीट पुलिस कर्मियों की बैठक लेते कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी। ● अमृत विचार

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# अमेरिकी हमलों के बाद

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों में शामिल होते हुए रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। बमबारी से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया। चिंता की बात है कि वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव बड़े पैमाने पर संघर्ष को जन्म दे सकते हैं। ईरान को कमजोर करने के लिहाज से अमेरिका का यह एक जोखिम भरा कदम है, जिससे बड़े पैमाने क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक दुनिया के तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर होने की बात एक जटिल और चिंताजनक स्थिति है। क्योंकि मध्य पूर्व में सैन्य हस्तक्षेप अक्सर अनपेक्षित परिणाम और क्षेत्रीय अस्थिरता का कारण बनते हैं। इसलिए मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ते तनाव पर ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात करके चिंता जताई। यह अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, यह एक व्यापक रूप से स्वीकृत विचार है। कूटनीति, जो आपसी समझ और सहयोग पर आधारित है, स्थायी शांति और स्थिरता लाने में अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। सैन्य हस्तक्षेपों के बजाय, बातचीत और राजनयिक प्रयासों के माध्यम से संघर्षों को सुलझाने पर जोर दिया जाता है। यह आवश्यक है कि दुनिया के देश कूटनीति और बातचीत के माध्यम से इन तनावों को कम करने के लिए मिलकर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि परमाणु हथियारों का उपयोग न किया जाए। कूटनीति के माध्यम से ही शांति और सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जरूरी है कि सहयोग और विश्वास-निर्माण के प्रयासों को बढ़ावा देकर बहुपक्षीय कूटनीति का उपयोग हो। निःसंदेह मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए। कूटनीति को एक महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

# दुनिया जल रही है, मगर पहरेदार मौन है



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

**उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद- विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा।**

बीते कुछ वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जिस गति से युद्ध, टकराव और राजनयिक असंतुलन की घटनाएं बढ़ी हैं, उसने पूरी दुनिया को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सोचने को मजबूर कर दिया है। विशेष रूप से 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इसके प्रभाव केवल पूर्वी यूरोप तक सीमित नहीं हैं। लाखों नागरिक विस्थापित हुए, हजारों मारे गए, और यूक्रेन का बुनियादी ढांचा - स्कूल, अस्पताल, जल और बिजली संयंत्र -बर्बाद हो चुका है। वैश्विक खाद्य संकट गहराया है क्योंकि रूस और यूक्रेन, दोनों गेहूं और तेल बीजों के बड़े निर्यातक रहे हैं। इस भयावहता के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद सीमित और प्रतीकात्मक रही है। रूस, जो सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है, हर निर्णायक प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग करता है। यूएन महासभा ने युद्ध की निंदा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए, लेकिन वे केवल 'अनुशंसा' हैं, बाध्यकारी नहीं। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VI के अंतर्गत शांतिपूर्ण समाधान की अपील और अध्याय VII के अंतर्गत दबावयुक्त कार्रवाई -दोनों ही कानूनी रूप से संभव हैं, लेकिन स्थायी सदस्य देशों की राजनीतिक सहमति के अभाव में कभी प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाते। यह स्थिति संयुक्त राष्ट्र की सबसे गंभीर विफलताओं में गिनी जा सकती है।

उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद - विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा। यह कोई विवादित क्षेत्र नहीं, बल्कि भारतीय गणराज्य की एक संवैधानिक और ऐतिहासिक इकाई है, जिसे पाकिस्तान बार-बार आतंकवाद के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिश करता रहा है। वास्तव में, पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद को राज्य नीति के रूप में इस्तेमाल करता आया है- वह लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को पनाह और प्रशिक्षण देता है, जो भारत में निर्दोष नागरिकों की हत्याएं करते हैं। 26/11 से लेकर पुलवामा तक और उरी से लेकर पठानकोट तक, हर हमले की जड़ें पाकिस्तान में पाई गई हैं। और यह सब तब है जब पूरी दुनिया जानती है कि ओसामा बिन लादेन जैसे वैश्विक आतंकी को भी पाकिस्तान ने अपने सैन्य अड्डों के पास वर्षों तक छिपा रखा था। फिर भी संयुक्त राष्ट्र, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा करता है, इन गंभीर तथ्यों पर खामोश रहता है। पहलगाम में हुए हमले, जिसमें यात्रियों को धर्म पूछकर मारा गया, यह दिखाता है कि यह लड़ाई सीमा की नहीं, सभ्यता और बर्बरता की है। मगर एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र ने वही ढुलमुल बयान दिया -'दोनों पक्ष संयम बरतें'। क्या अब भी यह स्वीकार किया जाएगा कि आतंकवाद के शिकार और पोषक को एक ही तराजू में तौला जाए? इसी प्रकार, इज़राइल और हमास के बीच का संघर्ष भी संयुक्त राष्ट्र की 'सामर्थ्यहीनता' को उजागर करता है। अक्टूबर 2023 में जब हमास ने इज़राइल पर रॉकेट हमले किए और इज़राइल ने जवाबी हमले में गाज़ा पट्टी को लगभग खंडहर बना दिया, तब भी संयुक्त राष्ट्र केवल 'गंभीर चिंता' और 'संयम बरतने' की अपीलों तक सीमित रहा। गाज़ा में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के स्कूलों और शरणार्थी शिविरों पर हमले हुए, जिनमें महिलाओं और बच्चों की जान गई। फिर भी सुरक्षा परिषद कोई निर्णायक प्रस्ताव पारित नहीं कर सकी क्योंकि अमेरिका ने इज़राइल के खिलाफ किसी भी प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मानवाधिकारों का उल्लंघन भी अब राजनीतिक संबद्धता के आधार पर मापा जाएगा? यूएन चार्टर के अनुच्छेद 1(3) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "मानवाधिकारों और मूल स्वतंत्रताओं के लिए सम्मान को प्रोत्साहित और बढ़ावा देना" संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। लेकिन जब फिलिस्तीनी बच्चे मलबों में दफन हो जाएं और विश्व संस्था केवल 'चिंता व्यक्त' करे, तो यह लक्ष्य एक खोखला आदर्श बन जाता है। यही नहीं, कई स्वतंत्र मानवाधिकार समूहों ने संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए और इसे 'नैतिक दिवालियापन' तक कहा।

**2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी।**

2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी। अप्रैल 2024 में, पहली बार ईरान ने सीधे मिसाइल और ड्रोन हमलों के माध्यम से इज़राइल की ओर जवाबी कार्रवाई की, जिससे दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी छाया-लड़ाई एक खुले युद्ध में बदल गई। यह स्थिति जून 2025 तक और गहराती गई, जब तीन दिनों तक मिसाइलें, ड्रोन, साइबर अटैक और वायुसेना हमले दोनों ओर से चलते रहे। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र केवल आपात बैठकें बुलाता रहा और "क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने" जैसी सामान्य अपीलें जारी करता रहा। अमेरिका और रूस की भिन्न रणनीतियों के चलते कोई भी ठोस प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। यह प्रतिक्रियाएं तब और भी निराशाजनक लगती हैं जब यह संघर्ष पूरी मध्य-पूर्व की स्थिरता और वैश्विक तेल आपूर्ति को संकट में डाल चुका था। क्या यह वह स्थिति नहीं थी जब संयुक्त राष्ट्र को ठोस, निष्पक्ष और साहसिक निर्णय लेना चाहिए था? संयुक्त राष्ट्र के पास ताक़त की कमी नहीं है, लेकिन उसके अंदर निर्णय लेने की संरचना ही सबसे बड़ी बाधा है। यूएन चार्टर का अध्याय VII स्पष्ट रूप से कहता है कि अगर कोई देश अंतर्राष्ट्रीय शांति को खतरे में डालता है, तो उसके खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक की कार्रवाई की जा सकती है। मगर व्यवहार में, सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्य -अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन -अपने-अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों के आधार पर वीटो का प्रयोग करते हैं। यह वीटो किसी प्रस्ताव को पारित होने से रोक सकता है, भले ही वह प्रस्ताव बाकी सभी देशों द्वारा समर्थित हो। यही कारण है कि चाहे रूस का यूक्रेन पर हमला हो, या इज़राइल का गाजा में सैन्य अभियान, या फिर चीन का दक्षिण चीन सागर में सैन्य विस्तार -यदि कोई स्थायी सदस्य उस देश का मित्र है, तो संयुक्त राष्ट्र केवल बयान तक सीमित रह जाता है। यह ढांचा अब न्याय की बजाय सत्ता के समीकरणों को प्राथमिकता देता है। यहीं से संयुक्त राष्ट्र की नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं, और वैश्विक जनमत में इसकी साख गिरती चली जाती है।

आज जब दुनिया जल रही है- कहीं युद्ध, कहीं दमन, कहीं मानवाधिकारों का संहार -तब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस संस्था को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शांति स्थापना के उद्देश्य से बनाया गया था, वह अपने मौलिक कर्तव्यों से विमुख क्यों हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी विफलता यह है कि वह निष्पक्ष न्याय के बजाए कूटनीतिक संतुलन के पीछे छिप गया है। क्या अब समय नहीं आ गया कि इसके ढांचे में आमूलचूल बदलाव हो? क्या यह जरूरी नहीं कि वीटो की व्यवस्था पर पुनर्विचार हो, और अंतर्राष्ट्रीय न्याय को सदस्य देशों की मर्जी पर न छोड़ा जाए? वरना आज जो चुप्पी हम देख रहे हैं, वही कल किसी और देश की तबाही की गूंज में बदल सकती है- और तब शायद कोई भी संस्था इतनी विश्वसनीय न रह पाए कि उस पर भरोसा किया जा सके। अगर संयुक्त राष्ट्र को प्रासंगिक बनाना है, तो उसे मौन दर्शक की भूमिका से बाहर आना ही होगा।

## प्रसंगवश

# विधवाओं को आर्थिक सुरक्षा की जरुरत

**दिवस विशेष**

आज अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस है। यह दिन विधवाओं के लिए पूर्ण अधिकार और मान्यता प्राप्त करने के लिए कार्यवाही का अवसर का भी दिन है। गत वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने वृंदावन सहित देश के अन्य शहरों में रह रही विधवाओं के मसले पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की थी। उसने कम उम्र की विधवाओं के आश्रमों में रहने पर चिंता जताते हुए सरकार से जानना चाहा था कि विधवा विवाह को कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा क्यों नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर व न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने कहा था कि विधवाओं के पुनर्वास की बात तो की जाती है लेकिन उनके विवाह के बारे में कोई बात नहीं करता। सर्वोच्च अदालत ने दो टूक कहा था कि सामाजिक बंधनों से मुक्त होकर विधवाओं के पुनर्वास से पहले उनके विवाह को प्रोत्साहन देने की जरुरत है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के सॉलिसिटर जनरल के इस आश्वासन पर कि विधवाओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना है और विधवा गृहों में रहने वाली महिलाओं के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग की योजना है पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि आपकी योजनाएं सिर्फ कागजों पर दिखती हैं। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। तब न्यायालय ने सुझाव दिया था कि विधवा गृहों में रह रही महिलाओं को पास के बाल सुधार गृह और वृद्धा आश्रमों में मौका दिया जाना चाहिए।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

उल्लेखनीय है कि देश में सर्वाधिक विधवाएं राधा-कृष्ण की नगरी वृंदावन में रहती हैं। उन्हें अपनी जीविकोपार्जन के लिए मंदिरों में भजन-कीर्तन करने के अलावा अन्य कई कार्य करने पड़ते हैं। ध्यान दें तो भजन-कीर्तन के एवज में उन्हें महज पांच रुपए से पचास रुपए तक मिलते हैं और वे इन पैसों से बमुश्किल अपनी जरुरतें पूरी कर पाती हैं। कई स्वयंसेवी संगठनों ने अपने सर्वेक्षण में पाया है कि विधवाएं अपनी भूख मिटाने के लिए न सिर्फ भीख मांगती हैं बल्कि कुछ विधवाएं तो अपनी जरुरत पूरा करने के लिए कई घरों में चौका-बर्तन भी करती हैं। भरपेट भोजन न मिलने से वे एक जिंदा लाश के रुप में तब्दील होती जा रही हैं। इसी का कुपरिणाम है कि उन्हें कई तरह की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

फोग्सी फेडरेशन ऑफ ओब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पाया गया कि वृंदावन में वास कर रही विधवा माताओं में तकरीबन 25 प्रतिशत महिलाओं में कैल्सियम की भारी कमी है और उनकी हड्डियां खोखली हैं। 10 प्रतिशत विधवाएं डायबिटिज और 60 प्रतिशत एनेमिक की शिकार हैं। 98 प्रतिशत विधवाएं रक्तचाप से पीड़ित हैं और 60 प्रतिशत विधवाएं पेट संबंधी गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं। वृंदावन धार्मिक नगरी है और मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। वृंदावन का शाब्दिक अर्थ है तुलसी का वन। यहां आश्रमों में हजारों की तादाद में विधवाएं रहती हैं। यहां के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर का इलाका हो अथवा इस्कॉन मंदिर का इलाका, माथे पर तिलक और गले में कंठी धारण किए कम उम्र व उम्रदराज विधवाएं देखी जा सकती हैं। आमतौर पर माना जाता है कि यहां रह रही विधवाएं कृष्ण भक्त हैं और मोक्ष के लिए आई हैं। लेकिन एक सच यह भी है कि इनमें से कई विधवाएं ऐसी भी हैं जो स्वयं से यहां नहीं आई हैं। अधिकांश परित्यक्ताएं हैं जो या तो अकेले होने के कारण या घरवालों के खराब व्यवहार के कारण परेशान होकर यहां आकर बस गई हैं। ज्यादतर विधवाओं के परिवार में या तो कोई सदस्य नहीं बचा है या उनके परिवार वाले उनकी देखभाल को तैयार नहीं हैं। समाज के रिश्ते-नातों और दुनिया के रंगों से अलग कर दी गयी ये विधवाएं बदलते वक्त के साथ समाज की मुख्य धारा में लौटना चाहती हैं। इन विधवाओं में कई के मन में विवाह बंधन में बंधने की लालसा भी है। लेकिन समाज की दकियानुसी बेड़ियों के कैद से मुक्त हो पाना इनके लिए पहाड़ लांघने जैसा है। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार के साथ-साथ समाज भी विधवाओं के प्रति मानवीय और उदार बने। विधवाओं के जीवन को सुगम बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार के कंधे पर ठेलकर निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता।

# कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह।**

हर जीवन प्रणाली-जैविक हो या सांस्कृतिक-स्वयं के भीतर एक अपशिष्ट-निर्माण तंत्र रखती है। यह एक्सक्रीटा केवल शारीरिक नहीं, बौद्धिक और सांस्कृतिक भी होता है। कोई भी प्रणाली यदि अपने ही उत्पादित एक्सक्रीटा को न पहचान सके, न अलग कर सके, न निष्कासित कर सके-तो वह जड़, अस्वस्थ और अंततः आत्म-घाती हो जाती है।

भारत की मौजूदा सभ्यता इस रोग से ग्रस्त है। हम पुरातन के मोह और पश्चिम के परजीवित्व के द्वंद्व में फंसे हुए हैं, जहां हम न तो अपना कबाड़ फेंक पा रहे हैं, न बाहर का कबाड़ पहचान पा रहे हैं। हमारी सोच में अपशिष्ट-बोध का अभाव है। इस पूरे ढांचे में हमारी संस्कृति, हमारी तकनीकी नीति, और हमारी बौद्धिकता-सब एक सांस्कृतिक जंकयार्ड में बदल गई हैं।

भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह। यह उस स्मृति-विन्यास का हिस्सा नहीं है जो परंपरा को जीवित रखता है, बल्कि वह अंधा मोह है जो कबाड़ को विरासत समझ बैठता है। सांस्कृतिक संस्थाएं-संग्रहालय, अकादमियां, विश्वविद्यालय-इन सबमें यह व्यामोह व्याप्त है। वे विचारों और प्रतीकों के कूड़े को 'स्मृति' और 'गौरव' के नाम पर सहेजते हैं। कबाड़ और एंटीक के बीच का अंतर ग़ायब हो चुका है। फलस्वरूप, हमारी संस्कृति गतिशील परंपरा के बजाय एक स्थिर, दुर्गंधयुक्त संस्कृति-वस्त्रालय बन गई है - जहां वस्त्र नहीं, उनके चिथड़े हैं।

भारतीय विकास की एक मूलभूत समस्या है -टेक्नोलॉजी का जुगाड़ आयात। जब कोई तकनीक पश्चिम में पुरानी हो जाती है, जब वहां उसका मूल्यह्रास हो चुका होता है, तब हम उसे 'नई' मानकर भारत में अपनाते हैं। यह स्पिलओवर इफेक्ट भारत के लिए 'आयातित विकास' का आधार बन चुका है।

लेकिन मशीनें अपने आप नहीं चलतीं। उन्हें प्रशिक्षित मानव चाहिए। तकनीकी साक्षरता, कार्य संस्कृति, रखरखाव की नीतियां, और प्रयोग में उद्देश्यबोध। परंतु भारत इस दिशा में बेहद खोखला है। हमारे पास तकनीकें तो हैं, पर आदमी नहीं हैं। जुगाड़ से केवल कुछ मशीनें चलती हैं, सभी नहीं और समाज तो कतई नहीं। नतीजा यह होता है कि भारत जंक टेक्नोलॉजी का कब्रिस्तान बन जाता है - उन मशीनों का संग्रहालय जो चली नहीं, और उन तकनीकों का स्मारक जो समझी नहीं गईं।

हमारे विश्वविद्यालयों और पाठ्यक्रमों में वही यूरो-अमेरिकन विचार पढ़ाए जाते हैं, जिन्हें वहां के समाजों ने 30-40 साल पहले त्याग दिया था। पोस्टमॉडर्निज़्म, डेरीदा, फ्रायड, मार्क्स, हबर्मास, कींस, सैमुएल्सन-इन सबका अध्ययन वहां आलोचनात्मक ढंग से हो चुका है, पर यहां उन्हें धर्मग्रंथों की तरह पढ़ाया जाता है।

वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा-न्याय, सांख्य, योग, मीमांसा, लोक-कथाएं, दार्शनिक आख्यान-या तो गायब हैं या उन्हें रूढ़िवादी कैदी के रूप में दिखाया जाता है। आधुनिक भारतीय शिक्षा नीति में न तो पश्चिम की आधुनिकता का विवेक है, न भारत की परंपरा की आत्मा।

आज के सोशल मीडिया-प्रेरित बौद्धिक वर्ग में विचारों की गहराई नहीं, ट्रेंड की सतही व्याकुलता है। एक विचार वायरल होता है, फिर सड़ जाता है। बिना संदर्भ, बिना समीक्षा, बिना परिपक्वता-केवल बौद्धिक टिक-टॉक बनकर रह जाता है।

ट्विटर थ्रेड्स, इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स- इन माध्यमों ने सोचने के समय और स्थान को छीन लिया है। वे विचारों को उपभोक्ता-सामग्री बनाते हैं, न कि बौद्धिक अनुशासन का साधन। और इसी कचरे से हमारा नव-बौद्धिक वर्ग पनप रहा है-ज्ञान नहीं, राय का साम्राज्य।

एक स्वस्थ सभ्यता वही होती है जो यह जानती हो कि कब क्या छोड़ना है। आत्म-शुद्धि, आत्म-आलोचना, और परंपरा की समयोचित संधियों के बिना कोई भी संस्कृति जीवित नहीं रहती। इसके लिए जरूरी है-कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक। पुरातनता के मोह से बाहर निकलने की ईमानदारी। विदेशी विचारों को आत्मसात करने की बजाए उनकी जांच-परख मूल्यहीन हो चुकी टेक्नोलॉजी को केवल 'नई' मानने की प्रवृत्ति का त्याग शिक्षा को बौद्धिक स्वराज की दिशा में मोड़ना

हमें सांस्कृतिक अपशिष्ट-बोध की आवश्यकता है-ऐसा विवेक जो कबाड़ को कबाड़ समझ सके, और असली चीज़ को संरक्षित कर सके। बिना इसके हम केवल कबाड़ संग्रहकर्ता रहेंगे, निर्माता नहीं।

## सोशल फोरम

# डरा हुआ मध्यम वर्ग




डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

द ग्रेट इंडियन मिडिल क्लास आजकल थोड़ा हिला हुआ है। थोड़ा डरा हुआ भी है। एयर इंडिया के प्लेन क्रैश ने उसे अंदर से हिला दिया है। उसका भरोसा दरका है इस सिस्टम से... कि कहीं न कहीं कुछ प्रॉब्लम तो है। और, अब वह डर गया है युद्ध से। दुनिया अचानक से अशांत हो उठी है और भारत का मिडिल क्लास भविष्य की डरावनी संभावनाओं से आशंकित है। वह युद्ध से इसलिए डर गया है कि तमाम विशेषज्ञ आशंकाएं जता रहे हैं कि युद्धों के इस सिलसिले और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के गहराते जाने से वैश्विक जीडीपी के लुढ़कने का खतरा सामने आ गया है, भारत भी इस लपेटे में आएगा ही आएगा और...इन सबके कारण पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझते भारतीय मिडिल क्लास की परेशानियां और अधिक बढ़ेंगी।

ईरान इजरायल युद्ध और मध्यपूर्व में बढ़ते तनावों ने तेल की कीमतों के बढ़ने की आशंकाएं पैदा कर दी हैं, इधर महंगाई भी कुलांचें भरने को तैयार ही है। निवेश की प्राथमिकताएं तय करने में अब सरकारें नए सिरे से सोच रही हैं। भारत भी सोच विचार की मुद्रा में है। भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने वायुसेना के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के मंद रहने को लेकर क्षोभ व्यक्त किया है और रक्षा विशेषज्ञों का समूह भी चेतावनी दे रहा है कि भारत को अपनी रक्षा प्रणाली को चाक चौबंद करने के लिए बड़े पूंजी निवेश के बारे में गंभीरता से सोचना ही होगा। युद्ध और मध्य वर्ग की आर्थिक आकांक्षाओं के बीच भारी अंतर्विरोध हैं। हाल में युद्धों के बढ़ते सिलसिलों ने उसके मन में इस अंतर्विरोध को अधिक स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। वह चाहता है कि अब यह सब खत्म हो और नेता लोग उसकी बेहतरी के लिए अपने दिमाग और देश के संसाधनों को लगाएं। लेकिन, मुश्किल यह है कि नवउदारवाद के हिलोर में भारतीय ही नहीं, दुनिया के अनेक हिस्सों में मध्य वर्ग के जिस मानस का विकास हुआ है, उसने जिन और जैसे नेताओं को राजनीति के रंगमंच पर प्रतिष्ठापित किया है, उनमें "कंस्ट्रक्टिव थिंकिंग" का अभाव है। उनकी डोर लोकतांत्रिक आकांक्षाओं से अधिक कॉरपोरेट के हितों से संचालित होती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# कूनो में चीता पुनर्वास पर वैज्ञानिक अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है।**

प्रकृति और जीवों के विकास क्रम में मॉलिक्यूलर और जेनेटिक स्तर पर क्या घटित होता है और किस प्रकार से जीव अपने परिवेश के प्रति एक समयावधि में अनुकूलन कर लेते हैं यह बात भारत में मध्यप्रदेश के कूनो अभयारण्य में चीते की पुनर्स्थापना से साबित होती है। अफ्रीका के नामीबिया और साउथ अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो में स्थापित करने से पहले वहां के चीतों के बारे में दो किस्म का डाटा जुटाया गया था- परिवेश और चीतों का आनुवंशिक विकास। कूनो में चीतों के पुनर्वास की दो वर्ष की अवधि में जीव विज्ञानियों ने बारीकी से किए गए अवलोकन से मिली जानकारी के आधार पर कुछ खास पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तीन स्टडीज को डिजाईन किया और कूनों में छोड़े गए चीतों के बारे में नया डाटा जुटाया। ये तीनों अध्ययन फ्रंटियर्स इन कंज़र्वेशन साइंस जर्नल के 9 जून 2025 के अंक में प्रकाशित हुए हैं जो एनवायरनमेंटल और जूलॉजिकल साइंस में अभी तक किए गए अध्ययनों में जानकारी के हिसाब से आश्वस्त करने वाले अधिक हैं।

1952 में भारत से चीता विलुप्त घोषित किया गया। 75 वर्ष बाद नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत में 20 चीतों का स्थानांतरण और पुनर्वास एक समग्र पारिस्थितिकीय पहल है जिसका उद्देश्य देश में चरागाहों और खुले वन पारिस्थितिकी तंत्रों में शिकार प्रजातियों की सुरक्षा और अन्य लुप्तप्राय जीवों की रक्षा करते हुए चीता की आबादी को पुनर्जीवित करना है। सन 2022 और 2023 में भारत में नामीबिया से आठ और साउथ अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। प्रारंभ में चीतों के लिए कूनो अभ्यारण्य के परिवेश में खुद को ढालना चुनौती रहा।

नामीबिया से लाए गए बीस चीतों में से मरने वाले दस की ऑटोप्सी रिपोर्ट में मौत का कारण कार्डियोवैस्कुलर फैल्योर, मादा से हुई झड़प में घायल होना, अंतरंगों की कमजोरी, मैगॉट्स के पर्याक्रमण से उत्पन्न माइयासिस रोग बताया गया। फ्रंटियर्स जर्नल में प्रकाशित तीन पेपर्स में चीता पुनर्वास से संबंधित विस्तृत जानकारी के विश्लेषण से निकाले गए निष्कर्षों में लिखा है कि प्रोजेक्ट चीता की आलोचनाएं वैचारिक पूर्वाग्रहों, अति सरलीकृत अनुमानों और सनसनीखेज कथाओं पर आधारित थीं न कि विज्ञानविधि के अनुसार गहन अवलोकन और निरीक्षण पर आधारित की गईं। दो शोधपत्रों में इशेंदु जोशी, स्टेफ़नी क्लारमैन, लुई वाल, जेम्स डिमेल्बी, बोगडान क्रिस्टेस्कु, कथम बंद्योपाध्याय, निकोला जेन रूनी और लॉटरी मार्कर शामिल रहे। शनाह मुलिया, वैभव माथुर, हेमंत सिंह, अभिषेक, संजयन कुमार और गोबिंद भारद्वाज और अन्य आठ द्वारा प्रस्तुत शोध एवं समीक्षा पत्रों में दिए गए निष्कर्षों से पता चलता है कि कूनो अभ्यारण्य की पारिस्थितिकी में चीतों द्वारा अनुकूलन करने की क्षमता है। भारत में चीतों के लिए कूनो की सीमाओं के भीतर की पारिस्थितिकी और चीतों द्वारा विस्तृत भू-भाग में विचरण करते समय उपयोग में लाए जाने वाले तौर-तरीकों के पारिस्थितिकीय प्रभाव को वैज्ञानिक बारीकियों के रूप से परिभाषित करना अभी जल्दबाजी होगी, ऐसा भी कहा गया।

दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है। कूनो के स्थानीय संदर्भ यथा, भू-दृश्य, जलकुंड और प्रवाहित जल-धाराएं, वर्षाकाल की आर्द्रता, वर्षभर के तापमान में उतार-चढ़ाव, शिकारी जंतुओं और चीता के लिए शिकार की उपलब्धता, छाया और सूखा, जंगल में वृक्षों, घास और झाड़ियों का घनत्व, मनुष्य आबादी की निकटता, सूर्य रश्मियों और अल्ट्रावायलेट किरणों की प्रखरता जोकि चीता के चमड़ी और बालों में रंग परिवर्तन कर सकती है, आदि के बारे में डाटा जुटाया गया। अनुभवजन्य पिछला डाटा और इस नए डाटा से उन्नत और सूक्ष्म समझ पैदा हुई जिससे परियोजना का अध्ययन करने वालों द्वारा चीतों के पुनर्वास और संरक्षण प्रयास का मूल्यांकन किया गया। परियोजना अभी प्रारंभिक चरण में है और, निश्चित निष्कर्ष तब निकलेंगे जब कूनों में चीतों की पांच-छः पीढ़ियां विकसित हो जाएंगी और इनकी संख्या बढ़ेगी। कूनो नेशनल पार्क के मुख्य क्षेत्र से परे पड़ोसी संरक्षित क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक भूदृश्य-स्तरीय विस्तार रणनीति लागू की जा रही है जिसके लिए गुजरात में बन्नी घास के मैदान और मध्य प्रदेश में गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में चीतों के अतिरिक्त विचरण एवं प्रजनन क्षेत्र तैयार किए जा रहे हैं। इस प्रकार भारत में तीन स्थलों से चीतों के संरक्षण सम्बन्धी डाटा जुटा कर इनके पुनर्वास की कारगरता की परीक्षा इंसानी पहल किए जाने से कुदरत ही एक बार पुनः तय करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# साढ़े चार माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज चीनी मिल श्रमिकों का प्रदर्शन

## जल्द समस्या का समाधान न हुआ तो करेंगे उग्र आंदोलन, वेतन कटौती की सूचना पर भड़के



बाजपुर मेंरविवार को सहकारी चीनी मिल गेट पर प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते श्रमिक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार :** पिछले साढ़े चार माह से वेतन न मिलने एवं कटौती करने के आदेश की जानकारी से नाराज सहकारी चीनी मिल के श्रमिकों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। श्रमिक पिछले पांच दिन से कारखाना गेट पर रोजाना सायं को सांकेतिक आंदोलन कर रहे हैं। चीनी श्रमिक संघ बाजपुर से जुड़े कर्मकार रविवार की सायं पांच बजे कारखाने से छूटने के बाद मुख्य गेट पर एकत्र हुए और विरोध स्वरूप प्रदर्शन एवं नारेबाजी की।

उनका कहना था कि वह पिछले करीब साढ़े चार माह से वेतन के लिए परेशान हो रहे हैं और भारी आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। कहा कि बच्चों की पढ़ाई, घर के खर्चे, बीमार लोगों की दवाई आदि के लिए पैसे नहीं होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा सीधे-सीधे हमारे वेतन में आधी कटौती हो रही है। इस स्थिति में वह न तो बैंकों का ऋृण चुका पाएंगे और न ही अपने बच्चों का भरण पोषण कर पाएंगे। अब उनके वेतन में कटौती के आदेश जारी होने की जानकारी मिल रही है। उन्होंने जल्द ही आगामी आंदोलन की रणनीति बनाने की बात कही है।

इस मौके पर श्रमिक नेता श्याम कार्तिक, बासवानंद जोशी, राहुल कुमार, करन सिंह, सुनील कुमार, शानू कुमार, काली सेवक, रामकेवल, नन्हें सिंह, अमित शर्मा, मोहनीश शर्मा, मोनू यादव, दान सिंह आदि मौजूद रहे।



## पुस्तकालय में कार्मिकों की नियुक्ति की मांग

**सितारगंज :** नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 में स्थित नगर पुस्तकालय के सुचारु संचालन एवं समुचित रखरखाव को आवश्यक मिनिस्ट्रियल कार्मिकों के पदों के सृजन की मांग उठने लगी है। मांग को लेकर रविवार को मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन, जनपद ऊधमसिंह नगर ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि पुस्तकालय में संचालन व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए शिक्षा विभाग से एक प्रशासनिक अधिकारी, एक वरिष्ठ सहायक एवं एक कनिष्ठ सहायक के पद शीघ्र सृजित किए जाएं। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमरदीप सिंह, जिला सचिव मोहित तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन जोशी, पर्वतीय कर्मचारी संगठन के जिला मंत्री प्रदीप यादव और नितेश शर्मा की उपस्थिति में सौंपे। वहीं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उचित समाधान का आध्वासन दिया है।

# शक्ति फार्म से न्यूरिया को छोटे सवारी वाहन का संचालन शुरू

- कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया उद्घाटन

**संवाददाता, शक्तिफार्म**

**अमृत विचार :** शक्तिफार्म से न्यूरिया (पीलीभीत) के लिए छोटे सवारी वाहन का संचालन शुरू हो गया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने फीता काटकर वाहन संचालन का उद्घाटन किया।

शनिवार शाम नगर के सुभाष चौक में मैजिक यूनियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि शक्ति फार्म से न्यूरिया के लिए मैजिक वाहन का संचालन शुरू होने से शक्ति फार्म एवं पीलीभीत जनपद के न्यूरिया सहित वहां के बंगाली बाहुल्य क्षेत्र के लोगों को अब अपने रिश्तेदारों के यहां आने-जाने मे परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। अब उन्हें कई जगह बसें नहीं बदलनी होंगी। वाहन मालिकों का भी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

उन्होंने वाहन चालकों को भी आगाह किया कि अपने वाहन में मानक के हिसाब से ही सांवरिया बैठाएं। जिससे कोई हादसा ना हो। सौरभ बहुगुणा ने कहा आगे भी क्षेत्र में अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। क्षेत्र के विकास के लिए सभी एकजुट होकर रहें।

कहा पंचायत चुनाव में पढ़े लिखे, अच्छे, शिक्षित लोगों को चुनिए। जिससे क्षेत्र भी आगे बढ़े। इस अवसर पर संजय बाछाड़, कार्तिक राय, गोपाल रावत, गोविंद तालुकदार, रमेश राय, विजय बागला, संजीत अलमन, राकेश सरकार, अतीक अहमद, उपेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



फीता काट कर उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

### यात्री 20 मिनट में पहुंचेंगे न्यूरिया

**शक्तिफार्म :** मैजिक यूनियन के राकेश सरकार ने बताया शक्तिफार्म से न्यूरिया के लिए प्रत्येक 20 मिनट में मैजिक वाहन का संचालन होगा। मैजिक सवारी वाहन शक्ति फार्म से सितारगंज, बिज्टी, मझोला होकर न्यूरिया पहुंचेगी तथा आगे उत्तराखंड सीमा के सरपुरा तक जाएगी। मैजिक यूनियन के लोगों ने शक्ति फार्म से न्यूरिया के लिए परमिट दिलाने के लिए सौरभ बहुगुणा का आभार व्यक्त किया।

# बैठक में दी पंचमुखी योजना की जानकारी



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में दीप जलाकर बैठक का आगाज करते सीओ विभव सैनी।

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार :** अंचल ऊधमसिंह नगर की एओसी बैठक सरस्वती बालिका विद्या मंदिर बाजपुर में गोल्डी बंसल की अगुवाई में संपन्न हुई।

बैठक का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीओ बाजपुर विभव सैनी ने मां भारती के चरणों में दीप जलाकर किया। संभाग अभियान प्रमुख अरविंद कनौजिया ने एकल अभियान की एओसी बैठक की प्रस्तावना सभी के समक्ष रखी। उन्होंने एकल की पंचमुखी योजना की जानकारी दी। साथ ही एकल ग्राम संगठन एवं एकल अभियान के कार्य की विस्तृत जानकारी साझा की। वरिष्ठ प्रचारक स्नेह पाल, राजेश कुमार, संभाग अध्यक्ष शैली बंसल, अंचल नरेश सिंह, मोहन भट्ट, बाजपुर नगर खंड संघ चालक संजय बंसल, अंचल व संच टीम मौजूद रहे।

## आवारा कुत्ते के हमले में किशोर घायल

**बाजपुर :** घर के बाहर खाली मैदान में खेल रहे किशोर पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। वहां मौजूद अन्य बच्चों ने किसी तरह कुत्ते को भगाया। घायल को परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। मोहल्ला मुड़िया पिस्तौर निवासी शयान रजा (11) पुत्र इरशाद अली रविवार की सुबह करीब 9 बजे अपने घर के नजदीक ही मैदान में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच वहां पहुंचे आवारा कुत्ते ने शयान पर हमला कर दिया। यह देख वहां मौजूद अन्य बच्चों में हड़कंप मच गया, जिन्होंने शोर मचाने के साथ ही शयान को कुत्ते के चंगुल से किसी तरह छुड़ाया। इसी बीच किशोर के परिजन व आसपास के अन्य लोग भी पहुंच गए और घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# क्षेत्र के विकास का लिया संकल्प

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बरीराई क्षेत्र से सदस्य प्रत्याशी भावना कोरंगा ने सबको साथ लेकर क्षेत्र का चहुमुखी विकास की बात कही है। उनको भाजपा कार्यकर्ताओं, पूर्व सैनिकों व ग्रामीण ने अपना समर्थन दिया।

रविवार को भावना कोरंगा के निवास खटोला, मदनापुर में वरिष्ठ भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं, पूर्व सैनिकों एवं ग्रामीणों ने अपना समर्थन दिया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहन सिंह पानू ने कहा कि प्रत्याशी भावना कोरंगा के ससुर पूर्व सैनिक सोवन सिंह कोरंगा व सास देवकी कोरंगा ने अपने प्रधान कार्यकाल में सभी वर्गों को साथ लेकर विकास कार्य कराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर ने भावना को कर्मठ, ईमानदार, संघर्षशील व शिक्षित बताया। अध्यक्षता गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर ब्लॉक अध्यक्ष कै. धन सिंह कोरंगा, संचालन भाजपा नेता संजीव भटेजा व प्रकाश कोश्यारी ने किया। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान हेमगिरी गोस्वामी उर्फ हिमांशु, सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष भगत सिंह धर्मशक्तू व बच्चन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार, युवा नेता योगेश पानू, डायरेक्टर बलवंत सिंह कोरंगा, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, किसान नेता गोविंद सिंह कोरंगा, तरुण दुबे, दिनेश नयाल, महेंद्र सिंह पपोला, देव सिंह धर्मशक्तू, राम सिंह कोरंगा, खोकन सरकार, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, मोहन जोशी आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



दिनेशपुर के मदनापुर में समर्थकों को संबोधित करती भावना कोरंगा।

# सात माह से अल्ट्रासाउंड बंद, मरीज हो रहे परेशान

- गरीब गर्भवती महिलाओं को बाहर से कराने पड़ रहे अल्ट्रासाउंड
- कमीशनखोरी से गरीबों की जेब में पड़ रहा डाका

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार :** जिले के दूसरे बड़े सरकारी अस्पताल में बीते सात माह से अल्ट्रासाउंड ही बंद है। ऐसे में गरीबों की जेबों में कमीशनखोर डाका डाल रहे हैं।

बता दें कि ऊधमसिंह नगर जिले में एलडी भट्ट अस्पताल दूसरा सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां काशीपुर के अलावा रामनगर, जसपुर, बाजपुर, सुल्तानपुर पट्टी, यूपी के ठाकुरद्वारा, मसवासी समेत अन्य क्षेत्र के लोग इलाज कराने पहुंचते हैं। करीब सात माह पूर्व अस्पताल के पूर्व सीएमएस रेडियोलाजिस्ट डॉ. खेमपाल सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके जाने के बाद अस्पताल में अल्ट्रासाउंड पूरी तरह से बंद है। जबकि सरकार अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं का निशुल्क अल्ट्रासाउंड कराती है। ऐसे में जिले के दूसरे सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के नहीं होने से गरीब गर्भवती महिलाओं को बाहर प्राइवेट लैबों से अल्ट्रासाउंड करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं इसके पीछे जमकर कमीशन का खेल भी किया जा रहा है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव चौहान ने बताया कि उनके द्वारा अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की भर्ती के लिए उच्चाधिकारियों को पत्राचार किया गया है। लेकिन अभी तक कोई अनुमति नहीं मिली है।

# एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन ने सचिवालय कूच किया स्थगित

- प्रांतीय उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी के आवास पर हुई प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा की अध्यक्षता में रविवार को बाजपुर में एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी के आवास पर प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक हुई।

जिसमें गहन विचार-विशर्म के पश्चात 23 जून को देहरादून परेड ग्राउंड से लेकर सचिवालय तक प्रस्तावित विशाल प्रदर्शन एवं सचिवालय कूच कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी करने के चलते शिक्षक कर्मचारियों के निर्वाचन ड्यूटी एवं कर्मचारी आचार संहिता की वजह से इस कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि आचार संहिता के प्रतिबंधों के कारण शिक्षक एसोसिएशन अपने कार्यक्रम के उद्देश्य में सफल नहीं हो सकता। ऐसे में आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात पुनः कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की जाएगी और शिक्षक कर्मचारी समाज की मांगों को पुनः शासन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री महेंद्र प्रकाश, प्रांतीय संयुक्त मंत्री विजय बैरवाण, आरएल आर्या, मंडलीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर टम्टा, नवीन त्रिकोटी, जसवंत सिंह भारती आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में विचार-विमर्श कर सचिवालय कूच स्थगित करने का निर्णय लेते प्रांतीय पदाधिकारी।



गदरपुर में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर।

# पालिकाध्यक्ष गुम्बर ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

**संवाददाता, गदरपुर**

**अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन अस्पताल द्वारा लगाए गए निशुल्क चिकित्सा शिविर का पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

रविवार को श्री ओम बापू मंदिर में महाराजा अग्रसेन अस्पताल के सहयोग से एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन के नेत्र चिकित्सकों की देखरेख में दर्जनों नेत्र रोगियों की आंखों की निशुल्क जांच, दांतो की जांच, हड्डियों की परेशानी आदि बीमारियों की निशुल्क जांच की। श्री ऊँ बापू मन्दिर के सेवादार, महाराजा अग्रसेन अस्पताल की टीम के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, चिंतन अरोरा आदि मौजूद रहे।

# मिल के अधिशासी निदेशक टीएस मर्तोलिया को दी विदाई

- गन्ना आयुक्त बनने पर दी शुभकामनाएं
- नए अधिशासी निदेशक एपी बाजपेई का किया स्वागत

**संवाददाता, किच्छा**

**अमृत विचार :** किच्छा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया के प्रमोशन के बाद गन्ना आयुक्त बनने पर किसान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें मर्तोलिया विदाई दी।

इसके साथ ही चीनी मिल के नए अधिशासी निदेशक एपी बाजपेई का स्वागत किया गया। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय के नेतृत्व में किसान प्रतिनिधिमंडल ने चीनी मिल के अधिशासी निदेशक मर्तोलिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कांग्रेसी नेता डॉ. उपाध्याय ने कहा कि विषम परिस्थितियों में शुगर फैक्ट्री में पदभार संभालने के बाद चीनी मिल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए मिल कर्मचारियों और किसानों के साथ मिलकर अधिशासी निदेशक मर्तोलिया द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। इस मौके पर देवेंद्र सिंह विर्क, महिपाल सिंह बोरा, विनोद जोशी, प्रबुद्ध जोशी, रमेश चंद्र जोशी, अशोक सिंह, संतोख सिंह, सईदुल रहमान, हाजी ताहिर मलिक, आदिल मलिक, प्रभु जोशी आदि मौजूद रहे।



किच्छा चीनी मिल में केन कमिश्नर मर्तोलिया को पुष्पगुच्छ सौंपते किसान नेता।

**परेशानी** | सरकार के प्रतिबंध के कारण इस बार धान की बहुत कम पैदावार हुई है

# बेमौसमी धान की कम आवक से आढ़ती निराश

**संवाददाता, गदरपुर**

**अमृत विचार :** उत्तर भारत की प्रमुख धान मंडियों में शामिल गदरपुर अनाज मंडी में इन दिनों बेमौसमी धान की कमजोर आवक देखी जा रही है। मंडी में धान की आवक कम होने से कच्चा आढ़तियों में भी खासी निराशा देखने को मिल रही है।

जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन करीब दो हजार बोरी बेमौसमी धान मंडी में पहुंच रही है। सरकारी प्रतिबंध के कारण इस बार धान की बहुत कम पैदावार हुई है। भूजल के अत्यधिक दोहन को देखते हुए सरकार ने बेमौसमी धान की खेती पर रोक लगाई थी। किसानों को शर्त दी गई थी कि वे साल में केवल एक बार ही धान की खेती करेंगे, ताकि पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। मैसर्स दीदार ट्रेडर्स के मालिक दीदार सिंह के अनुसार, इस समय मंडी में सरबती धान 2150 से 2250 रुपये प्रति कुंतल, पीआर126 किस्म 1900 से 1950 रुपये और धान-1509 2750 से 2900 रुपये प्रति कुंतल के बीच बिक रहा है। व्यापारी मानते हैं कि अच्छी कीमत मिलने के कारण किसान बेमौसमी धान उगाने को प्रोत्साहित हो रहे हैं। आढ़ती राजेश अग्रवाल ने बताया कि ईरान युद्ध के कारण चावल का एक्सपोर्ट नहीं हो रहा है जिससे धान के भाव में मंदी है। हालांकि कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बेमौसमी धान की खेती भूजल स्तर गिराने, मृदा की सेहत खराब करने और जलवायु असंतुलन का कारण बन सकती है। इससे लंबे समय में खेती की स्थिरता पर असर पड़ सकता है। प्रशासन के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह मंडी में आ रहे धान की निगरानी करे और यह सुनिश्चित करे कि जलवायु नीति का उल्लंघन न हो। क्षेत्र के कच्चा आढ़तियों का मानना है कि खेती को टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने के लिए किसानों को वैकल्पिक फसल चक्र अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा।



मंडी में पहुंचा धान दिखाते आढ़ती। ● अमृत विचार

## 90 पाउच कच्ची शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

**किच्छा, अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत कलकत्ता चौकी पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को कच्ची शराब की बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार कलकत्ता चौकी प्रभारी उपरीक्षक ओम प्रकाश सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिसकर्मी राकेश भट्ट एवं हरीश मेहरा की टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने ग्राम तीलियापुर, शक्तिफार्म, थाना सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर निवासी जसविंदर सिंह कच्ची शराब के 90 पाउच के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कोर्ट परिसर में सफाई अभियान सेवा ही स्वच्छता की दिलाई शपथ

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार :** रविवार की सुबह दीवानी न्यायालय परिसर में अपर सिविल जज सांची अग्रवाल की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई।

दीवानी न्यायालय बाजपुर परिसर में स्वच्छता अभियान चला कर अपर सिविल जज सांची अग्रवाल ने आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान न्यायालय परिसर से शुरू होकर बेरिया रोड होते हुए भगत सिंह चौक पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के आदेशों के अनुपालन में दीवानी न्यायालय बाजपुर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस मौके पर पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद, पीएलवी ब्रजवाला शर्मा, शशि गुप्ता, यतेंद्र चौधरी, विजय पांडे, ओम चौहान, एडवोकेट विकास कश्यप, लुबिना पारुल, सूरज शर्मा, कमल उपाध्याय, जगदीश, राहुल, विजय जोशी, सीताराम तिवारी आदि मौजूद थे।




बाजपुर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करतीं सिविल जज सांची अग्रवाल।

# निर्वाचन: रुद्रपुर सिटी क्लब के चुनाव में जीत हासिल कर बने आठ डायरेक्टर

## सात साल बाद हुआ रुद्रपुर सिटी क्लब चुनाव, 546 में से 444 मतदाताओं ने डाले अपने वोट, 10 प्रत्याशियों ने लड़ा चुनाव, पूर्व विधायक के भाई संजय ठुकराल सर्वाधिक मतों से विजयी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:**-सात साल बाद हुआ रुद्रपुर सिटी क्लब चुनाव आखिरकार शांतिपूर्वक ढंग से हुआ। जिसमें मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर आठ डायरेक्टर को निर्वाचित किया। जिसमें पूर्व विधायक के भाई संजय ठुकराल सर्वाधिक मतों से विजयी हुए। सुबह से ही प्रत्याशियों,समर्थकों के अलावा मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

रविवार की सुबह नौ बजे चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बरीत सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी अमित गंभीर और अजय अग्रवाल की मौजूदगी में रुद्रपुर सिटी क्लब का निर्वाचन प्रारंभ हुआ। जिसमें 546 मतदाताओं में से 444 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और शाम चार बजे तक मतदान होता रहा और 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला बैलेट बॉक्स में बंद हो गया। मतगणना के बाद संजय ठुकराल को 388 मत,अनुज कुमार अग्रवाल को 274,नरेश बंसल को 296,पंकज बांगा को 361,मनीष कुमार गगनेजा को 338 मत, राजेश धींक को 343,सुखदेव भल्ला को 291,सुरेश कुमार ढी गरा को 301 मत मिले और आठ डायरेक्टर विजयी घोषित हुए,जब कि विजय कुमार अग्रवाल व केवल इश्पुजानी को हार का सामना करना पड़ा। आठ निर्वाचित होने के बाद अब रूद्रपुर सिटी क्लब के मुख्य तीन पदों पर निर्वाचन होग।


संजय ठुकराल।


सुरेश कुमार।


मनीष कुमार।


नरेश बंसल।


सुखदेव सिंह।


राजेश धींक।


अनुज।


पंकज बांगा।


रुद्रपुर स्थित मतदान केंद्र पर रविवार को लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### सुबह से ही डटे रहे पूर्व विधायक ठुकराल

**रूद्रपुर :** पूर्व विधायक के भाई संजय ठुकराल द्वारा पहली बार चुनाव लड़ने के बाद रुद्रपुर सिटी क्लब का चुनाव बेहद ही रोमांचक बन गया है, क्योकि एक तरफ सत्ताधारी प्रतिद्वंद्वी समर्थक भी चुनावी मैदान में है। तो वही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी अपने भाई को विजयी दिलाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और रविवार की सुबह आठ बजे ही मतदान केंद्र पहुंच गए और मतदाताओं से मतदान की अपील भी करते दिखे। यहां तक दोपहर ढाई बजे के वक्त भी उन्होंने मतदान केंद्र नहीं छोड़ा और गाड़ी पर ही रखकर खाना खाया। जो कि चर्चा का विषय बनी हुई है।

**आज यानी सोमवार को होगा अहम निर्वाचन :** रुद्रपुर सिटी क्लब के आठ डायरेक्टरों का निर्वाचन होने के बाद सोमवार को कार्यकारिणी का अहम चुनाव होगा। जहां सत्ता व विपक्ष अपने-अपने विजयी समर्थकों को सिटी क्लब की कुर्सी पर बैठाने के लिए जोर आजमाइश करेंगे,क्योकि विजयी डायरेक्टर ही उपाध्यक्ष,उप सचिव, कोषाध्यक्ष को वोट देकर विजयी बनाएंगे। अब देखना यह है कि विजयी डायरेक्टर किस गुट के होगे। यहीं कारण है कि सोमवार का निर्वाचन बेहद ही अहम होने वाला है।

### चुनाव ने भुलाई राजनीतिक द्वेष की भावना

**रूद्रपुर :** रुद्रपुर सिटी क्लब के चुनाव में एक खास वाक्य यह देखने को मिला कि जहां भाजपा हो या कांग्रेस हमेशा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते थे। वहीं स्वतंत्र पूर्व विधायक ठुकराल भी मौका नहीं छोड़ते थे। वह राजनीतिक द्वेष मतदान केंद्र पर नहीं दिखा। जहां किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ पदेन सदस्य होने के नाते मतदान केंद्र पहुंचे। तो वहीं विधायक शिव अरोरा और मेयर विकास शर्मा भी सिटी क्लब में आते-जाते रहे और तीनों ही दिग्गज नेता अपने-अपने समर्थकों को विजयी बनाने का आह्वान करते रहे। चर्चा यह भी है कि हमेशा धुर विरोधी रहे पूर्व विधायक ठुकराल ने भी बेहड़ के पास जाकर भाई को जिताने की अपील कर डाली। जो काफी चर्चा का विषय रही।

### मतदाता ने कांटा हंगामा,मची खलबली


**रूद्रपुर :** रविवार को जैसे ही रूद्रपुर सिटी क्लब का चुनाव प्रारभ हुआ औ र सिटी क्लब मतदाताओं से खचा भरा हुआ था। तभी दोपहर के वक्त अ चानक एक नरेश अरोरा भड़क गए। बताया जा रहा है कि उन्हें मतदान से रोकन की कोशिश हुई। बस क्या था मतदाता ने हंगामा काटते हुए पु रानी कार्यकारिणी पर क्लब को बर्बाद करने तक का आरोप लगाना शुरू कर दिया। हंगामे को देख वहां तैनात पुलिस कर्मी सक्रिय हो गए और बीच बचाव कर मामला शांत करवाया। जिसके बाद पुन :मतदान प्र क्रिया प्रारंभ हुई।

# एशियन पैरा बैडमिंटन में खिलाड़ियों ने जीते पदक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** थाईलैंड के नखोन रत्चासीमा में हुई एशियन पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऊधमसिंह नगर के खिलाड़ियों मनदीप कौर, मनीषा रामदास व चिराग बरेठा ने रजत समेत कांस्य पदक जीते।

जानकारी के अनुसार थाईलैंड के नखोन रत्चासीमा में 17 से 22 जून तक एशियन पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें काशीपुर, बाजपुर व रुद्रपुर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान शानदार प्रदर्शन कर महिला वर्ग सिंगल्स में बाजपुर की मनदीप कौर ने रजत, महिला वर्ग डबल्स में पार्टनर मनीषा रामदास के साथ कांस्य और मिक्सड डबल्स में पार्टनर चिराग बरेठा के साथ खेल कर कांस्य पदक जीते। इसी क्रम में काशीपुर के चिराग ने मिक्स्ड डबल्स पार्टनर मनदीप कौर के साथ खेलकर कांस्य और मेंस डबल्स में पार्टनर राजकुमार के साथ खेल कर भी कांस्य पदक हासिल किया। चिराग ने बताया कि यह चैंपियनशिप चार साल में होती है। उन्होंने बताया कि 22 से 27 जुलाई तक ब्रिटेन में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन होगा। इसमें तीनों खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। तीनों खिलाड़ी लखनऊ में द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच गौरव खन्ना से प्रशिक्षण लेते हैं।


पदक विजेता खिलाड़ी।

# वन दरोगा भर्ती को 3271 ने दी परीक्षा

- 4870 का था पंजीकरण,1599 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित, रुद्रपुर, किच्छा व पंतनगर में बनाए गए थे 12 सेंटर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग देहरादून के आदेश पर वन दरोगा लिखित परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। जहां सुबह से ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर डटे रहे और समयावधि होते ही कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा में सम्मिलित हुए।

रविवार की सुबह 11 बजे से पहले ही वन दरोगा लिखित परीक्षा के अभ्यर्थी रुद्रपुर, किच्छा और पंतनगर विवि स्थित 12 परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। जहां कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को अंदर प्रवेश दिया। इसके अलावा 12 विभागों के अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जांच का भी सामना करना पड़ा और लिखित परीक्षा 1 बजे समाप्त हुई। एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि लिखित परीक्षा में 4870 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था,लेकिन 3271 अभ्यर्थियों ने ही लिखित परीक्षा दी,जबकि 1599 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच कॉपियों को डीएम कार्यालय में रखा गया।

परीक्षा में किसी भी प्रकार की चूक या फिर लापरवाही नहीं हो। इसके लिए पुख्ता इंतजाम व पारदर्शी परीक्षा कराने का प्रयास किया गया।


रुद्रपुर में रविवार को एक परीक्षा केंद्र पर लगी अभ्यर्थियों की भीड़। ● अमृत विचार

# फूलों की घाटी में पर्यटकों से लूटपाट, तीन गिरफ्तार

- जबरन पिन पूछा, 47 हजार रुपये ट्रांसफर कराए

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** चमोली घूमने आए उत्तर प्रदेश के पर्यटकों से लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसपी चमोली सर्वेश पंवार ने रविवार को बताया कि बीते शुक्रवार गाजियाबाद निवासी प्रेम कुमार ने थाना गोविन्द घाट पर सूचना दी थी कि वे अपने दो पुरुष व दो महिला साथियों के साथ फूलों की घाटी घूमने आए थे। जहां रात करीब 12 बजे घांघरिया स्थित लक्ष्मण गंगा नदी पर बनी पुलिया के पास तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया तथा उन सभी के साथ लाठी-डंडों व पत्थरों से मारपीट की। साथ ही, उन्होंने प्रेम कुमार की जेब से पर्स व उसमें रखे तीन हजार रुपये छीन लिए। बदमाशों ने उनका कॉलेज पहचान पत्र भी लेकर फोटो खींची और धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचना दी तो वे कॉलेज आकर गोली मार देंगे। इसके अलावा, बदमाशों ने शिकायतकर्ता व उनके सभी साथियों के मोबाइल फोन छीन लिए और जबरदस्ती कोड पूछकर 47,000 रुपये यूपीआई के माध्यम से किसी अज्ञात नंबर पर ट्रांसफर करवा दिए। बदमाशों ने महिला साथियों के साथ भी अभद्रता की और डरा धमकाकर उनकी तलाशी ली।

एसपी ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में इस शिकायत पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई, जिसने लूट की घटना में शामिल तीनों शातिर बदमाशों अमृतसर (पंजाब) निवासी गुरविंदर सिंह उर्फ गोपी, राजेंद्र सिंह और वंशदीप सिंह को घांघरिया बाईपास से गिरफ्तार कर उनसे 18000 रुपये और एक आईफोन बरामद किया गया।

# खादिम अली छीपी बिरादरी के उपाध्यक्ष बने

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी के नायब सदर (उपाध्यक्ष) पद पर खादिम अली चुने गए। उन्होने पूर्व उपाध्यक्ष को 14 मतों से हराकर जीत हासिल की।

मोहल्ला जटवारा के मदरसा बदरूल उलूम में आयोजित बिरादरी के चुनाव में शहर कमेटी के नवनिर्वाचित मेंबर, सेक्टर चौधरी एवं सेक्रेटरी के 60 सदस्यों में से 59 ने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य चुनाव अधिकारी अतीकुर्रहमान रहबर ने बताया कि उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी खादिम अली को 43, शाहिद अली को 22 मत पड़े। एक मत निरस्त हुआ। सेक्रेटरी पद के लिए इस्लाम हुसैन सहारा को 43 एवं हाजी बाबू रहमतुल्ला को 16 मत पड़े। खजानची पद के प्रत्याशी मोबीन अहमद को 38, मो. सलीम को 22 मत पड़े। खादिम अली को उपाध्यक्ष, इस्लाम हुसैन को सेक्रेटरी एवं मोबीन अहमद को खजानची घोषित किया। पालिकाध्यक्ष मो. नौशाद, अखलाक अहमद आदि रहे।


जसपुर में छीपी बिरादरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

> शहर कमेटी के पदाधिकारियों की टीम पूरी हो गई है। 21 मई को मोहल्ला चौहान निवासी हाजी नफीस अहमद पहले ही अध्यक्ष चुने गए। 18 जून को मास्टर मुबीन अहमद नायब सेक्रेटरी पद निर्विरोध हुए। जल्द ही तिथि निर्धारित कर शपथ समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। -**अतीकुर्रहमान रहबर**, मुख्य चुनाव अधिकारी, छीपी बिरादरी, जसपुर

### पेड़ के चक्कर लगाए फिर गमछे से लगा लिया फंदा

**देहरादून :** राजपुर रोड पर सड़क किनारे एक व्यक्ति का नग्न हालत में पेड़ से शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार देर रात डालनवाला कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि इस संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि वह व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त था घटना से पूर्व भी एक शख्स ने रात्रि में उसे उस पेड़ के आसपास चक्कर लगाते देखा था।

## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को ख़ूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**

1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | |
| 4 | | | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | 5 |
| 6 | ■ | 7 | | | ■ | |
| 8 | | | | ■ | 9 | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| | ■ | 10 | | | | |

### वर्ग पहेली -9 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 कु | ■ | ■ | 2 अ | घी |
| ■ | 3 बे | सु | रा | ■ | मि | ■ |
| ■ | ■ | म | ■ | ■ | य | ■ |
| 4 अ | ति | श | यी | 5 क | र | ण |
| ग | ■ | र | ■ | 6 री | स | ■ |
| वा | ■ | ■ | ■ | म | ■ | 7 गि |
| 8 न | जू | ल | ■ | ■ | 9 लौ | नी |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :23 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी-22.09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-कृतिका 15.16 तक तत्पश्चात रोहिणी।


मेष

आज आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा लेकिन उसे आप जिम्मेदारी पूर्वक निभा ले जायेंगे। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी। ग्लैमर क्षेत्र से जुड़े लोगों को मेहनत का शानदार लाभ मिलेगा। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। वैवाहिक जीवन रोमान्टिक रहेगा।


वृष

आज आप परिजनों का विशेष ध्यान रखेंगे। युवा प्रेमी परिवार में विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। विद्यार्थी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


मिथुन

आज प्रेमी जोड़े किसी पर्यटन स्थल की ओर घूमने जा सकते हैं। मित्रों से आपको पर्याप्त सहायता प्राप्त होगी। अपने दिल की बात प्रेमीजन से कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति काफी संतोषजनक रहेगी। तनाव आपके पाचन पर कुप्रभाव उत्पन्न करा सकता है।


कर्क

आज कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। अटके हुए कार्यों में सुधार आने की संभावना है। परिवार के लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पिता से आपको उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।


सिंह

आज आप हर स्थिति में अपनी पूरी क्षमता और दक्षता के साथ काम करते रहेंगे। लोग आपकी ओर खिंचते चले आयेंगे। सही समय पर उचित निर्णय लेने के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के आसार हैं।


कन्या

आज जीवनसाथी के साथ एकांत के पल बितायेंगे। जिसके कारण तनावमुक्त और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप लोगों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। पुराने कर्जों को उतारने के पूरे अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग की शिकायत दूर कर देंगे।


तुला

आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। मौसमी बीमारियों को लेकर सावधान रहें।


वृश्चिक

आज जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको लाभ मिलेगा। अविवाहित लोगों का विवाह तय होने के योग बन रहे हैं। सभी काम निरंतर गति से पूर्ण होते रहेंगे। परिजनों के साथ आपको समय बिताना चाहिए।


धनु

आज ऑनलाइन करोबार से आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए बेहद शुभ है। होटल इण्डस्ट्री से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। लोग आपकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा करेंगे। घरवालों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।


मकर

आज सामाजिक कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। आप अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ रहेंगे। कारोबारी यात्रा होने की प्रबल संभावना है। दांपत्य संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना का विकास होगा। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें।


कुंभ

आज समाजसेवी संस्थाओं से आप जुड़ने का प्रयास कर सकते हैं। पुराने मित्रों से आपकी मुलाकात हो सकती है। प्रेमी जन से अपने दिल की बात कर सकते हैं। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों को बड़े केस मिल सकते हैं।


मीन

आज धन से जुड़ी समस्याओं का निदान होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। जमीन और संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। युवाओं को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने के अवसर मिलेंगे।

## सुडोकू-17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | | | | 5 | | 2 |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | 9 | 2 | | | 7 | | 3 | |
| 2 | 4 | | | 5 | | 7 | 9 | |
| | | 9 | | | | 8 | | |
| | 7 | 3 | | 1 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 6 | | | 2 | 8 | |
| | 2 | | | | 3 | | | |
| 6 | | 1 | | | | | 4 | 9 |

### सुडोकू - 16 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 9 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 8 |



चौबटिया से भालू डैम तक ट्रैकिंग करते लोग। ● अमृत विचार

## चौबटिया से भालू डैम तक की ट्रैकिंग

**रानीखेत, अमृत विचार :** योग सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को छावनी परिषद रानीखेत द्वारा रानीखेत माउंटेनियरिंग क्लब के सहयोग से चौबटिया से भालू डैम तक ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिला द्वारा अच्छे स्वास्थ्य के लिए नेचर वॉक और दैनिक जीवन में शारीरिक और मानसिक विकास के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर जोर देने का आह्वान किया गया। ट्रैकिंग में छावनी परिषद से राजस्व अधीक्षक राजेन्द्र पन्त, स्वच्छता निरीक्षक अजय प्रताप, चन्दन कुमार, रेंजर कमल फर्त्याल, स्टोर कीपर चंद्रभानु, धन सिंह एवं रानीखेत माउंटेनियरिंग क्लब से विवेक पांडे, सुमित गोयल, बॉबी नवाब, धीरेन्द्र बिष्ट, गिरीश जोशी सहित लगभग 75 व्यक्ति मौजूद रहे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और अतिथियों ने किया जीआईसी मैदान में कुमाऊं महोत्सव का शुभारंभ

# महोत्सव से युवा जानते हैं सांस्कृतिक विरासत: टम्टा

- स्टार नाइट में लोक गायक मनोज आर्या ने बिखेरा अपनी सुरीली आवाज का जादू
- विभिन्न स्कूली बच्चों के बीच सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी किया गया आयोजन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के जीआईसी खेल मैदान में कुमाऊं महोत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य आगाज हो गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय सड़क परिवहन एव राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया।



जीआईसी खेल मैदान में कुमाऊं महोत्सव का शुभारंभ करते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा। ● अमृत विचार

मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे महोत्सव से युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत को पहचानने का मौका मिलता है। स्थानीय कलाकारों को भी अपने हुनर का प्रदर्शन करने के लिए मंच मिलता है। उन्होंने लोगों से ऐसे महोत्सवों में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने को कहा। इसके बाद स्टार नाइट में लोक गायक मनोज आर्या ने अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दर्शक देर रात तक उनके गानों में झुमने को मजबूर हो गए।

इससे पहले नगर के विभिन्न स्कूली बच्चों के बीच सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुमाऊं महोत्सव अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, हरीश कनवाल, हर्षिता तिवारी, शगुन त्यागी, अनिरुद्ध पांडे, प्रदीप मेहता आदि मौजूद रहे।

## तीर्थयात्रियों को बांटे ट्रैश बैग

**देहरादूनः** उत्तराखंड सरकार, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जानकी देवी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से रविवार को देहरादून के कुठाल गेट पर चारधाम यात्रियों तथा पर्यटकों को मुफ्त पर्यावरण-अनुकूल कार ट्रैश बैग वितरित किए गए। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने स्वयं यात्रियों को बैग वितरित कर अपील की कि वे यात्रा के दौरान कचरा सड़कों, घाटियों और पहाड़ों पर न फैलाएं तथा दिए गए ट्रैश बैग का इस्तेमाल कर अपने कचरे का जिम्मेदारी से निस्तारण करें। कहा कि चारधाम यात्रा आस्था के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी विषय है। इसके तहत 50,000 ट्रैश बैग्स तैयार किए गए हैं, जो राज्य में आने वाले यात्रियों को बिना किसी शुल्क के बांटे जाएंगे।

# साढ़े पांच लाख मतदाता चुनेंगे गांव की सरकार

### अधिसूचना जारी होते ही चुनाव की तैयारियां तेज, जिलेभर में 265366 महिला व 285125 पुरुष मतदाता शामिल

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल बज चुका है। अबकी बार अल्मोड़ा जिले की 11 विकासखंडों में कुल 550491 मतदाता गांव की सरकार चलाने के लिए अपना मुखिया चुनेंगे। इसमें कई मतदाता ऐसे भी हैं, जो पहली बार चुनाव में मतदान करेंगे।

अल्मोड़ा जिले में आगामी 10 और 15 जुलाई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कुल 550491 मतदाता गांव के मुखिया के भविष्य का फैसला करेंगे। जिले की भैसियाछाना, धौलादेवी, हवालबाग, लमगड़ा, ताकुला, ताड़ीखेत, द्वाराहाट, चौखुटिया, सल्ट, स्याल्दे और भिकियासैंण विकासखंडों में कुल 1160 ग्राम पंचायतें है। जिसमें कुल 550491 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सल्ट ब्लॉक में सर्वाधिक 65441 मतदाता है, जिसमें 34377 पुरुष और 31064 महिला मतदाता है। इस विकासखंड में 138 ग्राम पंचायतें हैं। ग्राम पंचायत की 40 सीट, जिला पंचायत सदस्य की पांच और सदस्य ग्राम पंचायत 974 सीट हैं। सबसे कम मतदाता भैंसियाछाना में 53 ग्राम पंचायतें हैं। इसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य की 21 सीट, जिपं सदस्य की दो और ग्राम पंचायत सदस्य की 377 सीटें हैं।




**11 विकासखंडों में मतदाताओं की संख्या**

| ब्लॉक | ग्राम पंचायत | महिला | पुरुष | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| भैंसियाछाना | 53 | 12313 | 13368 | 25681 |
| धौलादेवी | 110 | 27748 | 30713 | 58461 |
| हवालबाग | 126 | 30282 | 32462 | 62744 |
| लमगड़ा | 103 | 24420 | 27404 | 51824 |
| ताकुला | 89 | 21474 | 22620 | 44094 |
| रानीखेत | 130 | 29953 | 32362 | 62315 |
| द्वाराहाट | 122 | 29715 | 30548 | 60263 |
| चौखुटिया | 95 | 20440 | 20923 | 41363 |
| सल्ट | 138 | 31064 | 34377 | 65441 |
| स्याल्दे | 95 | 20123 | 21212 | 41335 |
| भिकियासैंण | 99 | 17834 | 19136 | 36970 |

## पंचायत चुनाव : 1.86 लाख मतदाता देंगे वोट

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 की तैयारियों के अंतर्गत विकास खण्डवार ग्राम पंचायतों, मतदान केन्द्रों, मतदान स्थलों, और वार्डों तथा मतदाताओं की संख्या के अंतर्गत विकासखण्ड चम्पावत में कुल 113 ग्राम पंचायतें, 123 मतदान केन्द्र, 157 मतदान स्थल तथा 853 वार्ड, जिनमें कुल 75007 मतदाता (35992 महिला व 39015 पुरुष) है।

लोहाघाट ब्लॉक में 67 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 76 मतदान केन्द्र, 85 मतदान स्थल, 487 वार्ड तथा 38654 मतदाता (18694 महिला व 19960 पुरुष) है। पाटी ब्लॉक में 84 ग्राम पंचायतें, 84 मतदान केन्द्र, 97 मतदान स्थल, 604 वार्ड तथा 45328 मतदाता (21245 महिला व 24083 पुरुष) शामिल है। बाराकोट में 48 ग्राम पंचायतों के लिए 49 मतदान केन्द्र, 54 मतदान स्थल, 342 वार्ड और कुल 26153 मतदाता (12616 महिला व 13537 पुरुष) है। चारों ब्लॉकों को मिलाकर जनपद चम्पावत में कुल 1,86,245 मतदाता (89113 महिला एवं 97132 पुरुष) हैं।

> अल्मोड़ा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। जिले की 11 विकासखंडों में कुल 550491 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। **-आलोक कुमार पांडे**, जिला निर्वाचन अधिकारी अल्मोड़ा



## सेल्फी लेने के चलते बाइक के साथ बहे युवक

**टनकपुर, अमृत विचार :** पूर्णागिरि मार्ग में उफनाए किरोड़ा नाले के पास बाइक रोककर सेल्फी लेना तीन युवकों को भारी पड़ गया। तीनों बाइक संग नाले में बह गए। दो युवक जैसे-तैसे बचकर नाले से बाहर निकल आए, लेकिन एक युवक काफी दूर तक बहकर टापू में फंस गया। जिसे पुलिस और एसडीआरएफ की मुस्तैदी से बचा लिया गया।

रविवार को सुबह 10 बजे करीब खटीमा से एक बाइक में तीन लोग घूमने के लिए पूर्णागिरि मार्ग से होते हुए जा रहे थे। उन्होंने किरोड़ा नाले के पास बाइक रोककर सेल्फी लेनी शुरू कर दी। अचानक नाला उफान पर आ गया और तीनों बाइक संग तेज धारा में बह गए। रूपेश राणा (25) पुत्र उमेश सिंह निवासी ऊंची महुवट, खटीमा और गुलफाम (25) पुत्र मुन्ने निवासी इस्लाम नगर गोटिया नाले से बाहर निकल आए। जबकि तस्लीम (22) पुत्र लईक निवासी इस्लामनगर गोटिया बाइक के साथ शारदा टापू तक बहता चला गया। पुलिस के गोताखोरों एवं एसडीआरएफ ने युवक को रेस्क्यू कर टापू से सुरक्षित निकाला।

# जन्मदिन के जश्न पर मौत ने मारा झपट्टा

- पूर्णागिरि मार्ग पर जीप ने खड़ी कार में टक्कर मारी, 1 की मौत
- कार में पांच लोग मना रहे थे जश्न, 5 घायल, दो हायर सेंटर रेफर

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** शनिवार रात्रि पूर्णागिरि मार्ग पर गैडाखाली गांव के पास एक जीप ने खड़ी कार को टक्कर मार दी। टक्कर से कार के पीछे बैठे लोग काफी दूर तक रगड़ते चले गए। टक्कर से कार के पीछे बैठे फोटोग्राफर की मौत हो गई। जबकि 5 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया। दो घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है।



निर्मल (फाइल फोटो)

जानकारी के मुताबिक पूर्णागिरि मार्ग के गैडाखाली नाले के पास शनिवार की रात्रि करीब 11 बजे एक जीप ने रोड किनारे खड़ी कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से फोटोग्राफर निर्मल सिंह (35) पुत्र शिवराज सिंह निवासी कार्की फार्म टनकपुर की मौके पर मौत हो गई।

चालक राकेश बोहरा (38) पुत्र रतन सिंह, मोहित कनवाल (28) पुत्र हीरा सिंह निवासी गैड़ाखाली टनकपुर, पवन सिंह कनवाल (25) पुत्र बिशन सिंह कनवाल निवासी गैडाखाली, महेश बोरा (24) पुत्र राजेंद्र बोरा गैडाखाली न0 03, निवासी और योगेश सिंह (24) पुत्र स्व कल्याण सिंह निवासी गैडाखली घायल हो गए।

सूचना मिलने पर बूम पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों ने घायलों को टनकपुर उप जिला अस्पताल पहुंचाया। ज्यादा चोट लगे होने से पवन सिंह और योगेश सिंह को प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। चालक राकेश बोरा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि मोहित कनवाल और महेश बोहरा को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। इधर मृतक के भाई महेंद्र सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चालक राकेश बोहरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले की जांच एसआई हिमानी गहतोड़ी कर रही है।

## मनीष कुमार बने चम्पावत के डीएम



**चम्पावत, अमृत विचार :** आईएएस मनीष कुमार ने शनिवार को चम्पावत के 24वें जिलाधिकारी के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने पर पुलिस विभाग द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

डीएम ने कोषागार के द्वितालक कक्ष में पहुंचकर विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया और डबल लॉक कक्ष में अभिलेखों का अवलोकन करते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय परिसर और व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। इस दौरान सीडीओ डॉ. जीएस खाती, एडीएम जयवर्धन शर्मा, एसडीएम अनुराग आर्य, लोहाघाट नितेश डांगर,अलकेश नौडियाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बंगवाल आदि मौजूद रहे।

## 1742 अभ्यर्थियों ने दी वन दरोगा की परीक्षा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिले में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत 2419 में से 1742 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 677 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

रविवार को आयोजित होने वाली वन दरोगा की लिखित परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में नौ केंद्र बनाए गए थे। जिसमें आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पंजीकृत 312 में से 240, जीजीआईसी में पंजीकृत 355 में से 264, रैमजे इंटर कॉलेज में पंजीकृत 288 में से 217, स्प्रींग डेल्स स्कूल में पंजीकृत 240 में से 174, एसएसजे परिसर के लोअर कैपस में पंजीकृत 288 में से 216, एसएसजे परिसर के मिडिल कैंपस में पंजीकृत 288 में से 189, एसएसजे परिसर के अपर कैंपस में पंजीकृत 288 में से 218 और विवेकानंद कॉलेज में 360 में से 224 अभ्यर्थी ही परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने पहुंचे। सीईओ अत्रेश सयाना ने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

### 1050 ने दी परीक्षा

**टनकपुर :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित वन दरोगा भर्ती परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि 5 परीक्षा केंद्रों में कुल पंजीकृत 1443 अभ्यर्थियों में से 1050 ने परीक्षा दी। कहा कि परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से हुई। हर केंद्र में पर्यवेक्षक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती के अलावा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में बीएनएस की धारा 163 लगाई गई थी।

## 130 इन्फ्रेंट्री बटालियन ने लगाए 6000 पौधे

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** जनपद के सीमावर्ती धारचूला से जौलजीबी तक काली नदी हर वर्ष बरसात में भारी तबाही लाती है। नेपाल और भारतीय सीमा पर उग्र वेग पर बहने वाली काली नदी से लगातार हो रहे भूकटाव को रोकने के लिए दोनों देशों के विभिन्न सरकारी विभाग जहां सीमेंटड तटबंध बना रहे हैं। वहीं, कुमाऊं की 130 इन्फेंट्री बटालियन टास्क फोर्स ने भारतीय क्षेत्र में नदी के सुरक्षित स्थानों पर पौधरोपण अभियान संचालित कर दिया है।

टास्क फोर्स के जवानों ने पहले चरण में विभिन्न प्रजाति के छह हजार पौधों का रोपण कर दिया है। बटालियन के एडजुटेंट ऑफिसर वीएस दानू ने बताया कि काली नदी के किनारे धारचूला से जौलजीबी की ओर बांज, फल्यांट, मणिपुरी बांज, सुरई, उतीस, भीमल, क्वैराल, माल्टा, नींबू, अमरूद, अखरोट आदि के छह हजार पौधे रोपित किए गए हैं। पौधरोपण से पूर्व इस क्षेत्र का ईटीएफ टीम द्वारा गहन अध्ययन किया गया। कर्नल दानू के अनुसार, संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षित जगहों पर अभी और भारी संख्या में पौधरोपण किया जाएगा। इस वर्षाकाल में आठ लाख पौधों को रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। एक लाख पौधे इसके अतिरिक्त लगाए जाएंगे।




पौधरोपण अभियान के दौरान मौजूद 130 इको टास्क फोर्स के सदस्य। ● अमृत विचार

उन्होंने स्कूल प्रबंधन, स्वैच्छिक और सामाजिक संगठनों से पौधरोपण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि ईटीएफ उनकी मांग पर निःशुल्क पौधे उपलब्ध करा देगा्र बशर्ते पौधों के संरक्षण का दायित्व वह स्वयं लें। इससे पूर्व टीम ने जिला मुख्यालय के निकट यक्षवती नदी के किनारे व धनौड़ा वन पंचायत क्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के तीन सौ पौधों का रोपण किया। यहां किसान भूषण पुरस्कार प्राप्त पूर्व सूबेदार केशवदत्त मखौलिया, लेफ्टिनेंट यशपाल चंद, मनरेगा लोकपाल जगदीश कलौनी, त्रिभुवन शाही, अभिलाषा समिति के किशोर पंत, मुस्कान सामाजिक उत्थान समिति की विनीता कलौनी रहे।

## बीयूएफसी और मुनस्यारी की टीम ने जीते मुकाबले

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** हेमवती नंदन बहुगुणा खेल मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता जारी है। प्रतियोगिता में दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में बीयूएफसी और दूसरे में मुनस्यारी की टीम ने अपने-अपने मुकाबले जीते।

शनिवार देर शाम को दो मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार संतोष बिष्ट और पुलिस विभाग के उमेश बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिसमें पहले मुकाबले में बीयूएफसी ने डेल्टा एफसी को 2-0 से पराजय किया। जबकि दूसरा मैच में मुनस्यारी एफसी ने एनटीडी एफसी को 2-1 से हराया। प्रतियोगिता के आयोजक भूपेश बिष्ट 'भय्यू' ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 24 जून को होगा। बताया कि फाइनल में खेल मंत्री रेखा आर्या हिस्सा लेंगी।

**कार्यक्रम** | जिला मुख्यालय में करीब 1000 किलो कूड़ा किया एकत्र, लोगों को अपने आस-पास साफ सुथरा रखने के लिए किया प्रेरित

# डीएलएसए ने जिलेभर में चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत थीम पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की ओर से वृहद स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय समेत रानीखेत, द्वाराहाट एवं भिकियासैंण में नुक्कड़ नाटक और रैली निकाली गई। लोगों को अपने आस-पास साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। जिला मुख्यालय में करीब 1000 किलो कूड़ा एकत्र कर नगर निगम के माध्यम से उसका निस्तारण किया गया।

रविवार को जिला मुख्यालय के सिमकनी मैदान पर स्वच्छता की शपथ दिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। अधिकार मित्रों की टीम ने नुक्कड़ नाटक व जन गीतों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। जनपद न्यायाधीश श्रीकांत पांडेय की अगुवाई में सिमकनी मैदान से लोअर माल रोड तक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें नारों और गीतों के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। जबकि चार टीमों का गठन कर सिमकनी मैदान से इंदिरा कालोनी, स्टेडियम, कॉलेज रोड, कर्नाटक खोला और बेस अस्पताल तक श्रमदान किया गया। यहां परिवार न्यायालय न्यायाधीश नीना अग्रवाल, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दया राम, सिविल जज (एसडी) रविंद्र देव मिश्र, न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि अरोड़ा, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीडीओ एस के पंत, डीपीआरओ राजेंद्र सिंह, सीओ जीडी जोशी, कोतवाल योगेश उपाध्याय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन मौके पर न्यायालय परिसर के निकट पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# मेधावियों को किया सम्मानित

- थाना बाजार स्थित सभागार में आयोजित हुआ समारोह
- इस अवसर पर महिला होल्यारों का भी हुआ सम्मान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** साह-चौधरी समाज की ओर से रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। वहीं महिला होल्यारों का भी सम्मान हुआ।

थाना बाजार स्थित मुरलीमनोहर सभागार में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रेमा साह, इना साह, सुशीला साह व हेमा साह ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। इस दौरान उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर प्रियांशी साह, गतिक राज साह, परीणिति साह, दिव्यांका साह व सृष्टि साह को प्रशस्ति पत्र और नकद धनराशि देकर सम्मानित किया।



मुरलीमनोहर सभागार में मेधावियों को सम्मानित करते साह समाज के लोग।

कहा कि सभी मेधावी आने वाले समय में युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। आयोजकों ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसके अलावा महिला होली महोत्सव में स्वांग रचने वाली तीन महिला होल्यारों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें नीलम साह, प्रीति साह और रेखा साह शामिल रही। यहां अध्यक्ष दीप लाल साह, सुंदर लाल चौधरी, हर्षबर्धन चौधरी, प्रभात साह, कर्नल (सेनि.) जगमोहन साह, विनोद साह, राजेंद्र प्रसाद साह, शैलेंद्र साह, सुदर्शन साह, ब्रजेश साह, भगवती प्रसाद साह, दीपक साह, पवन साह, उदयराज साह आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि उसे सूचना मिली कि पामेड थाना क्षेत्र के सेंड्राबोर और आमपुर गांवों में नक्सलियों ने दो निर्दोष ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस घटना की पुष्टि कर रही है। यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले हुई है। बीजापुर जिले के पेद्दाकोरमा बीजापुर गांव में 17 जून को नक्सलियों ने 13 वर्षीय लड़के सहित तीन ग्रामीणों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

### खालिस्तानियों के सहयोगी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पंजाब आतंकी साजिश में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और गैंगस्टर पवित्र बटाला के प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ जोती के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शुक्रवार को मोहाली में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल किया गया। पंजाब के गुरदासपुर जिले के जतिंदर सिंह को एनआईए ने पिछले साल 23 दिसंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था।

### कुपवाड़ा में दिल का दौरा पड़ने से डीएसपी की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के युवा पुलिस अधिकारी की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आमिर अमीन भट को कुपवाड़ा जिले के लंगेट इलाके के उजरू स्थित उनके घर में दिल का दौरा पड़ा। भट (30) को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन मौत हो चुकी थी। भट ने 2024 में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान

## शाह ने छत्तीसगढ़ में एनएफएसयू परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की रखी आधारशिला

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दोहराया कि देश को मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी, और इसको खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मानसून में भी नक्सल विरोधी अभियान जारी रखा जाएगा। शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, बस हथियार छोड़ दें, विकास की यात्रा में शामिल हों और आकर्षक आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं।

गृह मंत्री छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि डेढ़ वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने तेजी से प्रगति की है, लेकिन साय की सरकार और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा की उपलब्धि यह है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को तेज गति से शुरू किया है और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाने और नक्सल विरोधी अभियान तेज करने के लिए साय और शर्मा को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, मैंने पहले भी नवा रायपुर के अटल नगर में कहा था कि यह देश 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। शाह ने कहा, हर बार बारिश के मौसम में नक्सली थोड़ा आराम करते थे (क्योंकि घने जंगल के अंदर उफनती नदियां और नाले नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालते हैं), लेकिन इस बार, हम उन्हें मानसून के दौरान सोने नहीं देंगे और हम 31 मार्च के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और आगे बढ़ेंगे।



नवा रायपुर में कई राज्यों के डीजीपी/एडीजीपी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विष्णु देव साय। एजेंसी

### बातचीत की जरूरत नहीं हथियार डालें: गृहमंत्री शाह

शाह ने कहा कि नक्सलवाद की राह पर चले गए युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील करना चाहते हैं। विष्णु देव साय ने आकर्षक आत्मसमर्पण नीति बनाई है, हथियार डालें और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाए। शाह ने कहा कि बातचीत की जरूरत नहीं है, हथियार डाल दीजिए और मुख्यधारा में शामिल हो जाइए और आप अपने आप छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाएंगे। जिन लोगों ने हथियार डाले हैं उनका भी मैं सामाजिक जीवन में वापस आने पर स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि छत्तीसगढ़ की सरकार और केंद्र की सरकार ने जो वादा आपके साथ किया है उस वादे को हम पूरा करेंगे और उससे अधिक भी आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

# दलित किशोरी से दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म, 13 पकड़े गए

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- आंध्र प्रदेश की 15 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने पर मामला आया सामने

आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में 15 वर्षीय दलित लड़की से दो साल तक कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना नौ जून को तब प्रकाश में आई जब पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। दुष्कर्म की घटना से पीड़िता गर्भवती हो गई है।

पुलिस के अनुसार मामले में अचंपल्ली वर्धन (21), तलारी मुरली (25), बदागोरला नंदवर्धन राज (23), अरेंचेरू नागराजू (51), बोया संजीव (40) और बुदिदा राजन्ना (49) को नौ जून को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 10 जून को 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। श्री सत्य साई जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) वी रत्ना ने कहा, इस जघन्य अपराध के आरोपियों की पहचान कर ली गई है, उनका पता लगाया गया और धर्मावरम उपखंड क्षेत्र की विशेष टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अपराधियों द्वारा पीड़िता को उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो के जरिए कथित तौर पर ब्लैकमेल किया गया।

पीड़िता आठ माह की गर्भवती है और वर्तमान में अनंतपुर जिले के एक सरकारी अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक और जिला अधिकारियों ने पीड़िता की गर्भावस्था को देखते हुए गर्भपात न कराने का फैसला किया है। पुलिस प्रसव के बाद लड़की को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए बाल कल्याण समिति के साथ समन्वय कर रही है। अजन्मे शिशु के डीएनए परीक्षण के लिए अनुमति मांगी गई है क्योंकि यह कानूनी कार्यवाही के लिए महत्वपूर्ण होगा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है।

# बिहार चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर करेगा सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनीतिक दलों की चिंता और विरोध को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग उठाएगा कदम

बिहार में मतदाता सूची में अधिक सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग राज्य में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने पर विचार कर रहा है। प्रदेश में इस वर्ष के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नागरिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों और अन्य लोगों द्वारा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने पर चिंता के साथ विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस समेत कई दलों ने आयोग पर भाजपा की मदद करने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने अफसोस जताया कि विस्तृत प्रोटोकॉल के बावजूद आयोग पर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए आरोप लगाए जाते हैं, जबकि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ और राजनीतिक दलों की निगरानी के तहत की जाती है। निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की जांच करते समय हर घर जाकर पूरी सावधानी से सत्यापन करना चाहता है। उन्होंने बताया कि इसका मकसद यह है कि मतदाता सूची में कोई गलती न रह जाए और यह पूरी तरह सही हो। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का ऐसा गहन और कठोर संशोधन पहले भी किया जा चुका है और आखिरी बार 2004 में ऐसा किया गया था।

## आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो गिरफ्तार

पहलगाम हमला

**श्रीनगर।** एनआईए ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में संलिप्त तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है। एनआईए ने कहा कि उन्होंने यह पुष्टि की कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक हैं। परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क में ढोक (झोपड़ी) में पनाह दी थी।

### घाटी में घुड़सवारी का रोमांच



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से चहल पहल बढ़ने लगी है, लोग जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में घुड़सवारी का आनंद लेते हुए नजर आए। एजेंसी

# सबूत छिपाने में संपत्ति कारोबारी गिरफ्तार

इंदौर/अशोकनगर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड



- पुलिस ने एक सुरक्षा गार्ड को भी पकड़ा, दोनों पर आरोपी सोनम के बैग गायब करने का आरोप

राजा रघुवंशी हत्याकांड के सबूत छिपाने के आरोप में मेघालय पुलिस ने मध्यप्रदेश के अलग-अलग इलाकों से संपत्ति कारोबारी और सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि दोनों की गिरफ्तारी के बाद राजा हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।

इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया, मामले के सबूत छिपाने के मामले में मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स और शहर की एक इमारत के सुरक्षा गार्ड बलबीर अहिरवार उर्फ बल्ला को गिरफ्तार किया है। जेम्स और अहिरवार पर हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम का वह बैग गायब करने का आरोप है जो उसने इस वारदात के बाद इंदौर के देवास नाका क्षेत्र के फ्लैट में छिपाया था। इस बैग में अहम सबूत थे। मीडिया की खबरों के अनुसार बैग में पांच लाख नकद और महंगे आभूषणों के साथ देशी तमंचा भी था। पुलिस ने फिलहाल बैग में रखे सामान का विवरण नहीं दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह बैग शहर के जिस फ्लैट में था उसे जेम्स ने हत्याकांड के पांच गिरफ्तार आरोपियों में शामिल विशाल चौहान को किराये पर दिलाया था। जेम्स ने 13 जून को खुद यह दावा किया था कि चौहान ने 30 मई को उससे मुलाकात करके देवास नाका क्षेत्र में 17,000 रुपये प्रति माह पर फ्लैट किराए पर लिया था और चौहान ने इसके लिए अनुबंध पर दस्तखत भी किए थे।

## पंजाब : सैन्यकर्मी समेत दो लोग जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए जम्मू में तैनात सैन्यकर्मी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि एक आरोपी अमृतसर के धारीवाल निवासी गुरप्रीत सिंह है, जो जम्मू में सेना में कार्यरत है। फौजी का सहयोगी साहिल मसीह है, जो धारीवाल का निवासी है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सिंह आईएसआई के सीधे संपर्क में था और उस पर पेन ड्राइव के माध्यम से गोपनीय जानकारी साझा करने का संदेह है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि खुफिया जानकारी पर चलाये अभियान में पुलिस ने गुरप्रीत और मसीह को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे संवेदनशील जानकारी को फिर से सौंपने का प्रयास कर रहे थे। मामले में शामिल आईएसआई के आका की पहचान राणा जावेद के रूप में हुई है।

# न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में संसदीय समिति

संसद की एक समिति उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर चर्चा करने को तैयार है। साथ ही सरकार दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी स्थित अपने आवास से बेहिसाबी नकदी की बरामदगी के कारण जांच के घेरे में हैं।

संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति मंगलवार को होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करेगी तथा न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों पर भी विचार-विमर्श करेगी। समिति सचिवालय द्वारा भेजे गए एक नोटिस में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया, समिति उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता और सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों के पद ग्रहण करने के मुद्दों से संबंधित 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' विषय पर न्याय विभाग के सचिव से बात करेगी। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और इसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो एक मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पी पी चौधरी, तृणमूल कांग्रेस सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा इसके प्रमुख सदस्य हैं। जहां न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने की संभावना है, वहीं विपक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। नकदी बरामद होने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।

राज्यसभा सचिवालय उन सांसदों के हस्ताक्षरों का भी सत्यापन कर रहा है, जिन्होंने न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ कथित नफरती भाषण को लेकर महाभियोग नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे। सचिवालय पहले ही सांसदों को उनके हस्ताक्षरों की पुष्टि के लिए पत्र लिख चुका है।

## कारोबार/कृषि

# कच्चे तेल की दर तय करेगी बाजार की चाल

## इजराइल-ईरान संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति पर प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार होगा प्रभावित

शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह इजराइल-ईरान संघर्ष का वैश्विक आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव से तय होगी। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि बीते सप्ताह पश्चिम एशिया के संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को नजरअंदाज करते हुए स्थानीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह वैश्विक संकेतक बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इसमें ईरान और इजराइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी आर्थिक आंकड़े और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर सभी की निगाह रहेगी। घरेलू स्तर पर निवेशक मानसून की प्रगति, मासिक अनुबंधों के निपटान से संबंधित अस्थिरता, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशक अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग खर्च) के आंकड़ों पर भी नज़र रखेंगे। उनकी निगाह भारत के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पर भी रहेगी।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आगे की ओर देखें तो वैश्विक संकेतकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। निवेशक अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों के अलावा भू-राजनीतिक मोर्चे पर नजर रखेंगे। एफपीआई की गतिविधियों पर वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक विपुल भोवार ने कहा, अप्रैल में विदेशी निवेश की प्रवृत्ति में उलटफेर हुआ तथा मई में मजबूती आई। मई में निवेश सबसे अधिक रहा, जो भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है।


### शीर्ष छह कंपनियों की पूंजी 1.62 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 6 की पूंजी (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,62,288.06 करोड़ रुपये बढ़ी है। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289.57 अंक या 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं टीसीएस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई।

## दो खदान से इस वर्ष उत्पादन शुरू करेगा कोल इंडिया

**रांची।** कोल इंडिया लि. (सीआईएल) की सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष में दो नई कोयला खदानों से उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। इससे कंपनी की उत्पादन क्षमता में सालाना 1.2 करोड़ टन की बढ़ोतरी होगी। सीसीएल का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 11 करोड़ टन और 2030 तक 15 करोड़ टन उत्पादन को पार करना है। सीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नीलेन्दु सिंह ने कहा, इस साल दो नई खदानें खोलने की योजना है। अक्टूबर तक 50 लाख टन की क्षमता वाले कोटरे बसंतपुर ब्लॉक (कोकिंग कोयला खान) में उत्पादन शुरू करने की है। वहीं 1.5 करोड़ टन सालाना क्षमता की खुली चंद्रगुप्त खान परियोजना (गैर-कोकिंग कोयला) में उत्पादन मार्च, 2026 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने 2024-25 में 8.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया।

# रेटेड डिबेंचर : उच्च रेटिंग अधिक सुरक्षित



रेटेड डिबेंचर ऐसे ऋण उपकरण होते हैं जिन्हें क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग दी जाती है, जैसे- क्रिसिल, आईसीआरए, केयर आदि। ये रेटिंग इस बात का संकेत देती है कि कंपनी डिबेंचर पर समय पर ब्याज और मूलधन चुकाने में कितनी सक्षम है। उच्च रेटिंग (जैसे एएए) वाले डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते हैं, जबकि कम रेटिंग वाले डिबेंचर जोखिम भरे होते हैं, लेकिन उच्च रिटर्न का वादा कर सकते हैं। निवेशकों को रेटिंग देखकर यह तय करने में सुविधा होती है कि निवेश कितना सुरक्षित है। यह उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है जो निश्चित रिटर्न चाहते हैं परंतु जोखिम के स्तर को भी समझना जरूरी है।

### रेटेड डिबेंचर का अर्थ

- रेटेड डिबेंचर एक प्रकार का फिक्स्ड-इनकम निवेश उपकरण है जिसे रेटिंग एजेंसियों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। रेटिंग यह बताती है कि कंपनी अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में कितनी सक्षम है।

### निवेशकों को लाभ

- **सुरक्षा का संकेत :** रेटिंग से निवेशकों को यह पता चलता है कि डिबेंचर निवेश करने के लिए कितना सुरक्षित है।
- **निश्चित रिटर्न :** ये निश्चित ब्याज दर पर नियमित आय प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता लाने में मदद करते हैं।
- **कम जोखिम :** एएए या एए रेटेड डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।

### संभावित जोखिम

- **क्रेडिट रिस्क :** यदि रेटिंग कम हो जाती है या कंपनी दिवालिया हो जाती है तो निवेशक को नुकसान हो सकता है।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दर बढ़ने पर पुराने डिबेंचर का मूल्य घट सकता है।
- **तरलता की कमी :** कई बार डिबेंचर बाजार में आसानी से बेचे नहीं जा सकते।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

- निवेश से पहले रेटिंग की वैधता और कंपनी की वित्तीय स्थिति की जांच करनी चाहिए।
- लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाले और निश्चित आय चाहने वालों के लिए यह उपयुक्त हो सकता है।
- कर लाभ की उपलब्धता कुछ मामलों में मिल सकती है, लेकिन यह निर्भर करता है कि डिबेंचर किस प्रकार का है।

# भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान-इजराइल युद्ध



- सऊदी अरब व इराक से अधिक रूस से जून में खरीदा गया तेल

इजराइल-ईरान युद्ध के बाद बाजार में आए उतार-चढ़ाव के बीच भारत ने जून में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। भारत की जून में रूस से तेल खरीद पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ताओं... सऊदी अरब और इराक से आयातित मात्रा से अधिक रही है।

अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान में तीन स्थलों पर हमला किया। वह इस युद्ध में सीधे इजराइल के साथ है। इजराइल ने 13 जून को ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमला किया था। वैश्विक व्यापार विश्लेषक कंपनी केपलर के आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं। यह दो साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। साथ ही यह इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदी गई कुल मात्रा से अधिक है।

### 51 लाख बैरल कच्चा तेल विदेश से खरीदता है भारत

मई में रूस से भारत का तेल आयात 19.6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) था। जून में अमेरिका से भी आयात बढ़कर 4,39,000 बीपीडी हो गया। पिछले महीने यह आंकड़ा 2,80,000 बीपीडी था। केपलर के अनुसार, पश्चिम एशिया से आयात के लिए पूरे महीने का अनुमान 20 लाख बैरल प्रतिदिन है, । भारत विदेश से 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात करना शुरू कर दिया था। इसका कारण था कि यूरोपीय देशों के परहेज पर रूसी तेल अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में सस्ते दाम पर उपलब्ध था।

# 11 साल में कॉफी निर्यात 125% बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंचा

बेंगलुरु, एजेंसी

- देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष स्थान बना

भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा उठाए गए कई कदमों से 11 वर्षों में देश का कॉफी निर्यात 125 प्रतिशत बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार के अनुसार, 2014-15 में निर्यात 80 करोड़ डॉलर से अधिक था। यह 2023-24 में 1.28 अरब डॉलर और 2022-23 में 1.14 अरब डॉलर था।

देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष स्थान बना है। भारत से कॉफ़ी आयात करने वाले प्रमुख देशों में इटली, जर्मनी, बेल्जियम, पश्चिम एशिया के देश, दक्षिण कोरिया और जापान हैं। निर्यात को बढ़ाने के लिए भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा की गई प्रमुख पहल में पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आरसीएमसी), निर्यात परमिट, उत्पत्ति प्रमाणपत्र को डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ऑनलाइन जारी करना, बाधाओं पर चर्चा करने और उन मुद्दों को हल करने के लिए निर्यातकों के साथ नियमित बातचीत, तथा नियमित रूप से वैश्विक बाजार की जानकारी और बाजार आसूचना प्रदान करना शामिल है।

# ईरान और इजराइल में युद्ध बढ़ने से प. एशिया के साथ भारत का व्यापार भी होगा प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी



- युद्ध ने ईरान-इजरायल को होने वाले भारतीय निर्यात को पहले ही कर दिया है प्रभावित

ईरान-इजराइल में युद्ध बढ़ने से इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन सहित प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि युद्ध ने पहले ही ईरान और इजराइल को भारत के निर्यात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

अमेरिका ने ईरान के तीन स्थलों पर हमला किया, जिससे वह इजराइल के युद्ध में शामिल हो गया। उसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना है, ताकि पुराने दुश्मन को कमजोर कर सके, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है, क्योंकि ईरान ने अमेरिका पर खतरनाक युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया है। मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के चेयरमैन शरद सराफ ने कहा, इस युद्ध से अब हम बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। इसका प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा। उनकी कंपनी भी इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली खेप रोक रही है। अन्य निर्यातक ने कहा कि भारतीय समुदाय पहले से ही इजराइल-हमास संघर्ष और लाल सागर में माल ढुलाई जहाजों पर यमन समर्थित हूतियों के हमले से जूझ रहा है। भारत से माल ढुलाई लाइन अफ्रीकी महाद्वीप को घेरने वाले केप ऑफ गुड होप से खेप ले रही हैं। ईरान-इजराइल युद्ध व व्यापारिक मार्ग- होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित हो रहा है।

# अनोखा है पंत, उसे वैसा ही रहने दें

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाने के बाद गुलाटी मारते ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने पर बोले पूर्व क्रिकेटर



इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाने के बाद मैदान पर गुलाटी लगाते हुए ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि यह उनका अनोखा स्टाइल है। पंत ने 178 गेंदों में 134 रन बनाए, जो उनका सातवां टेस्ट शतक है।

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पंत शायद बहुत कम उम्र से ही जिम्नास्टिक कर रहे हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने शास्त्री ने कहा इसमें कुछ गलत नहीं है। वह ऐसा ही है और उसे ऐसा ही रहने दें। वह अलग है। बहुत कम उम्र से ही उसने काफी जिम्नास्टिक किया है। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा डाले गए एक वीडियो में मजाकिया लहजे में कहा अगर मैंने भी कोशिश की होता तो शायद सीधे पूल में जाता। पंत 2022 में भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद क्रिकेट के मैदान पर उनकी सफल वापसी उनके जीवट की बानगी देती है। सर्जरी के बाद इस तरह से गुलाटी लगाना हैरान करने वाला है। भारत के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा ऋषभ तो ऋषभ है। हमेशा कुछ अलग करता है। वह बहुत अच्छे से यह करता है । किसी ने सोचा नहीं था कि वह ऐसा करेगा। मैंने कभी कोशिश नहीं की। पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा मैं ऐसा कुछ नहीं कर सकता और न ही उसकी तरह बल्लेबाजी कर सकता हूं। दोनों मोर्चों पर (विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी) वह अपेक्षाओं से परे प्रदर्शन करता है।

### ऋषभ ने अपने डिफेंस पर काम किया : कोच देवेंद्र

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाने वाले ऋषभ पंत ने इसके बाद अपनी रक्षात्मक तकनीक पर जमकर काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में चल रहे पहले टेस्ट मैच में ही शतक जड़ने में सफल रहे। यह खुलासा उनके बचपन के कोच देवेंद्र शर्मा ने किया। शर्मा ने पीटीआई वीडियो से कहा ऑस्ट्रेलिया में असफल होने के बाद उन्होंने अपनी रक्षात्मक तकनीक में काफी बदलाव किए और अपने स्ट्रोक पर लगाम कसी जो आपने इस मैच में भी देखा होगा। पंत मैच विजेता हैं। इंग्लैंड जाने से पहले हमने उनके डिफेंस पर चर्चा की थी, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरा अच्छा नहीं रहा था।

# बुमराह का सामना करना बहुत मुश्किल

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने बुमराह को बताया दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज




इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है।

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है।

उन्होंने कहा बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है। पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा वह (पोप) मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था , लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा। डकेट ने कहा इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ़ शतक बनाना। आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं, और यह सिर्फ़ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ़ एकमात्र टेस्ट में 171 रन बनाने के बावजूद पोप की टीम में जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन दबाव में और तेज़ गेंदबाज़ बुमराह के खिलाफ़ शतक ने कम से कम कुछ समय के लिए आलोचकों को शांत कर दिया। डकेट ने कहा हम ड्रेसिंग रूम में चीजों को रखने में बहुत अच्छे हैं, लेकिन जाहिर है कि आप इसके बाहर से शोर सुन सकते हैं।

## एक नजर



चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा ने बर्लिन में ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप के महिला एकल फाइनल में चीन की वांग झिन्यू को हराकर ट्रॉफी जीती। ● एजेंसी

### अलकाराज और लेहेका के बीच होगा क्वींस क्लब में फाइनल मुकाबला

**लंदन :** स्पेन के स्टार कार्लोस अलकाराज और चेक गणराज्य के जिरी लेहेका के बीच एटीपी 500 क्वींस क्लब चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। अलकाराज शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में 23 वर्षीय जिरी लेहेक्का ने दूसरे सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक ड्रेपर को हराया। घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अल्काराज और जैक ड्रेपर के बीच फाइनल मुकाबला होगा, लेकिन लेहेक्का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे वरीय खिलाड़ी को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर नई पटकथा लिख दी।

### भारत और किर्गिस्तान के बीच अंडर 23 दोस्ताना मैच गोलरहित ड्रॉ

**नई दिल्ली :** भारत की अंडर 23 फुटबॉल टीम ने ताजिकिस्तान के हिसोर में दूसरे दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय मैच में किर्गिस्तान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला। इस साल के आखिर में होने वाले एएफसी अंडर 236 एशियाई कप क्वालीफायर और 2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिये भारतीय टीम दो मैत्री मैच खेलने ताजिकिस्तान गई है । पहले मैच में उसे मेजबान टीम ने 3 .2 से हराया। मुख्य कोच नौशाद मूसा ने पिछले मैच की प्रारंभिक एकादश में आठ बदलाव किए। सिर्फ डिफेंडर परमवीर, बिकास युंनाम और अभिषेक सिंह टेकचाम ही अपनी जगह बरकरार रख सके।

### अमनदीप सहित पांच भारतीयों ने चेक लेडीज ओपन में कट हासिल किया

**बेरोन (चेक गणराज्य) :** भारत की अमनदीप द्राल ने दूसरे दौर में अंतिम दो होल में बर्डी के साथ ईवन पार का स्कोर बनाया जिससे वह टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं। पहले दौर में आठ अंडर 64 का शानदार प्रदर्शन करने वाली अमनदीप के अलावा चार और भारतीय खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहीं। भारत की हिताषी बक्षी (68-70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। दीक्षा डागर (71), त्वेसा मलिक (69) और स्नेहा सिंह (68) भी संयुक्त 61वें स्थान पर रहते हुए कट हासिल करने में सफल रहीं। कुल 71 खिलाड़ियों ने कट हासिल किया जिसमें दो एमेच्योर भी शामिल रहीं। स्विट्जरलैंड की गोल्फर किम मेटरॉक्स करियर के सर्वश्रेष्ठ नौ अंडर 63 के स्कोर से कुल 13 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन भारत ने चार पदक जीते

**बीजिंग :** भारत ने यहां पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित चार पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में 40 से अधिक देशों के शीर्ष पैरा पावरलिफ्टर भाग ले रहे हैं और यह 2026 विश्व चैंपियनशिप और 2028 पैरालंपिक खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। गुलफाम अहमद ने बेहद प्रतिस्पर्धी पुरुषों की एलीट 59 किग्रा श्रेणी में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 145 किग्रा वजन उठाया और इसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 151 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गुलफाम का 153 किग्रा का तीसरा प्रयास अस्वीकार कर दिया गया लेकिन उनका दूसरा प्रयास भारत को टूर्नामेंट का पहला पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था।

# हैरी ब्रूक शतक से चूके, इंग्लैंड 465 रन पर आउट

## बुमराह ने झटके पांच विकेट, भारत को पहली पारी से मिली 06 रन की लीड, दूसरी पारी में 64/1 रन बने

लीड्स, एजेंसी

हैरी ब्रूक (99) एक रन से शतक से चूक गए जिसके बाद जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड को पहली पारी में 465 रन पर समेटकर भारत को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक पहली पारी के आधार पर छह रन की मामूली बढ़त दिलाई। दूसरी पारी में भारत 64/1 रन बना लिए है।

इससे पहले बुमराह ने जोश टंग (11) को बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया लेकिन इससे पहले निचले क्रम में क्रिस वोक्स (55 गेंद में 38 रन) ने तेजी से रन जुटाकर मेजबान टीम को भारत के 471 रन के स्कोर के करीब पहुंचाया। इंग्लैंड के निचले क्रम ने भारत की मजबूत बढ़त हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जिससे अब दोनों टीम की दूसरी पारियां बेहद महत्वपूर्ण हो गई हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरे सत्र में भी आसानी से बाउंड्री बटोरी और 23.4 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 138 रन जुटाए। प्रसिद्ध कृष्णा (128 रन पर तीन विकेट) ने शॉर्ट गेंद पर जेमी स्मिथ (40) और ब्रूक (99 रन, 112 गेंद, 11 चौके, दो छक्के) को आउट किया लेकिन अपनी 20 ओवर की गेंदबाजी में रन गति पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे। गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने सिर्फ छह ओवर गेंदबाजी की जिससे उनके चयन पर सवाल उठने लगे हैं।

बुमराह (83 रन पर पांच विकेट) पूरी पारी के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मैच में अब तक भारत का क्षेत्ररक्षण उसकी सबसे कमजोर कड़ी रही है। ब्रूक को 82 रन पर बुमराह की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने दूसरा जीवनदान दिया।

ब्रूक हालांकि इन मौकों का फायदा उठाकर शतक नहीं बना सके और 88वें ओवर में 99 रन के स्कोर पर प्रसिद्ध की गेंद पर शार्दुल को कैच दे बैठे। भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली थी लेकिन टीम इसका अच्छा इस्तेमाल नहीं कर पाई। टेस्ट शतक (भारत के खिलाफ 2018 में) जड़ चुके वोक्स ने सत्र के अंत में प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर मिड विकेट और थर्ड मैन पर छक्के मारे। उन्हें बुमराह ने बोल्ड किया जबकि मोहम्मद सिराज (122 रन पर दो विकेट) ने ब्राइडन कार्स (22) की पारी का अंत किया। इससे पहले इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 209 रन से की और सुबह के सत्र में 28 ओवर में 118 रन जोड़े। भारत ने सुबह के सत्र में कल के शतकवीर ओली पोप (106 रन, 137 गेंद, 14 चौके) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (20) के विकेट चटकाए। दूसरे दिन की तरह तीसरे दिन भी प्रसिद्ध, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी अपने साथी तेज गेंदबाज बुमराह की तरह सटीक गेंदबाजी करने में नाकाम रही। दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले बुमराह की नोबॉल पर आउट होने वाले ब्रूक को 46 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला जब बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की तेजी से स्पिन होती गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी ओवर में ब्रूक ने अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया जिससे भारतीय टीम की हताशा बढ़ गई जिसने अब तक मैच में कई कैच टपकाए हैं। सुबह का सत्र हालांकि ब्रूक के नाम रहा जिन्होंने कई आकर्षक शॉट खेले। प्रसिद्ध ने दिन के पहले ओवर में दो ढीली गेंद फेंकी जिसमें से एक पर ब्रूक ने प्वाइंट पर चौका और दूसरी पर मिड विकेट के ऊपर से छक्का जड़ा। ब्रूक ने बुमराह सहित तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर खेलने की रणनीति अपनाई और एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से ड्राइव लगाए। प्रसिद्ध ने अगले ओवर में पोप को आउट किया जो उनकी शॉर्ट और वाइड गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में पंत को कैच दे बैठे। स्टोक्स भी विकेट पर नजरें जमाने के बाद सिराज की गेंद पर पंत को कैच दे बैठे।



इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 99 रन पर आउट होने के बाद निराशा जताते हुए। ● एजेंसी

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**465/10** (100.4 ओवर)

- जैक क्राउली का नायर बो बुमराह 04
- बेन डकेट बो बुमराह 62
- ओली पोप का पंत बो प्रसिद्ध 106
- जो रूट का नायर बो बुमराह 28
- हैरी ब्रूक का शार्दुल बो प्रसिद्ध 99
- बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज 20
- जेमी स्मिथ का सुदर्शन बो प्रसिद्ध 40
- क्रिस वोक्स बो बुमराह 38
- ब्राइडन कार्स बो सिराज 22
- जोश टंग बो बुमराह 11
- शोएब बशीर नाबाद 01

अतिरिक्त : 34 रन, गेंदबाजी : बुमराह 24 .4-5-83-5, सिराज 27-0-122-2, प्रसिद्ध 20-0-128-3, जडेजा 23-4-68-0, शार्दुल 6-0-38-0

### भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं आर्चर

**लंदन :** चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं क्योंकि वह डरहम में ससेक्स के लिये काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर श्रृंखला के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया।

स्काय स्पोटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि उनका नाम काउंटी चैंपियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं, तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिए ससेक्स टीम में होंगे। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कई बार वह मुझे मैसेज भेजता है। मैंने उसे यही सलाह दी कि हड़बड़ी नहीं करे। वह चोटों से काफी परेशान रहा है। उसकी वापसी इंग्लैंड के लिए रोमांचक होगी।

### लंबी दूरी के धावकों ने बिखेरा जलवा

**प्रयागराज :** मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में रविवार को शुरू हुई तीन दिवसीय 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन लंबी दूरी के धावकों ने जलवा बिखेरा। सुबह के सत्र में 3000 मीटर दौड़ में आठ पुरुष धावकों ने प्रतियोगिता के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। तमिलनाडु के कविनराज एस ने भी पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में कुलदीप कुमार के 5.10 मीटर के प्रतियोगिता के पिछले रिकार्ड को तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 5.11 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया।

**जीत की जंग**



प्रयागराज में रविवारको 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (U20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेते एथलीट। ● एजेंसी

### भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से हारी


**एंटवर्प (बेल्जियम) :** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को बेल्जियम से 0-2 से हार गई जो एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में उसकी लगातार छठी हार है और टीम रेलीगेशन की कगार पर पहुंच गई।

दो गोलरहित क्वार्टर के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके जीत सुनिश्चित की। एंब्रे बेलेनघी ने 40वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई जबकि लिएन हिलेवार्ट ने इसके तुरंत बाद एक और गोल दागकर बेल्जियम को 2-0 से आगे कर दिया।

## कनाडा ने टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ओंटारियो :** कनाडा की पुरुष क्रिकेट टीम ने अमेरिकी क्वालीफायर में बहामास को सात विकेट से हराकर अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया।

कनाडा की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कनाडा ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप भी खेला था। बीस टीमों के टूर्नामेंट में गत चैंपियन भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड,



दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी खेलेंगे।

आईसीसी ने कहा सात और टीमें अभी इन टीमों से जुड़ेंगी। जिनमें से दो यूरोपीय क्वालीफायर, दो अफ्रीकी क्वालीफायर और तीन एशिया ईएपी क्वालीफायर से आएंगी।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम कल मंगोलिया से भिड़ेगी

चियांग माई (थाईलैंड), एजेंसी

भारतीय सीनियर महिला टीम सोमवार को ग्रुप बी मुकाबले में मंगोलिया की टीम के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर 70वीं रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम 126 रैंकिंग पर काबिज मंगोलिया की टीम से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है। भारतीय टीम 23 जून को मंगोलिया, 29 जून को तिमोर लेस्ते, दो जुलाई को इराक और पांच जुलाई को मेजबान थाईलैंड से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा।



एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय **टीम इस प्रकार है:-** गोलकीपरः एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी और पायल बासुदे। डिफेंडरः हेमाम शिल्की, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू और सोरोखैबम रंजना चानू।

# राजनीति में नहीं कोच बनने में दिलचस्पी

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक इंटरव्यू में खुलकर जताई अपनी इच्छा
- सौरव क्रिकेट जगत में खिलाड़ी से लेकर बीसीसीआई अध्यक्ष तक रह चुके

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राजनीति में प्रवेश से इन्कार किया। लेकिन कहा कि भारतीय टीम का कोच बनने से उन्हें इन्कार नहीं है। जुलाई में 53 साल के होने जा रहे गांगुली 2018-19 और 2022-24 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक रहे।

क्या वह भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे, यह पूछने पर उन्होंने पीटीआई को दिए पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा मैने इसके बारे में सोचा नहीं क्योंकि मैं अलग अलग भूमिकाओं में रहा हूं। उन्होंने कहा मैने 2013 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना छोड़ा और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बन गया। उनसे जब कहा गया कि वह भारत का कोच बनकर और भी योगदान दे सकते थे, तो गांगुली ने कहा देखते हैं कि आगे क्या होता है । मैं 50 (53) साल का ही हूं । देखते हैं कि क्या होता है । मुझे इससे ऐतराज नहीं है। देखते हैं। यह तो तय है कि वह राजनीति में नहीं उतरने वाले। यह पूछने पर कि पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले क्या वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ेंगे, उन्होंने मुस्कुराकर कहा मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। अगर उन्हें प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की पेशकश की जाये तो ? इस पर भी उन्होंने कहा मेरी कोई रूचि नहीं है। गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए कहा कि दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से उन्होंने लय पकड़ ली है। उन्होंने कहा गौतम अच्छा कर रहा है । शुरूआत धीमी रही जब आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारे लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद उन्होंने लय पकड़ ली। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बड़ी होगी। गंभीर कितने कुशल रणनीतिकार हैं, यह पूछने पर उन्होंने गंभीर के जुनून और बेलागपन की तारीफ की। उन्होंने कहा इस भूमिका में मैने उसे बहुत करीब से नहीं देखा है लेकिन मैने उसका जुनून देखा है । मैने उसकी रणनीतियों को करीब से नहीं देखा क्योंकि उसके कोच रहते मैने उसके साथ काम नहीं किया। गांगुली ने कहा वह सीधी बात करता है और चीजों को साफ देखता है । वह अपने विचार खुलकर रखता है।





तेहरान में इजराइली हमले के बाद उठता धुआं।

# हर ठिकाना भेदने में सक्षम बी-2 बॉम्बर्स और जीबीयू-57

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी शामिल हो चुका है। अमेरिका ने इस हमले में बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स और जीबीयू-57 का इस्तेमाल किया, गहराई में छिपे ठिकानों को भेदने में सक्षम है। जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर को बोइंग ने डिजाइन किया है और इसका निर्माण अमेरिकी वायुसेना ने किया है। इसे अमेरिकी वायुसेना के पास सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम कहा जाता है।

बी-2 बॉम्बर दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है। एक विमान की लागत लगभग दो बिलियन डॉलर है। इसका रखरखाव और इस्तेमाल बहुत महंगा है। अमेरिकी वायु सेना के पास भी केवल 20 बी-2 विमान ही हैं। बी-2 बॉम्बर अपनी स्टील्थ तकनीक, लंबी रेंज, और भारी हथियारों की वजह से अत्यंत खतरनाक है। हालांकि, इसकी उच्च लागत और सीमित संख्या के चलते इसे हर मिशन में उपयोग नहीं किया जा सकता।




### क्या है बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स

बी-2 स्पिरिट एक अमेरिकी स्टील्थ बमवर्षक विमान है, जिसे नॉर्थ्रोप ग्रुम्मन ने विकसित किया है। यह अपनी बेहतरीन स्टील्थ तकनीक, लंबी उड़ान रेंज और भारी हथियार ले जाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। इसे पहली बार 1980 के दशक में डिजाइन किया गया था और यह 1997 में पूरी तरह से सेवा में आया।

### बी-2 बॉम्बर की विशेषताएं

- बी-2 का डिजाइन और इसके निर्माण में इस्तेमाल होने वाली खास मेटल इसे रडार द्वारा पकड़े जाने से बचाती हैं।
- यह 18 टन हथियार ले जा सकता है, जिसमें परमाणु, पारंपरिक बम च प्रेसिजन-गाइडेड मूनिशन शामिल हैं।
- बिना ईंधन भरे यह विमान 11,000 किलोमीटर तक उड़ सकता है, हवा में ईंधन भरने की क्षमता के साथ इसकी रेंज और भी बढ़ जाती है।
- यह दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है, जिसकी प्रति यूनिट लागत लगभग 2 बिलियन डॉलर है। इसे दो पायलट ऑपरेट करते हैं।

### परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं : आईएईए

**तेल अवीव।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु केंद्रों को निशाना बनाकर किए गए अमेरिका के हमले के बाद वहां विकिरण के कोई संकेत नहीं मिले हैं। रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

### ईरान का सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने का अनुरोध

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने ईरान पर अमेरिका के हमलों के बाद रविवार को सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया। ईरानी राजदूत आमिर सईद ईरानवी ने एक पत्र लिख कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संरा चार्टर के तहत अमेरिका को जवाबदेह ठहराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान इन अकारण और पूर्वनियोजित आक्रामक कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

### फ्रांस ने कहा- ईरान हमले में वह शामिल नहीं

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री जे. नोएल बरोट ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हुए अमेरिकी हमले में उनका देश शामिल नहीं था। बरोट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि फ्रांस को ईरान के तीन परमाणु ठिकानों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की चिंताजनक जानकारी मिली है।

# दुनिया कूटनीतिक समाधान की पक्षधर

## ट्रंप ने कहा था दो सप्ताह में लेंगे फैसला पर दो दिन में ही कर दिया ईरान पर हमला

**दुबई, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद इजराइल-ईरान युद्ध के क्षेत्र में फैलने की आशंका के मद्देनजर रविवार को विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि वह ईरान के खिलाफ युद्ध में इजराइल का साथ देने के बारे में दो सप्ताह में फैसला लेंगे, लेकिन महज दो दिन में फैसला कर लिया और इजराइल के अभियान में शामिल होते हुए रविवार तड़के हमला कर दिया।

इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर अमेरिका ने इजराइल का साथ दिया तो वह जोरदार पलटवार करेगा। अमेरिका के हमलों के बाद विभिन्न देशों और संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि संघर्ष पूरे क्षेत्र में फैलने पर उनके देश को इससे दूर रहने की जरूरत है। सलाम ने कहा, हमारे लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखना सबसे महत्वपूर्ण है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं सदस्य देशों से तनाव कम करने की अपील करता हूं। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है, कूटनीति से कोई हल निकल सकता है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने रविवार को सभी पक्षों से वार्ता की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने यह नहीं बताया कि न्यूजीलैंड ट्रंप की कार्रवाई का समर्थन करता है या नहीं। पीटर्स ने कहा कि यह संकट, अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, कूटनीति सैन्य कार्रवाई की तुलना में अधिक स्थायी समाधान प्रदान करेगी। यमन के हूती विद्रोहियों और हमास दोनों ने अमेरिकी हमलों की निंदा की है। हूतियों ने इजराइली और अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ ईरान की लड़ाई में उसका समर्थन करने का संकल्प जताया है। रविवार को एक बयान में, हूती विद्रोहियों के राजनीतिक ब्यूरो ने मुस्लिम देशों से इजराइली-अमेरिकी अहंकार के खिलाफ एक मोर्चे के रूप में जिहाद व प्रतिरोध में शामिल होने का आह्वान किया। हमास और हूती ईरान के समर्थक रहे हैं।

जापान के एनएचके टेलीविजन के अनुसार, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा रविवार दोपहर को ईरानी परमाणु केन्द्रों पर अमेरिकी हमले के प्रभाव पर चर्चा करने के लिए प्रमुख मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह आपातकालीन बैठक आयोजित करेगा, जिसमें अमेरिकी हमलों के सुरक्षा व आर्थिक परिणामों और दक्षिण कोरिया की संभावित प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी।

| 100 | 30,000 | 125 |
|---|---|---|
| मीटर जमीन से नीचे है ईरान का फोर्डो परमाणु संयंत्र | पाउंड के जीबीयू-57 बंकर बस्टर्स से लैस बी-2 विमानों से प्रतिष्ठानों पर किए हमले | एयरक्राफ्ट ठिकानों को नष्ट करने के लिए मिशन में थे शामिल |


ईरान में अमेरिकी कार्रवाई का विरोध जाताती महिलाएं।

### व्हाइट हाउस की तस्वीरों में सिचुएशन रूम के अंदर मंथन करते दिखे ट्रंप

**वाशिंगटन।** ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर जिस वक्त अमेरिका की तरफ से बमबारी की जा रही थी उस समय 'सिचुएशन रूम' में राष्ट्रपति ट्रंप पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहे थे। व्हाइट हाउस ने सिचुएशन रूम की कुछ तस्वीरें जारी की हैं जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप के चेहरे पर गंभीरता के भाव साफ नजर आ रही है। एक अन्य तस्वीर में ट्रंप खड़े दिख रहे हैं जबकि ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन डैन केन कुछ कहते नजर रहे हैं। इस दौरान ट्रंप ने लाल रंग की टोपी पहनी है जिस पर उनका पसंदीदा वाक्य मेक अमेरिका ग्रेट अगेन लिखा है। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जो तस्वीरें जारी कीं उनमें 'सिचुएशन रूम के अंदर की दुर्लभ छवि सामने आई है। सिचुएशन रूम व्हाइट हाउस का एक खुफिया प्रबंधन परिसर है जहां संवेदनशील मुद्दों पर विचार विमर्श और निगरानी की जाती है। शनिवार को हुई बैठक की जो तस्वीरें जारी हुई हैं उनमें ट्रंप उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का जिम्मा संभाल रहे मार्को रूबियो, व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स एवं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सहित अपनी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सभी 'सिचुएशन रूम' के सम्मेलन कक्ष में एक बड़ी मेज के इर्द गिर्द बैठे नजर आ रहे हैं जिसे जेएफके रूम कहा जाता है। इस कक्ष का नामकरण पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के नाम पर किया गया है।



# नेतन्याहू ने ईरान पर हमले के बाद कहा- ट्रंप के नेतृत्व ने रच दिया इतिहास

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साहसिक निर्णय की रविवार को सराहना की और कहा कि इसने शक्ति के जरिए शांति को दर्शाया है।

नेतन्याहू ने कहा, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आपका (ट्रंप का) साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। कहा, ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में इजराइल ने वाकई कमाल कर दिखाया। लेकिन शनिवार रात ईरान के परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका ने कार्रवाई करके शानदार काम किया। उसने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई भी दूसरा देश नहीं कर सकता। इजराइल ने 13 जून को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया था। इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खतरा बताता रहा है वहीं ईरान ने लगातार कहा है कि उसका परमाणु शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

### परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की सीमित मंशा : हेगसेथ

**तेल अवीव।** अमेरिका के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान-इजराइल युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप सीमित है। ईरान में अमेरिका द्वारा दीर्घकालिक युद्ध छेड़ने की मंशा नहीं है। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात किये हमलों को इरादतन सीमित रखा गया था। मैं बस इतना कहूंगा, जैसा कि राष्ट्रपति ने निर्देश दिया है और स्पष्ट कर दिया है, यह निश्चित रूप से सीमित हस्तक्षेप का मामला है।



हमले के बाद जानकारी देते इजराइली राष्ट्रपति नेतन्याहू।

# अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने बुलाई आपात बैठक

- यूएनएससी में पेश रिपोर्ट में आईएईए ने दी जानकारी

**वियना/नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर सोमवार को आपात बैठक बुलाई है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा,ईरान में गंभीर स्थिति के मद्देनजर कल गवर्नर्स की आपात बैठक बुलायी गयी है।

ग्रॉसी ने आगे कहा कि ईरान में स्थिति पर आगे का आकलन तब किया जाएगा जब और अधिक जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ दिनों में ईरान पर इजरायल के हमलों के दौरान इस्फ़हान में एक बड़े परमाणु परिसर को दूसरी बार निशाना बनाया गया है, जिसमें कई और इमारतें भी शामिल हैं। इससे पहले आईएईए महानिदेशक ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को पेश रिपोर्ट में कहा था कि ईरान में परमाणु स्थलों पर हमले वहां परमाणु सुरक्षा और संरक्षा में भारी गिरावट का कारण बना है, हालांकि अब तक कोई रेडियोलॉजिकल रिलीज नहीं हुआ है लेकिन ऐसा होने का खतरा है। उन्होंने कहा , हमारा उद्देश्य ईरान की परमाणु संवर्धन क्षमता को नष्ट करना और दुनिया के नंबर एक आतंक प्रायोजक देश से उत्पन्न परमाणु खतरे को रोकना था।



ईरान पर अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बाद कोलकाता में लोगों ने ट्रंप के खिलाफ रोष प्रकट किया।

# ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला गैर जिम्मेदाराना : रूस

**मॉस्को, एजेंसी**

ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले को रूस ने गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए रविवार को इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है। अमेरिका ने इजराइल के समर्थन में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की।

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी संप्रभु देश पर मिसाइल और बम से हमला करने का निर्णय गैर-जिम्मेदाराना है, भले ही इसके लिए कोई भी दलील दी जाए। यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है, जिसमें पहले ही ऐसी कार्रवाइयों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य बताया गया है।

### चीन ने हमले की निंदा की

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर का गंभीर उल्लंघन है और पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ाता है। कहा कि संघर्ष में शामिल पक्षों, विशेष रूप से इजराइल से जल्द से जल्द संघर्षविराम पर पहुंचने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व वार्ता शुरू करने की अपील की।

## डेमोक्रेट नेताओं ने हमले को लेकर ट्रंप से जवाब मांगा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करने के अपने फैसले के लिए जनता को 'स्पष्ट जवाब' देना चाहिए। सीनेटर चक शूमर ने जोर देकर कहा कि किसी भी राष्ट्रपति को एकतरफा तरीके से देश को 'युद्ध जैसी परिणामकारी चीज' में झोंकने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता और सीनेट सदस्य चक शूमर ने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान में तीन प्रमुख परमाणु केंद्रों (फोर्दो, नतांज और इस्फहान) पर बमबारी करने के बाद व्यापक, लंबे और अधिक विनाशकारी युद्ध का खतरा नाटकीय रूप से बढ़ गया है।

**खिंचाई** शहबाज-मुनीर ने अपने मालिक को खुश करने के लिए देश बेच दिया, नोबेल के लिए ट्रंप की सिफारिश पर भड़के पाकिस्तानी

# ट्रंप को नोबेल पर अपने ही देश में घिरी पाकिस्तान सरकार

**लाहौर, एजेंसी**

नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने पर पाकिस्तान सरकार के साथ-साथ वहां के सैन्य प्रतिष्ठान को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार समिति को औपचारिक रूप से एक पत्र भेजा है, जिसमें हाल ही में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। घोषणा के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उपयोगकर्ताओं ने अपने आका अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए पाकिस्तानी सरकार की आलोचना शुरू कर दी। अमेरिका द्वारा ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केंद्रों पर हमला करके देश के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के बाद आलोचनाएं तेज हो गईं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने जवाबी कार्रवाई की तो और हमले किए जाएंगे। रविवार को 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता ने कहा, पाकिस्तानियों, सावधान! ईरान पर हमले के बाद प्रधानमंत्री शहबाज न केवल राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कर सकते हैं, बल्कि उन्हें तमगा-ए-जुरात (साहस का पदक), तमगा-ए-शुजात (बहादुरी का पदक), तमगा-ए-बसालत (वीरता का पदक), तमगा-ए-इम्तियाज (उत्कृष्टता का पदक) और शायद निशान-ए-हैदर (पाकिस्तान का सर्वोच्च सैन्य सम्मान) भी प्रदान कर सकते हैं।

पाकिस्तानी पत्रकार अमीर अब्बास ने कहाः वही ट्रंप जिसकी तुलना पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता ख्वाजा साद रफीक ने एक बार चंगेज खान और हिटलर से की थी - कल रात उसी पीएमएल-एन सरकार ने उन 'चंगेज खान और हिटलर' को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया। ऐसे शर्मनाक और कायरतापूर्ण फैसले कौन ले रहा है? उन्होंने पूछा, नवाज शरीफ और आसिफ जरदारी सत्ताधारियों को खुश करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं।



### स्तंभकार राहीक अब्बासी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कसे तंज

राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार राहीक अब्बासी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जिस डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पश्चिमी देश युद्ध अपराधों के लिए विरोध कर रहे थे, उसी को इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान ने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। उन्होंने पूछा, क्या उन लोगों में सम्मान या इंसानियत नाम की कोई चीज है जिन्होंने ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, जिन्होंने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर आठ बार वीटो लगाया था? उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, धन्यवाद हाफिज साहब (सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर)।

## इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को अदालत से राहत

**इस्लामाबाद/लाहौर।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अदालतों ने राहत दी है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर अल खान और नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब समेत पार्टी के विभिन्न नेताओं को शनिवार को इस्लामाबाद की एक अदालत ने पिछले साल के दो विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में बरी कर दिया। इस्लामाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट शहजाद अहमद ने पिछले साल 26 अप्रैल को हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में फैसला सुनाया।

# ईरान के विदेश मंत्री ने कहा अमेरिकी हमले का लेंगे बदला

- रूसी राष्ट्रपति पुतिन से सोमवार को मुलाकात करेंगे अरागची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने अपने तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका द्वारा की गई बमबारी का बदला लेने का संकल्प लेते हुए रविवार को कहा कि अमेरिकी हमलों के दीर्घकालिक परिणाम होंगे। अरागची ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहे परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर संयुक्त राष्ट्र घोषाणा पत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून व परमाणु अप्रसार संधि का गंभीर उल्लंघन किया है।

उन्होंने कहा, रविवार सुबह की घटनाएं अपमानजनक हैं और इनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य को इस अत्यंत खतरनाक, अराजक और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम की खबर के अनुसार, विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश अपनी संप्रभुता, हित और लोगों की रक्षा के लिए सभी विकल्प सुरक्षित रखे हुए है। अरागची ने कहा कि वह पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जा रहे हैं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि अमेरिकी हमले ने ईरान को आत्मरक्षा में कार्रवाई करने का वैध अधिकार दिया है, जिसमें आक्रामक गठबंधन के आकलन से

